
उपराष्ट्रपति ने कहा कि धर्म, जाति के भेदभाव के बिना सबको गले लगाता है आरएसएस -12


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा - पांच हजार का खादी जरूर खरीदें -12


मोरक्को में हिंसक हुआ सरकार विरोधी प्रदर्शन, दो लोगों की मौत -13


अर्जेंटीना के महान फुटबाल खिलाड़ी मेसी का भारत में फिर से आना सम्मान की बात -14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 05.58


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:33 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 186, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


श्रद्धांजलि


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण के लिए उनके बताए रास्ते पर चलेगी। उन्होंने कहा, गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। इस दौरान देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि दी।

## बापू व शास्त्री के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को सत्य व अहिंसा की शक्ति का एहसास कराया था। बापू व शास्त्री के सपनों को डबल इंजन सरकार आज साकार कर रही है। स्वदेशी की अवधारणा देश को एकता के सूत्र में बांधने का साधन बनी।

बापू के सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी अवधारणा देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी अवधारणा से जुड़ी प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई छू रही है।


गोरखपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उक्त बाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर इन दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कही। योगी ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या बन रही है। प्रधानमंत्री के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है। प्रदेश सरकार ने राज्य के उत्पादों को प्लेटफार्म प्रदान करने तथा उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंर, 2025 तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया था।

### खादी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं : योगी

योगी ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक जनपद में दीपावली के पूर्व उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेले आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में आज से खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का शुभारंभ हो रहा है। योगी ने लोगों से अपील की कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए वह खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में में अपने सगे सम्बन्धियों को प्रदान करें।

## ब्रीफ न्यूज

### 103 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 103 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 49 माओवादियों पर कुल 1.63 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। हथियार डालने वाले माओवादियों में 22 महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में शामिल डिविजनल कमेटी सदस्य लच्छु पूनेम ऊर्फ संतोष (36), प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य गुड्डू फरसा उर्फ विजय (30), भीमा सोढी उर्फ कमल सिंह (45), कंपनी नंबर 10 की पार्टी सदस्या हिडमे फरसा उर्फ मीना (26) और कंपनी नंबर एक की पार्टी सदस्या सुखमती ओयाम (27) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### लेह हिंसा: हिरासत में लिए गए 26 लोग रिहा

**लेह।** लेह में हाल ही में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की मांग गुरुवार को तेज हो गई। दो शक्तिशाली बौद्ध धार्मिक संगठनों और कारगिल बार एसोसिएशन ने हिंसा की न्यायिक जांच पर जोर दिया। लेह में बृहस्पतिवार को आम जनजीवन पटरी पर लौटता दिखा, जब अधिकारियों ने एक हफ्ते में पहली बार कर्फ्यू में पूरे दिन के लिए ढील दी और हिरासत में लिये गए 26 लोगों को रिहा कर दिया। लेह में हिंसा में कथित संलिप्तता को लेकर 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था।

# हिंदू समाज की शक्ति और चरित्र एकता की देते हैं गारंटी : भागवत

## संघ प्रमुख बोले- पड़ोसी देशों में जनता के गुस्से के पीछे सरकारों व समाजों के बीच दूरी थी वजह

- नागपुर में आरएसएस की वार्षिक विजयादशमी रैली को किया संबोधित

नागपुर, एजेंसी

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हिंदू समाज की शक्ति और चरित्र एकता की गारंटी देते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदू समाज में हम और वे की अवधारणा कभी अस्तित्व में नहीं रही। उन्होंने स्वदेशी और स्वावलंबन का समर्थन करते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद विभिन्न देशों द्वारा अपनाए गए रुख से भारत के साथ उनकी मित्रता के स्वरूप और प्रगाढ़ता का पता चला।

भागवत ने नागपुर के रेशिमबाग में आरएसएस की वार्षिक विजयादशमी रैली को संबोधित करते हुए श्रीलंका, बांग्लादेश में अशांति और नेपाल में जेन जेड प्रदर्शन पर चिंता जताते हुए कहा कि ये तथाकथित क्रांतियां अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं करतीं। यह रैली ऐसे समय में हुई जब आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष भी मना रहा है।



### टैरिफ पर कहा- निर्भरता मजबूरी नहीं होनी चाहिए

राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका द्वारा अपनाई गई शुल्क (टैरिफ) व्यवस्था का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि इसका असर सभी पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, निर्भरता कोई मजबूरी नहीं होनी चाहिए। दुनिया में एकता तो होनी ही चाहिए, लेकिन स्वदेशी और स्वावलंबन का कोई विकल्प नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक व्यापार और आर्थिक संबंध हमारी इच्छा के अनुसार होने चाहिए, न कि मजबूरी के अनुसार। आरएसएस प्रमुख ने जलवायु परिवर्तन पर भी चिंता जताई और कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों से इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हिमालय हमारी सुरक्षा दीवार है और इसकी रक्षा की जानी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए विकास नीतियों पर पुनर्विचार करना होगा।

### श्रीलंका, बांग्लादेश में अशांति और नेपाल में जेन जी आंदोलन भारत के लिए चिंता का विषय

भागवत ने यह भी कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश में अशांति और नेपाल में हाल ही में हुआ जेन जी आंदोलन चिंता का विषय है क्योंकि ये देश भारत के पड़ोसी हैं। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक तरीकों से बदलाव हो सकता है। तथाकथित क्रांतियां अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर पातीं। ऐसी परिस्थितियों में बाहरी ताकतों को मौका मिल जाता है। हमें लगता है कि वे सिर्फ हमारे पड़ोसी ही नहीं बल्कि हमारे अपने हैं। वहां की स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है। कहा कि आरएसएस को राजनीति में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन स्वयंसेवकों ने नियमित रूप से केवल एक ही काम किया : हर स्थिति में शाखा चलाना।

आरएसएस की स्थापना 1925 में दशहरा के दिन नागपुर में महाराष्ट्र के चिकित्सक केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। भागवत ने कहा, हिंदू समाज एक जिम्मेदार समाज है। यहां हम और वे का विचार कभी नहीं रहा। एक विभाजित समाज टिक नहीं सकता और हर व्यक्ति अपने आप में अनोखा है। आक्रमणकारी आए और गए, लेकिन हमारी जीवन-पद्धति कायम रही। हमारी अंतर्निहित सांस्कृतिक एकता ही हमारी शक्ति है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति और चरित्र राष्ट्रीय एकता की गारंटी है। भागवत ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी जयंती दो अक्टूबर को मनाई जाती है। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता संग्राम में गांधीजी का योगदान अद्वितीय है, जबकि शास्त्री जी का जीवन और समय समर्पण तथा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# बरेली में इंटरनेट सेवाएं दो दिन बंद, मंडल में हाई अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नौ हजार से ज्यादा सुरक्षाबल तैनात, दशहरा उत्सव के मद्देनजर चार जिलों में कड़ी सुरक्षा के रहे बंदोबस्त

**अमृत विचार।** दशहरा उत्सव के मद्देनजर बरेली मंडल के चार जिलों में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। बवाल के बाद बरेली जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्रॉडबैंड और एसएमएस सेवाओं पर लगी पाबंदी अगले 48 घंटे के लिए और बढ़ा दी गई है। जिले में नौ हजार से अधिक सुरक्षाबल को तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवानों को तैनात किया गया है तथा ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है। गत शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कोतवाली क्षेत्र की एक मस्जिद के बाहर दो हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान हुए पथराव और लाठीचार्ज में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गये थे।

यह हिंसा आई लव मुहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को रद्द किए जाने के बाद शुरू हुई। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि बरेली में हाल में हुई हिंसा के बाद 2 अक्टूबर को दशहरे के त्योहार के मद्देनजर बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं जिलों के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि गृह विभाग के गोपनीय अनुभाग-3 द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्रॉडबैंड और एसएमएस सेवाएं अगले 48 घंटे के लिए निलंबित कर दी गई हैं। कहा कि यह आदेश दो अक्टूबर अपराह्न तीन बजे से चार अक्टूबर अपराह्न तीन बजे तक प्रभावी रहेगा। गृह विभाग के सचिव गौरव दयाल ने आदेश में कहा कि हालात को देखते हुए सोशल मीडिया मंचों जैसे फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और मैसेजिंग सिस्टम के दुरुपयोग से अफवाहें फैलने और सांप्रदायिक तनाव भड़कने की आशंका है, ऐसे में जिले में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना जरूरी है।

### शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश

मंडलायुक्त चौधरी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों-- रामलीला, दुर्गा पूजा मेलों और रावण दहन कार्यक्रमों के दौरान सतर्क रहने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। विजयादशमी और उससे जुड़े त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन कड़ी निगरानी रख रहा है। चौधरी ने अधिकारियों को शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए और कर्तव्य में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# जेईई, नीट परीक्षाओं में कोचिंग पर निर्भरता कम करने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कठिनाई स्तर की समीक्षा के लिए आंकड़ों का विश्लेषण कर रहा केंद्र

केंद्र सरकार जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं के कठिनाई स्तर की समीक्षा करने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के कठिनाई स्तर के अनुरूप हो और छात्रों को इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों पर निर्भर न रहना पड़े। कोचिंग से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए गठित एक विशेषज्ञ समिति से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर यह समीक्षा की जाएगी।

अधिकारिक सूत्र ने कहा, समिति यह अध्ययन करने के लिए आंकड़ों का विश्लेषण कर रही है कि क्या परीक्षाओं का कठिनाई स्तर 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के कठिनाई स्तर के अनुरूप है। बारहवीं कक्षा का पाठ्यक्रम इन परीक्षाओं का आधार है। कुछ अभिभावकों और कोचिंग संस्थानों के संकाय सदस्यों का मानना है कि दोनों के बीच तालमेल नहीं है जिससे कोचिंग पर निर्भरता अंततः बढ़ जाती है। सूत्र ने कहा, समिति की प्रतिक्रिया के आधार पर इन प्रवेश परीक्षाओं के कठिनाई स्तर की समीक्षा करने पर विचार किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने जून में कोचिंग संस्थानों, डमी स्कूल और प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता एवं निष्पक्षता से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए नौ सदस्यीय समित का गठन किया था। उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग संस्थानों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगी।

### समिति में सीबीएसई के अध्यक्ष भी शामिल

समिति के अन्य सदस्यों में सीबीएसई के अध्यक्ष, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभागों के संयुक्त सचिव शामिल हैं। इसके अलावा आईआईटी मद्रास, एनआईटी त्रिची, आईआईटी कानपुर और एनसीईआरटी के प्रतिनिधि तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी समिति का हिस्सा होंगे। देश में कोचिंग सेंटर कई विवादों के केंद्र में रहे हैं और यह कदम छात्रों के आत्महत्या करने के मामलों एवं संस्थानो में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि तथा उनमें सुविधाओं की कमी के साथ-साथ उनके द्वारा अपनाई गई शिक्षण पद्धतियों के बारे में सरकार को प्राप्त शिकायतों के बाद उठाया गया है।

## बीएसबीडी खातों में फ्री मिलेंगे एटीएम-डेबिट कार्ड

- आरबीआई ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए आरबीआई नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी निःशुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा, हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी निःशुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान 12 डूबे, दो के शव मिले

**आगरा।** आगरा में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो अलग अलग हादसों में 12 लोग डूब गए जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा थाना खैरागढ़ इलाके में उटंगन नदी में हुआ है जिसमें मूर्ति विसर्जन के दौरान नौ लोग डूब गए। डूबे हुए लोगों में से ओमपाल व गगन की मौत हो गई। दूसरा हादसा थाना ताजगंज इलाके के यमुना नदी में हुआ है यहां भी मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोग डूबे थे जिसमें से एक को बचा लिया है जबकि ऋषभ व प्रांशु की तलाश जारी है।

## पद्म विभूषण से सम्मानित शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल का निधन



- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने मिश्र के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली/मिर्जापुर।** हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। परिवार के सूत्रों ने बताया कि मिश्र का सुबह चार बजे देहांत हो गया।

वह पिछले काफी दिनों से बीमार थे और मिर्जापुर में अपनी सबसे छोटी बेटी के परिवार के साथ रहते थे। छन्नूलाल की बेटी नम्रता मिश्र ने बताया, उम्र संबंधी समस्याओं के कारण वह पिछले 17 से 18 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। मिश्र का अंतिम संस्कार शाम पांच बजे वाराणसी में किया जाएगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

चेतावनी | गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट सैन्य अड्डे पर रक्षा मंत्री ने शस्त्र पूजा कर सैनिकों के साथ मनाया दशहरा

# सर क्रीक में दुस्साहस हुआ तो पाकिस्तान का इतिहास और भूगोल बदल देंगे

नई दिल्ली/भुज, एजेंसी

पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुरुवार को कहा कि सर क्रीक सेक्टर में इस्लामाबाद के किसी भी दुस्साहस का निर्णायक जवाब दिया जाएगा, जो इतिहास और भूगोल दोनों को बदल देगा। गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट एक सैन्य अड्डे पर सिंह की यह टिप्पणी पड़ोसी देश द्वारा विवादित क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढांचे के विस्तार की पृष्ठभूमि में आई है।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों के साथ दशहरा मनाया और इस अवसर पर 'शस्त्र पूजा' की। सिंह ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है और तनाव बढ़ाकर पाकिस्तान के साथ युद्ध शुरू करना उसका उद्देश्य नहीं था। कहा कि इस अभियान ने पाकिस्तान की हवाई रक्षा को बेनकाब कर दिया तथा भारत की निर्णायक क्षमता को साबित कर दिया। हालांकि, विवादित सर क्रीक क्षेत्र पर उनकी टिप्पणियों ने काफी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, यदि पाकिस्तान सर क्रीक सेक्टर में कोई दुस्साहस करता है, तो जवाब इतना कड़ा होगा कि वह इतिहास और भूगोल दोनों बदल देगा। उन्होंने कहा, 1965 के युद्ध में भारतीय सेना ने लाहौर तक पहुंचने की क्षमता का प्रदर्शन किया था। आज 2025 में पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची जाने का एक रास्ता इसी क्रीक से होकर गुजरता है। सर क्रीक गुजरात के कच्छ के रण और पाकिस्तान के बीच 96 किमी लंबा ज्वारीय मुहाना है। दोनों पक्षों द्वारा समुद्री सीमा रेखाओं की अलग-अलग व्याख्याओं के कारण इसे एक विवादित क्षेत्र माना जाता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी पाकिस्तान सर क्रीक सेक्टर पर विवाद पैदा करता रहता है, जबकि भारत बातचीत से सुलझाने के लिए बार-बार प्रयास करता रहा है। कहा कि सर क्रीक से सटे इलाकों में उसके सैन्य बुनियादी ढांचे का हालिया विस्तार उसकी नीयत को दर्शाता है। सिंह ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस सेक्टर में टाइडल बर्थिंग सुविधा और एक संयुक्त नियंत्रण केंद्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।


गुजरात के भुज में विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### हथियार सिर्फ औजार नहीं : राजनाथ

रक्षा मंत्री ने थलसेना, वायुसेना और नौसेना को भारत की ताकत के तीन स्तंभ बताया। उन्होंने कहा, जब ये तीनों सेवाएं मिलकर काम करेंगी, तभी हम हर चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना कर पाएंगे। सिंह पिछले कई वर्षों से दशहरा पर शस्त्र पूजा करते आ रहे हैं। उन्होंने पिछली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में भी शस्त्र पूजा की थी। उन्होंने कहा, हमारे लिए हथियार सिर्फ औजार नहीं हैं। हथियार सिर्फ शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं हैं बल्कि, हमारा मानना है कि हथियार धर्म की स्थापना का एक साधन हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्र पूजा महज एक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह भारत के सभ्यतागत दर्शन का प्रतिबिंब है, जहां हथियारों को धर्म का साधन माना जाता है, न कि सिर्फ हिंसा का साधन।

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद मंडल

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला गोधूलि वाली मार्केट में एमएसटी प्रभारी सुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुमिता, किरन एवं सचिन ने महिलाओं को इकट्ठा किया। उसके बाद महिलाओं को बताया गया कि महिलाओं के प्रति अगर कोई व्यक्ति गलत व्यवहार करता है या गलत नियत से बात करता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। जब तक महिलाओं में डर बना रहेगा तब तक अपराधी खुद को मजबूत मानते रहेंगे। छोटी-छोटी बच्चियों को भी इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए और गलत लोगों के खिलाफ तुरंत शिकायत की जाए। हेल्पलाइन नंबरों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### दो शातिर तमंचे के साथ पकड़े, जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** बुधवार की शाम को करीब 7 :30 बजे कस्बा इंचार्ज विनीत कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी नया मुरादाबाद के पास लोहिया फॉर्म से आगे कच्चे रास्ते पर दो लोग जाते दिखाई दिए। रोकने की कोशिश पर भागने लगे तो पुलिस ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास एक-एक तमंचा व कारतूस मिला। नाम ओवेंद्र पुत्र वेद प्रकाश, दुष्यंत पुत्र महेश निवासी ड्योढ़ी बाजिदपुर थाना डिडौली अमरोहा बताया। पुलिस ने दोनों को थाने लाकर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया है। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि दोनों के खिलाफ पहले भी पुराने मुकदमें अमरोहा, मझोला और संभल में दर्ज हैं।

### हमला कर घायल करने में चार पर एफआइआर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के, ग्राम नरायनपुर छंगा निवासी प्रकाश वीर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा कि 20 जून को उसका पुत्र विशाल काम से जा रहा था। तभी रास्ते में उदित पुत्र गन्नू सिंह, नन्हे सिंह पुत्र ठकरी सिंह, दीपेश पुत्र लाल सिंह और दीपक पुत्र मुन्ना सिंह निवासी ग्राम नरायनपुर छंगा, ने उसे रोक लिया। चारों ने विशाल की रॉड से पिटाई कर दी। हमले में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर लोग पहुंचे और उसे बचाया। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट गया जहां से मिले आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### कांठ रोड पर बने स्मारक का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किया लोकार्पण

# गांधी जयंती पर महानगर को मिली दांडी स्मारक की सौगात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दांडी स्मारक का प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किया उद्घाटन। ● अमृत विचार

- कहा मुरादाबाद के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि, दिलाएगा स्वतंत्रता संग्राम की याद

**अमृत विचार :** गांधी जयंती पर गुरुवार को नगर निगम की ओर से महानगर को दांडी स्मारक की बड़ी सौगात मिली। कांठ रोड पर कास्मास हास्पिटल के पास बने दांडी स्मारक का अनावरण मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि यह मुरादाबाद के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह स्वतंत्रता संग्राम की याद लोगों को दिलाएगा।

दांडी स्मारक का अनावरण महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती पर गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कर जनता को समर्पित किया। कहा कि दांडी स्मारक के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान की घटनाओं की जानकारी मिलेगी। लोग देश की आजादी के इतिहास से परिचित होंगे। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। स्वच्छता और अनुशासन के माध्यम से हम अपने शहर, समाज और राष्ट्र को सशक्त, सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्मारक के बारे में बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार 'स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है' को बढ़ाते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान-के अंतर्गत मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के निर्देश पर एक बड़े ब्लैक स्पॉट (अवैध कूड़ा फेंकने के स्थल) को परिवर्तित करते हुए उसे सीटीयू (क्लीवलीनेस टार्गेट यूनिट) के रूप में चिह्नित कर सौंदर्यकरण किया गया है। इस स्थल को प्रेरणा स्वरूप देश की राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के निकट बने दांडी स्मारक से प्रेरित होकर एक स्वच्छता संदेश स्थल दांडी स्मारक के रुप में विकसित किया गया। यह दांडी स्मारक इस मिशन की जीवंत अभिव्यक्ति है। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल के अलावा नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला व अन्य जन प्रतिनिधि और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# 1912 में होगा अपग्रेड, डिजिटल सेवाएं अस्थायी रूप से रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- 4 अक्टूबर की रात 2 से 4 बजे तक बाधित रहेंगी वेबसाइट, ऐप, व्हाट्सएप और एसएमएस सेवाएं

**अमृत विचार :** उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवा देने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड अपनी 1912 शिकायत प्रणाली को नए संस्करण में अपग्रेड कर रहा है। इस तकनीकी कार्य के चलते 4 अक्टूबर शनिवार की रात को दो घंटे के लिए डिजिटल शिकायत सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

गुरुवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंधक निदेशक ईशा दुहान ने निर्देश जारी किया है कि शनिवार की रात 2 बजे से सुबह 4 बजे तक उपभोक्ता निम्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज नहीं कर सकेंगे। यूपीपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप, व्हाट्सएप चैटबॉट, एसएमएस सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि इस दौरान 1912 कॉल सेंटर सेवा चालू रहेगी और उपभोक्ता कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। यूपीपीसीएल ने उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील करते हुए ग्राहक सेवा प्रणाली को अधिक आधुनिक और सुगम बनाने के लिए आवश्यकता जाहिर की है।

# साइबर गैंग की दो नेपाली महिलाएं और एक नाइजीरियन गिरफ्तार

### शादी डॉट कॉम के नाम पर शिक्षिका से 95 लाख ठगे, फर्जी कागजात बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


साइबर थाना पुलिस द्वारा पकड़ी गई नेपाली युवतिया व नाइजीरियन युवक।

**अमृत विचार:** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो नेपाली महिलाओं और एक नाइजीरियन युवक को गिरफ्तार किया है। यह गैंग शादी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को झांसा देता था और कस्टम अधिकारी बनकर मनी लांड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठता था। पुलिस ने गैंग के कब्जे से बड़ी मात्रा में फर्जी कागजात, एटीएम कार्ड, मोबाइल, चैकबुक और नकदी बरामद की है।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार के अनुसार आरोपियों ने एक शिक्षिका को शादी डॉट कॉम पर फंसाकर 95 लाख रुपये की साइबर ठगी की थी। आरोपियों ने खुद को डॉक्टर और कस्टम अधिकारी बताकर महिला को महंगे तोहफों का झांसा दिया और फिर उसे मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूली थी। इस मामले में इससे पहले भी एक महिला आरोपी कंसाम सुनीता निवासी मणिपुर और एक अन्य आरोपी नवी निवासी दिल्ली को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना चिनवेओके एनमनुएल कनु (नाइजीरिया निवासी), तथा उसकी सहयोगी संगीता और ममता दोनों नेपाल मूल की निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी की है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 16 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल फोन, 3 पीओएस मशीन, 17 चैकबुक, 12 आधार कार्ड, 8 पैन कार्ड, 5 सिम कार्ड, 5 मेट्रो कार्ड और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने बताया कि गिरोह अब तक सौ से अधिक बैंक खाते खुलवा चुका है, जिन्हें साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया जाता था। सपा की टाइम ने बताया कि साइबर सेल की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों के खिलाफ देश के 18 राज्यों में अब तक 37 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। इन राज्यों में कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, तेलंगाना, मणिपुर, झारखंड, बंगाल और पंजाब शामिल हैं। नाइजीरियन आरोपी के खिलाफ कर्नाटक में पहले से ही साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

## बादलों की आवाजाही से मिली गर्मी से राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को बादलों की आवाजाही ने महानगरवासियों को गर्मी और उमस से राहत दी। सुबह से ही मौसम सुहावना बना रहा और बीच-बीच में तेज हवाओं ने उमस कम कर दी। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन बादलों के कारण गर्मी ज्यादा असर नहीं दिखा सकी।

ठंडी हवाओं के झोंकों ने लोगों को खूब सुकून दिया। अनुमान है कि अगले 24 घंटे में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बार-बार बारिश होने की उम्मीद है। गर्मी और उमस से राहत मिलने से लोग शाम को पार्कों और सड़कों पर टहलते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर की शुरुआत में इस तरह का मौसम सामान्य है और आने वाले दिनों में इसमें और बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम सुहावना से लोगों में बार-बार बारिश होने की उम्मीद जगी, हालांकि बारिश नहीं हुई।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रीमा के गले पर मिला चोट का निशान, मायके पक्ष ने बुलाई पुलिस

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के घोंडा की मिलक में निजी फाइनेंस कंपनी के मैनेजर अनिल कुमार की पत्नी रीमा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रीमा के गले पर चोट का निशान मिला है।

जनपद रामपुर जिले के शहजाद मेघा नगला निवासी किसान सूरज सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रीमा राजपूत (22) की शादी डेढ़ साल पहले मूंढापांडे के घोंडा की मिलक निवासी अनिल कुमार के साथ की थी। अनिल अमरोहा के गजरौला में निजी फाइनेंस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही अनिल, उसके, मां और भाई व बहन दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। रीमा ने इसकी शिकायत अपने मां बाप से की। उन्होंने अनिल और उसके परिवार के लोगों को समझाया लेकिन उनके व्यवहार में कोई अंदर नहीं आया। गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई। जब मायके वाले घोंडा की मिलक पहुंचे तो रीमा की लाश चारपाई पर पड़ी थी। उसके गले पर चोट के निशान हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और ससुराल वालों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि रीमा ने अपने कमरे में दरवाजे के पास दीवार में लगे कुंडे से दुपट्टे को फंदा लगाकर लटक कर जान दी है। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने ही लटका कर हत्या की है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विवाहिता की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

# हादसे का खतराः कपूर कंपनी के नए पुल पर लोगों ने खुद शुरू किया आवागमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कपूर कंपनी पुल से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

- रेलवे अधिकारियों ने कहा 10 अक्टूबर से पहले नहीं खुलेगा पुल

**अमृत विचार:** रेलवे द्वारा अभी आधिकारिक रूप से न खोले गए पुल से लोगों ने बुधवार की रात बैरिकेड हटाकर आवाजाही शुरू कर दी। जबकि रेलवे इंजीनियरिंग टीम का कहना है कि आरओएच डिपो की ओर का रैंप अधूरा है और इस स्थिति में हादसे की आशंका बनी हुई है।

बीते बुधवार की रात से लोगों ने खुद ही कपूर कंपनी के नए पुल पर बाइक के दौरान शुरू कर दी। दशहरे से पहले पुल पर इस तरह का आवागमन विभागीय अधिकारियों के लिए चिंता का विषय बन गया। रेल प्रशासन की बैठक में तय किया गया कि पुल तभी खोला जाएगा, जब गर्डर की रंगाई-पुताई, रैंप निर्माण और रेल लाइनों के ऊपर जालियां लगाने का कार्य पूरा हो जाएगा। रेल अधिकारियों ने आशंका जताई कि यदि दशहरे जैसे भीड़भाड़ वाले अवसर पर पुल खोल दिया गया तो किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है। इसलिए पुल को खोलने की तिथि 10 अक्टूबर के बाद ही निर्धारित की जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने कहा कि पुल जनता की सुविधा के लिए ही बनाया गया है, लेकिन अधूरे कार्य के बीच बैरिकेड हटाकर आवागमन करना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने अपील की कि लोग कार्य पूरा होने तक सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पुल से आवाजाही रोकने के लिए अब आरपीएफ की तैनाती की जाएगी। वहीं गुरुवार सुबह से लोग लगातार बाइक और स्कूटी से पुल पर आवागमन कर रहे हैं, जो की हादसे का खतरा बन सकता है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दोस्त के साथ गुरुवार को बाइक से शाहबाद जा रहा था सोलेंद्र


मृतक सोलेंद्र।

**अमृत विचार :** डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव सोनकपुर निवासी सोलेंद्र(22) बाइक से अपने दोस्त अरविंद के साथ किसी काम से गुरुवार को बाइक से शाहबाद जा रहा था। रास्ते में पटवाई के गांव रेटगंज पर डंपर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें सोलेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, उसका दोस्त घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा। सोलेंद्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अरविंद को घायल अवस्था में भर्ती कराया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़

डंपर के टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके पर ही गिर गए थे। उसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके घायलों को अस्पताल भिजवाया गया था। जहां काफी देर अफरा-तफरी माहौल बना रहा था। जानकारी मिलने के बाद परिजन भी आ गए। शव को देखकर रोना पीटना मचा दिया।

# दुष्कर्म का आरोपी तांत्रिक मुठभेड़ में घायल

संवाददाता, स्वार


अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म का आरोपी।

- महिला को नशीली दवा पिलाकर बेहोश कर बना लिया था अश्लील वीडियो
- पैर में लगी गोली, उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचारः** दुष्कर्म के आरोपी तांत्रिक की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसका पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। इसी बीच मिलक खानम निवासी गुलफाम पुत्र अब्दुल सलाम जो खुद को तांत्रिक बताता था उसके संपर्क में आया। आरोप है कि गुलफाम ने महिला को नशीली दवा पिलाकर बेहोश कर दिया था। उसका अश्लील वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने महिला से बड़ी रकम भी हड़प ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना पर आरोपी तांत्रिक गुलफाम फरार हो गया था। बुधवार को पुलिस नरपत नगर क्षेत्र मे गश्त कर रही थी। तभी स्वार गूलड़ पीपल साना मार्ग पर एक बाइक सवार पुलिस को आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिससे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए।आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो बाइक सवार के गोली लग गई ओर वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक के पैर मे गोली लगी है। घायल से जानकारी की तो उसने अपना नाम मिलक खानम निवासी तांत्रिक गुलफाम पुत्र अब्दुल सलाम बताया। पुलिस ने मौके से एक तमंचा भी बरामद किया। पुलिस घायल दुष्कर्म के आरोपी गुलफाम को सीएचसी ले आई जहां उपचार देकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया की महिला से दुष्कर्म के आरोपी तांत्रिक गुलफाम ने पुलिस पर फायरिंग की थी। आत्मरक्षा मे जवाबी फायरिंग मे दुष्कर्म का आरोपी गुलफाम पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार को जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

# त्योहार स्पेशल ट्रेनों को मिला अतिरिक्त ठहराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेल मंडल ने ट्रेनों में जोड़ा नया ठहराव, 3 से 10 अक्टूबर तक लागू होंगे आदेश

**अमृत विचार:** रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मुरादाबाद रेल मंडल में संचालित कई त्योहार विशेष गाड़ियों का ठहराव हापुड़, शाहजहांपुर और हरदोई स्टेशनों पर भी देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक अलग-अलग ट्रेनों पर लागू रहेगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए त्योहार विशेष गाड़ियों के संचालन में अतिरिक्त स्टेशनों पर ठहराव की व्यवस्था की गई है। अब दिल्ली, धनबाद, समस्तीपुर, अमृतसर, छपरा, गोंडा, गोरखपुर, लखनऊ, जयनगर, कटिहार और अन्य गंतव्यों के लिए चलने वाली ट्रेनों का ठहराव हापुड़, शाहजहांपुर और हरदोई पर भी होगा। निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संख्या 04456 (नई दिल्ली-धनबाद) का ठहराव 5 अक्टूबर से, जबकि 04455 (धनबाद-नई दिल्ली) का ठहराव 6 अक्टूबर से लागू होगा। इसी तरह 04016 (आनंद विहार-समस्तीपुर) और 04015 (समस्तीपुर-आनंद विहार) में क्रमशः 5 और 6 अक्टूबर से ठहराव मिलेगा। इसके अलावा अमृतसर-छपरा, लखनऊ-नई दिल्ली, जयनगर-आनंद विहार, समस्तीपुर-आनंद विहार, मऊ-अंबाला, जोधपुर-गोरखपुर समेत अन्य गाड़ियों को भी क्रमवार अतिरिक्त स्टेशनों पर रोका जाएगा। रेल प्रशासन का कहना है कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में ठहराव की सुविधा मिलने से न केवल आमजन को सहूलियत होगी, बल्कि भीड़ का दबाव भी कम होगा।

### जागृति मंच ने विजय तीर्थ पर पूजन कर मांगा विजय का आशीर्वाद

**संभल, अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच द्वारा चंदौसी रोड स्थित ऐतिहासिक विजय तीर्थ पर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन के बाद सदस्यों ने रोली, अक्षत और मिष्ठान के साथ मंत्रोच्चारण कर पूजन किया। मुख्य यजमान सीमा आर्य ने विधिवत पूजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों में विजय तीर्थ का विशेष महत्व है। मान्यता है कि यहां पूजन व दर्शन करने से शत्रु का नाश होता है और विजय प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि रावण वध के उपरांत ब्राह्मण हत्या जैसे पाप से मुक्ति पाने के लिए श्रीराम ने श्रीलंका स्थित विजय तीर्थ में स्नान किया था। श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने कहा कि श्रीलंका के विजय तीर्थ के जल, मिट्टी और वनस्पति से ही संभल स्थित विजय तीर्थ का निर्माण हुआ है। यहां के पूजन का वही फल प्राप्त होता है, जो श्रीलंका के विजय तीर्थ से होता है। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, सुमन वर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, वैभव गुप्ता, उज्ज्वल सक्सेना, शंकर समेत कई मौजूद रहे।

# जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभाएं, यही सच्ची श्रद्धांजलि


माल्यार्पण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।


माल्यार्पण करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कलेक्ट्रेट में डीएम व आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त ने बापू व शास्त्री की जयंती पर किया नमन

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह व अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

विचार गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि देश की उन्नति के लिए अपना हर संभव योगदान दें। उन्होंने कहा कि व्यवहार में शालीनता और वाणी में धैर्य रखने वाले लोगों को ही याद रखा जाता है इसलिए आमजन के साथ सभी का व्यवहार अच्छा रहे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस रूप में भी जिम्मेदारी मिली है उसे बेहतर तरीके से निभाएं, यही देश के महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि संयोग से विजयदशमी और 2 अक्टूबर दोनों पर्व एक साथ आए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व ने सभी को महान संदेश दिया है। देश को संकट के समय में नई दिशा दी है। दोनों ही महान व्यक्तित्व हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के संदेशों को अपने जीवन में उतारते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करें।

### डीआईओएस कार्यालय में मनाई गई गांधी और शास्त्री की जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर डीआईओएस कार्यालय में श्रद्धांजलि व जागरूकता कार्यक्रम हुए। रघुपति राघव राजा रात पतित पावन सीताराम के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अधिकारियों ने देश के लिए महापुरुषों के द्वारा किए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय के हॉल में सभी डीआईओएस टू और सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा के साथ सभी कर्मचारियों ने रखे महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने पुष्पमाला और पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वहां सभी ने पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने महात्मा गांधी के आहिंसा के रास्ते पर चल कर देश आजाद करने निभाई अहम भूमिका के कई उदाहरण दिए।

# विजयादशमी पर किया सामूहिक शस्त्र पूजन

## महानगर में हुए कार्यक्रम में पदाधिकारी व कार्यकर्ता हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से विजयादशमी पर गुरुवार को सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम संकट मोचन पार्क विजयनगर में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि शस्त्र पूजन हमारा पारंपरिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम है। श्रीराम ने रावण वध से पूर्व विजयाशमी के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन किया था। त्रेता युग से यह परंपरा चली आई है कि इस दिन विजय नक्षत्र पर अपराजिता देवी को साक्षी मानकर शस्त्र पूजन किया जाता है। हिंदू समाज अपने घर में प्रयोग किए जाने वाले प्रत्येक शस्त्र को अपने पूजा स्थल पर ससम्मान रखता है उनकी सफाई करता है उन पर रोली चावल कलावा पुष्प आदि चढ़कर वैदिक मंत्रों से उनका पूजन करता है। कहा कि समाज को अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र पूजन करना चाहिए। कुछ समय पूर्व बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहा था तब अगर उनके पास शस्त्र होते तो वह अपनी रक्षा कर सकते थे ।


शस्त्र पूजन करते राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना व अन्य।


शिवसेना कार्यालय पर शस्त्र पूजन करते जिला प्रमुख गुड्डू सैनी साथ में अन्य।

परिषद के महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस दिन श्री राम ने रावण जैसे असुर का अंत किया था। वर्तमान समय में लोकतंत्र भी एक बहुत बड़ा शस्त्र है जिसका प्रयोग करके हम अधर्मियों का अंत कर सकते हैं। कार्यक्रम में गौरव सैनी विभाग महामंत्री, आनंद कुमार प्रजापति जिला महामंत्री, चरण सिंह जिला उपाध्यक्ष, दीप खुराना महानगर उपाध्यक्ष, महेंद्र सैनी महानगर उपाध्यक्ष, इशांक भारद्वाज महानगर सुरक्षा प्रमुख, अभिषेक श्रीवास्तव महानगर मीडिया प्रभारी, अक्षय शुक्ला महानगर सह अखाड़ा प्रमुख, जतिन प्रजापति, कैलाश प्रजापति, कालवेश राजपूत, दिशांत, ओम प्रकाश, राकेश दर्पण, बबलू, सुमित, ओमप्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिवसेना ने असत्य पर सत्य की जीत का दिया संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विजयादशमी के पावन अवसर पर शिवसेना मुरादाबाद द्वारा जिला कार्यालय में पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवसेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और विधिवत पूजा-अर्चना कर शस्त्र पूजन किया। गुरुवार को शिवसेना के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। कहा कि शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के विचारों पर चलकर संगठन सदैव हिंदुत्व, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करता आया है। बताया कि शिवसेना जनपद में लव जिहाद, धर्मांतरण, जनसंख्या वृद्धि और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाएगी और शीघ्र ही रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश के राज्य प्रमुख ललित मोहन शर्मा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्य प्रचारक बाबा कुशल सिंह, राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, मंडल प्रमुख मुकेश दिवाकर, महानगर प्रमुख मनोज कुमार, युवा सेना जिला प्रमुख राकेश प्रजापति, जिला उपप्रमुख रंजीत कश्यप, जिला महासचिव ओम प्रकाश सैनी, महानगर उप प्रमुख तिलक सैनी, वरिष्ठ पदाधिकारी विनय कश्यप, जीतू ठाकुर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाहिता पर हमला पांच पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और प्रताड़ना की घटना के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भायपुर निवासी शकील अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनकी पुत्री नाजरीन की शादी करीब दो वर्ष पूर्व कमरूददीन पुत्र अकवर अली निवासी तारावाद के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसका नन्दोई नईम अहमद लगातार उसके साथ अश्लील हरकत करता रहा और उसके ऊपर गंदी नजर रखता था। 30.सितंबर .2025 को दोपहर करीब 3 बजे, विवाहिता घर पर थी। तभी उसके पति कमरूददीन, ससुर अकवर अली, सास सावरी, नन्द सना और अन्य ससुराल वाले अचानक आए और नाजरीन को गंदी गालियां देते हुए लात-घूसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट में विवाहिता के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपियों ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शकील अहमद की तहरीर के आधार पर कमरूददीन, अकवर अली, सावरी, नईम अहमद और सना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक 3027 आवेदन आए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **इस बार आर्थिक सहायता बढ़कर हुई एक लाख दो हजार रुपये**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वर्ष जनपद मुरादाबाद में अब तक 3027 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिला समाज कल्याण विभाग के अनुसार इस बार योजना में मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे योजना के प्रति लाभार्थियों की रुचि में बढ़ती दिखाई दे रही है।

गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि पूर्व वर्षों की तुलना में इस बार आवेदन करने वालों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सभी आवेदनों का सत्यापन कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। इस योजना के तहत सरकार की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे जोड़ों की शादी कराई जाती है, जो सामाजिक या पारिवारिक कारणों से विवाह करने में असमर्थ हैं। योजना का उद्देश्य समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस बार योजना में शामिल प्रत्येक जोड़े को कुल एक लाख दो हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उपहार सामग्री, वस्त्र, घरेलू सामान आदि प्रदान किया जाएगा। साथ ही वधू के बैंक खाते में नगद धनराशि भी हस्तांतरित की जाएगी। योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ब्लॉक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसके तहत ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं और नगर निकायों में लोगों को योजना की जानकारी दी जा रही है और आवेदन प्रक्रिया में सहायता भी की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले जोड़े की आयु, आर्थिक स्थिति और विवाह की वैधता जैसे मानकों का पालन अनिवार्य है। आवेदक परिवार की वार्षिक आय सरकारी मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। प्रशासन के अनुसार जैसे ही सत्यापन कार्य पूरा हो जाएगा, उसके बाद पहली सामूहिक विवाह तिथि की घोषणा की जाएगी। विवाह कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में विधिवत रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया मेले का उद्घाटन


मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** दशहरा मेले का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने फीता काटकर आरंभ किया किया। मेले में भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क दिखाई दिया।

नगर पंचायत के रामलीला ग्राउंड बुध बाजार में गुरुवार को दशहरा के पर्व पर रावण के पुतले का श्री राम के वाण द्वारा दहन किया गया। जैसे ही रावण के पुतले में अग्निबाण लगा पूरे मेले में जय श्री राम के जयकारे लगने लगे जिससे राममय माहौल हो गया। मेले में भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक रितेश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विजयभान सिंह, जिला अध्यक्ष आकाश पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब, रामबाबू भटनागर, पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, नरेश सक्सेना, मनीष भटनागर, संजीव हुड्डा, कुलदीप हुड्डा, ऋषिपाल सिंह, सीताराम रूहेला, ओमकार सिंह, शैवी शर्मा, सुनील गुप्ता, मोंटू ठाकुर, अंकुर राघव, कनक पाल सिंह, तोताराम सैनी, विनोद पाल, हिमांशु गुप्ता, बंटी सिंह रोहित सैनी, रंजीत सैनी, दीपू गोस्वामी, मयंक गुप्ता, सुलभ गुप्ता, जयप्रकाश मंत्री आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सत्य और अहिंसा ही गांधी-शास्त्री की असली विरासत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन दर्शन पर विचार साझा किए। समारोह की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने किया।

जिला महासचिव फुरकान ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के सबसे बड़े प्रतीक हैं। उन्होंने सिद्ध किया कि इन मूल्यों के बल पर बड़े से बड़े परिवर्तन संभव हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से देश का नेतृत्व किया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठ की राजनीति कर रही है। यूपी पुलिस कानून, लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रखकर निर्दोषों को गोली मार रही है। लेकिन जनता भाजपा की सच्चाई समझ चुकी है। आने वाले चुनावों में किसान, बेरोजगार और नौजवान इन्हें करारा जवाब देंगे। इस दौरान गांधी-शास्त्री जयंती के साथ दशहरा की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर अंसारी, नाजिम अली, धर्मेंद्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, नौशाद पाशा, अश्कार पाशा, अनिसुद्दीन कातिब, शीरी गुल, बी.के. सैनी, राजेश्वरी यादव, नागभारती, विशेष यादव, अताउर रहमान, तहजीब आलम, प्रदीप यादव, राहुल यादव, मोहम्मद तकी, जयपाल सैनी, सुरेंद्र शर्मा, प्रेम बाबू वाल्मीकि, संजीव चौधरी, गोविंद प्रजापति, लुकमान खान, चौधरी सोमवीर, वीरेंद्र प्रसाद, योगेंद्र यादव, केदार सिंह, मोईनुद्दीन, एम.पी.सिंह, जुनैद अशरफी, इल्यास, हरिओम, शारिक सलमानी, प्रवीण सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश में अहिंसा, सत्य और सादगी के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, महानगर कार्यालय पर गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए।

महानगर अध्यक्ष इक़बाल हुसैन अंसारी ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव गजेन्द्र सिंह यादव व अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इक़बाल हुसैन अंसारी ने की। जिगरी मलिक, लालू परवेज, साजिद नबी, दाउद अंसारी आदि मौजूद रहे।



सपा के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह।

- **समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि**


कांग्रेस कार्यालय पर गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता।

### कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के कैम्प कार्यालय, भूड़े का चौराहा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देशवासियों द्वारा अहिंसा, सत्य और सामाजिक न्याय की विरासत के लिए याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी, जिन्हें दुनिया बापू के नाम से जानती है, आज भी लोगों के जीवन में प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ईमानदारी और सादगी की मिसाल थे। उन्होंने बताया कि इस दिन हम उन महान आत्माओं को याद करते हैं जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देश की स्वतंत्रता और समाज की एकता के लिए दिया। इस मौकेपर नज़कात ठेकेदार, जमीर अहमद, सोनी सैफी, महफूज राजा, फैजान कुरैशी, बब्बन खां व अफसर खान समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।


पंडाल में सेल्फी लेती महिलाएं।


धुनुचि नृत्य करती महिला।


रामगंगा नदी के तट प्रतिमा विसर्जित करते लोग। ● अमृत विचार

# मंदोदरी की विनती ठुकराकर रणभूमि में पहुंचे रावण का अंत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री राम कथा मंचन समिति के तत्वावधान में लाजपत नगर स्थित रामलीला मैदान के मंच पर दिव्य रामलीला का भव्य मंचन हुआ। गुरुवार को स्वामी नंदकिशोर शर्मा के निर्देशन में श्री ब्रजधाम रामकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने आकर्षक दृश्यों, सुमधुर संगीत और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन में वह प्रसंग प्रस्तुत किया गया जब लंकापति रावण अपने दरबार में शेष सेना को संगठित कर युद्ध की तैयारी करता है। इसी समय उसकी पत्नी मंदोदरी पूजा की थाली लेकर आती हैं और रावण का विजय तिलक कर उसे समझाती हैं कि अब भी समय है, माता सीता को वापस कर युद्ध टाल दें। लेकिन, अहंकारी रावण उनकी एक भी बात नहीं सुनता और रणभेरी बजते ही युद्धभूमि की ओर कूच कर जाता है।

युद्ध का दृश्य अत्यंत रोमांचक और भावनात्मक रहा। कभी प्रभु श्रीराम भारी पड़ते दिखे तो कभी रावण। राम अपने बाणों से रावण के सिर काटते जाते परंतु वह पुनः प्रकट हो जाता। इस अद्भुत चमत्कार पर राम भी क्षणभर चिंतित होते हैं, तभी रावण का भाई विभीषण उनके पास आकर रहस्य प्रकट करता है कि उसकी नाभि में अमृत है। श्रीराम अग्निबाण से प्रहार करते हैं और रावण का अंत होता है। रामलीला की विशेषता यह रही कि युद्ध का प्रदर्शन केवल मंच तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि कलाकार युद्ध करते-करते महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के मैदान तक पहुंचे। वहां दर्शकों को युद्ध का भव्य दृश्य देखने का अवसर मिला। रावण वध के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, महापौर विनोद अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद बाबू सक्सेना, मंत्री श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुख्य संयोजक राजीव राघव, कोषाध्यक्ष मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विवेक शर्मा, ठाकुर रामेश्वर सिंह आदि रहे।

### मेघनाद वध के बाद सुलोचना के हुईं सती, नम हो गई दर्शकों की आंखें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में गुरुवार को लीला में दिखाया कि रामदल की ओर से शेषनाग अवतार लक्ष्मण ने नेतृत्व संभाला जबकि रावण की ओर से उसका वीर पुत्र मेघनाद मोर्चे पर उतरा। लक्ष्मण और मेघनाद के बीच हुए भयंकर युद्ध ने दर्शकों का रोमांच बढ़ा दिया। अंततः लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया। इस समाचार से रावण क्रोधित हो उठा और राम को ललकारा। इसी बीच मेघनाद की पत्नी सुलोचना का करुण दृश्य मंचित हुआ। जब सुलोचना अपने पति का शीश गोद में लेकर विलाप करती हुई अग्नि में सती हुईं तो समूचा वातावरण भावुक हो उठा और दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद रावण ने अहिरावण को युद्धभूमि में भेजा, जो रामदल से पराजित होकर वीरगति को प्राप्त हुआ। भव्य मंचन और कलाकारों के जीवंत अभिनय ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। अध्यक्ष यथार्थ किशोर, संरक्षक छत्रपाल सैनी, महामंत्री आदित्यवीर शास्त्री, प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, राजेश बाल्मीकि, इंद्रजीत शर्मा, नरेंद्र सुमन, रवि सैनी, पुष्पकांत शर्मा, गगन कुमार, पाशु श्रीमाली, अरुण श्रीमाली, लल्ला ठाकुर, सुमित कुमार, विकास कुमार, शिवकुमार, घनश्याम, ओमाशंकर, अतुल कुमार, अमन दिवाकर, संतोष दिवाकर आदि मौजूद रहे।

### त्रिमूर्ति कला केंद्र के कलाकारों ने किया सजीव अभिनय, राममय हुआ वातावरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीरामलीला समिति, सिविल लाइंस के तत्वावधान में साईं मंदिर रोड स्थित युवा केंद्र में आयोजित रामलीला मंचन में त्रिमूर्ति कला केंद्र के कलाकारों ने कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध और रावण वध के प्रसंग का शानदार प्रस्तुतीकरण कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। राम-रावण युद्ध के रोमांचक और मार्मिक दृश्य देखकर दर्शक धर्म और भक्ति रस में सराबोर हो उठे। मंचन की शुरुआत उस प्रसंग से हुई जब हनुमान हिमालय से संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण की मूर्छा हरते हैं। इसके बाद वानर सेना में नया उत्साह दिखाई देता है। इधर, रावण अपने सेनापतियों के मारे जाने से व्याकुल होकर कुंभकर्ण को युद्ध के लिए भेजने का निर्णय लेता है। गहरी निद्रा में लीन कुंभकर्ण को तमाम प्रयत्नों के बाद जगाया जाता है। पुत्र और भाई की मृत्यु की सूचना पाकर रावण क्रोधित हो स्वयं युद्ध क्षेत्र में उतरता है। श्रीराम के 31वें बाण की प्रचंड मार से रावण धराशायी हो गया। उसके गिरते ही चारों ओर जय श्रीराम के उद्घोष गुंजायमान हो उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविंदर प्रधान, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, महामंत्री पीयूष गुप्ता, कोषाध्यक्ष निर्वेश भटनागर आदि रहे।

## ब्यूटी पार्लर संचालिका से युवक ने की बदतमीजी मुकदमा दर्ज

**चौधरपुर, अमृत विचार :** ब्यूटी पार्लर संचालिका ने गांव के युवक पर शराब पीकर उसके और उसकी ननद के साथ बदतमीजी व पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

डिडौली कोतवाली क्षेत्र गांव नन्हेंड़ा राजपूत निवासी प्रियंका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका गांव में ब्यूटी पार्लर है। उसके साथ ननद भी काम करती है। गांव निवासी भीमगरी पुत्र कल्लू पुजारी शराब पीकर आए दिन दुकान पर आकर उनके साथ बदतमीजी करता रहता है जिसकी शिकायत उसने पति सेकी। पति ने आरोपी से ऐसा करने से मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा जब गाली देने से मना किया तो वह मारपीट करने लगा और उसके पति और ससुर को जान से मारने की धमकी दी है और कहा कि तुमसे जो हो कर लेना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर भीमगरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

# गर्भधारण के बाद महिलाएं लापरवाह प्रसव के समय बढ़ रही दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गर्भधारण के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी सेहत को गंभीरता से नहीं लेतीं। पोषण की कमी और समय-समय पर जरूरी जांच न कराने की वजह से प्रसव के दौरान कई तरह की दिक्कतें सामने आ रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, गर्भावस्था में मधुमेह, समय से पहले प्रसव (प्रीमैच्योर डिलीवरी) और बच्चों में जन्म दोष जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

विशेषज्ञ बताते हैं कि कई महिलाएं गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार और नियमित जांच की अनदेखी करती हैं। गांवों में यह स्थिति और ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वहां महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और सुविधाएं समय पर नहीं मिल पातीं। नतीजतन, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जान पर खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए गांव-गांव आशा कार्यकर्त्ताओं को महिलाओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। वे घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, जांच और पोषण के महत्व के बारे में समझा रही हैं। साथ ही जल्द ही जिला महिला अस्पताल में भी गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र शुरू किए जाएंगे, ताकि समय पर उपचार और सही देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

### जन्मजात दोष का खतरा हो जाता है कम

सीएमएस और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मला पाठक बताती हैं कि गर्भवती होने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि स्वस्थ गर्भावस्था हो सके। जो महिला गर्भधारण करना चाहती हैं, उन्हें सबसे पहले महिला रोग विशेषज्ञ से मिलना चाहिए। वह कहती हैं यदि कोई टेस्ट में कमी पाई जाती है तो उसे दूर किया जा सके और गर्भावस्था की राह आसान हो सके।

### फोलिक एसिड की गोली जरूरी

फोलिक एसिड की गोली लेना बेहद जरूरी है। इसे गर्भधारण से तीन महीने पहले लेना शुरू किया जाए तो बच्चे में जन्मजात दोष, स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क दोष का खतरा कम हो जाता है। ओमेगा फैटी एसिड, जिंक सप्लीमेंट लेने से अंडाणु की गुणवत्ता बेहतर होगी। जंक फूड से दूरी बनाए रखें।

### प्रेग्नेंसी प्लानिंग के फायदे

- बहुत हद तक जन्मजात बीमारियों को रोकने में मदद करता है।
- मां का वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहता है।
- मानसिक रूप से मां बनने के लिए तैयार रहना, तनाव कम करता है।
- दवाइयों और मेडिकल कंडीशन को समय पर नियंत्रित किया जा सकता है।

## पति ने पत्नी को तमंचा दिखा जान से मारने की धमकी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर की रहने वाली अमानिया परवीन अपने पति जावेद और ससुरालियों द्वारा लगातार प्रताड़ित होने के बाद अपने मायके आ गईं। 2 अक्टूबर 2025 को जब जावेद घर पहुंचा, उसने अमानिया परवीन के साथ मारपीट की और तमंचा निकालकर उनकी कनपटी पर लगा कर जान से मारने की धमकी दी।

अमानिया की मां ने हस्तक्षेप कर अपनी बेटी को बचाया और शोर मचाया। पड़ोसियों की मदद से 112 डायल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जावेद को पकड़कर थाना ले गई। जिसमें अमानिया के पति और ससुरालियों ने पहले भी उन पर मारपीट और गाली-गलौच की थी। अमानिया के पास एक साल की बेटी और दो महीने का बेटा भी हैं। प्रार्थिनी ने पुलिस से जावेद से तमंचा बरामद कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# धूमधाम से मनाया दशहरा, रामलीलाओं में किया रावण का पुतला दहन

## बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया, राम-रावण का भीषण युद्ध देख दर्शकों में भर गया रोमांच, रावण वध होते ही होने लगी जय-जयकार

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर और क्षेत्र में असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के रामलीला मेला स्थल पर हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। शाम के समय रामलीला मैदान से भगवान श्रीराम की सेना और दूसरी ओर लंका के राजा रावण की सेना ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में निकलकर कमलापुरी रोड स्थित दशहरा मेला स्थल पर पहुंची। वहां परं श्रीराम और रावण के की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया गया , युद्ध में पराजित होता देख रावण युद्ध के मैदान में उतर आये भगवान श्री राम और रावण के बीच जमकर युद्ध हुआ । लेकिन रावण की हार नहीं हुई । बार-बार श्री राम रावण के शीश को अपने तरकश से गिरा देते । लेकिन रावण का कर फिर वही आ जाता । अंत में राजा रावण के भाई विभीषण द्वारा भगवान श्री राम को बताया कि राजा रावण को अमरता का वरदान मिला है । सिर्फ नाभि में राजा रावण की मौत छपी है सिर्फ अग्निबाण से ही मृत्यु निश्चित अन्यथा रावण को कोई नहीं मार सकता । कई घंटे चले युद्ध केदौरान करीब शाम 6 बजे भगवान श्रीराम विभीषण द्वारा बताए गए अग्नि वाण राजा रावण की नाभि में मरते हैं अग्निबाण लगते ही भगवान श्रीराम ने असत्य और अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले पर अग्निबाण चलाया, जो लगते ही रावण का विशालकाय पुतला तेज पटाखों की आवाज के बीच धू-धू कर जल उठा। इस दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालु और दर्शक "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठे। दशहरा पर्व के अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में भी परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने परिवार सहित विधिविधान से दशहरा पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों के कानों पर 'नौरते' रखे और भाइयों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बहनों को उपहार भेंट कर उन्हें दशहरे की शुभकामनाएं दीं। पर्व के अवसर पर नगर में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रशासन और पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहे। मेला स्थल पर बच्चों, युवाओं ने जम कर मेले का लुफ्त उठाया । इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अवनीश शर्मा, कुशल अग्रवाल, दिनेश पुठिया, विशाल पुठिया, पंकज गुप्ता, अनुज शर्मा, रितेश शर्मा , अनुज सक्सेना, संजीव सिंघल आदि मौजूद रहे ।


रामलीला मैदान में भगवान श्री राम व रावण के बीच युद्ध का दृश्य। ● अमृत विचार


धू-धू कर जलता पुतला।

### दशहरा मेला देखने उमड़े लोग, होती रही श्री राम की जय जयकार

**कांठ, अमृत विचार :** विजयदशमी के अवसर पर नगर में गत वर्षों की भांति दशहरे मेले का आयोजन किया गया। मेले में राम रूपी कलाकार ने अहंकार रूपी रावण के पुतले को जलाया। दशहरा मेला स्थल कांठ में सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों से लोग एकत्रित होने शुरू हो गये थे। सर्वप्रथम रामलीला रंगमंच कांठ से भगवान श्री राम की शोभा यात्रा शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए मेला स्थल पहुंची जिसके पश्चात राम रावण के भीषण युद्ध का मंचन किया गया। रावण वध होते ही चारों ओर राम नाम की जय जयकार होने लगी। तत्पश्चात रावण के विशाल पुतले को जलाया गया। रावण का दहन होते ही युवाओं में शेष बची लकड़ियों को अपने घर ले जाने के लिए खींचातानी शुरू हो गई। मान्यता है कि जो भी रावण जलने के बाद बची शेष लकड़ियों को अपने घर पर रखता है उसके घर पर किसी भी चीज का नकारात्मक प्रभाव नहीं होता तथा बुरी आत्माएं दूर रहती हैं। क्षेत्रीय जनता ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले स्थल पर गुरु जंभेश्वर आश्रम, व्यापार मंडल, भारतीय जनता पार्टी, आदि राजनीतिक संगठनों ने अपने कैंप लगाए जिन में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई। शिविर में सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर दशहरे की मुबारकबाद दी। मेले में एएसपी/ पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिनव द्विवेदी, एसडीएम संत दास पवार, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह,चौकी इंचार्ज सुमित यादव, उप निरीक्षक कमलदीप भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर सहयोगी कमेटी के धर्मपाल सिंह चौहान, हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, सचिन कुमार, शिशु चौहान, बीनू चौहान, मास्टर पवन चौहान, राधेश्याम भुइयार, सीटू, निपेन्द्र चौहान, गौरव चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### धू-धू कर जला रावण, अधर्म पर हुई धर्म की विजय

**डिलारी अमृत विचार :** क्षेत्र के कस्बा डिलारी व जटपुरा में रामलीला कमेटी एंव मेला कमेटी के तत्वावधान में मेला स्थल पर धु-धुकर रावण का पुतला जला। अन्याय पर हुई न्याय की जीत का पर्व विजयदशमी को उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने बुराई के प्रतीक रावण के पुतले दहन के साथ सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लिया। धार्मिक परम्पराओं के बीच मेला मैदान में पुतला दहन किए गए। सत्य के प्रतीक भगवान राम ने अहंकारी रावण के पुतले पर अग्नि बाण चलाया वैसे ही रावण के पुतले आतिशबाजी के धूमधड़ाके के साथ धू-धू करके जल उठे। अहंकार और अधर्म के प्रतीक रावण का पुतले का जब दहन किया गया तो दशहरा मैदान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। डिलारी के दशहरे मेले में नौटंकी मे ठुमकों का लोगों ने लुत्फ़ उठाया। वहीं मेले में इस बार मिट्टी से बने घड़े, कुल्हड़, दिये वर्तनो की लोगों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने मेले में लगे झूलों से मौज मस्ती की। सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही। दशहरा मेला देखने हजारों की तादाद में लोग बाजार की दुकानों की छतों पर मौजूद।


धू-धू कर जला रावण। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों का सम्मान

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को ब्लॉक भगतपुर टांडा सभागार में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के समापन पर उत्कृष्ट योगदान करने वाले सफाई कर्मचारियों, पंचायत सहायकों, गांव पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को ब्लॉक प्रमुख संतोष कुमार सिंह,खंड विकास अधिकारी अमर सिंह,सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### गीता बनीं एक दिन की बीडीओ,सुनी समस्याएं

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांधी जयंती के अवसर पर ब्लाक भगतपुर टांडा में नारी शक्ति, नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहायक पदियानंगला गीता को एक दिवसीय खंड विकास अधिकारी नामित किया। इस दौरान गीता ने क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं प्रधानों से उनके क्षेत्र से संबंधित समस्याएं सुनीं। इस दौरान ब्लाक प्रमुख संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अमर सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार, देवेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, शकील अहमद, अवधेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहसपुर में आज होगा रावण दहन , मेले की तैयारी पूरी

**बिलारी, अमृत विचार :** रुस्तम नगर सहसपुर स्थित राजमहल में रामलीला का मंचन जारी है। यहां राज परिवार द्वारा हर वर्ष दशहरे मेले का भी आयोजन कराया जाता है। सहसपुर में शुक्रवार को मेला स्थल पर रावण दहन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है । मेले में भी दुकानें सज गई हैं।

### मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो की वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक फोटो बनाकर इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाने पर पुलिस ने आरोपी युवक रेहान पुत्र नासिर एवं फैजान पुत्र डंपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक ने बताया कि सतारन गांव के पूर्व प्रधान कृष्णपाल ने तहरीर दी।

# भाजपाइयों ने गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण


गांधी जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

संवाददाता बिलारी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती के अवसर पर गांधी पार्क में साफ-सफाई की और गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर जोर दिया। कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ विकसित उत्तर प्रदेश की ओर कदम बढ़ाना होगा। मनोज ठाकुर, मनोज प्रजापति, प्रशांत चौधरी, गिरीश बाबू सभासद निहाल सिंह लाठर, हेमंत शर्मा, नवनीत ,राजीव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी और शास्त्री को जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर से लेकर देहात क्षेत्र में महात्मा गांधी बिलाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।

गुरुवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रामपुर घोघर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्या ने रिचा पाठक ने छात्र-छात्राओं को सत्य अहिंसा एवं स्वच्छता के बारे में भी जानकारियां दी गई । विशाल चौहान,शिल्पा शर्मा व समस्त स्टाफ ने भाग लिया

गांधी स्मारक महाविद्यालय राजकीय महाविद्यालय , राजकीय कन्या इंटर कॉलेज , धर्मवीर सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, आदि विद्यालयों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


पुष्प अर्पित करतीं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**कांठ/छजलैटः** तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। राजकीय महाविद्यालय, मथाना, में कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नजाकत हुसैन ने किया।

महिला हेल्प डेस्क प्रभारी डॉ. नौमी प्रिया के द्वारा सरकार द्वारा किए जा रहे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के बारे में अवगत कराया गया। डॉ. संदीप कुमार गुप्ता, डॉ. मुदित सिंघल अन्य कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा प्रधानाचार्य मदन सिंह अतवीर सिंह त्यागी, विपुल कुमार त्यागी, पीतांबर सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी, विवेक कुमार राठी आदि मौजूद रहे।


महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

**कांठ/छजलैट।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छजलैट द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। नागर कांठ एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छजलैट द्वारा जिला सचिव शरीफ आजाद के आवास पर कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के कार्यों को याद किया। डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी,नगर अध्यक्ष विनीत चौहान, मा. परम सिंह सैनी, मेहर सिंह सैनी, विजय भटनागर, वरिष्ठ नेता शरीफ अहमद आजाद, दिनेश दीवान, मौलाना रईसुद्दीन, मुनव्वर खान, टीटू सैनी, मोहम्मद इमरान, फईम आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के ग्राम महमदपुर माफी में महिला सुरक्षा टीम थाना कांठ द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज – 5.0 के अंतर्गतग्राम महमूदपुर माफी में महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना,वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090,घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए।

वहीं थाना छजलैट पुलिस द्वारा भी ग्राम भीकनपुर में आयोजित कलश यात्रा में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।


महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनाया विजयदशमी का पर्व

**बिलारी, अमृत विचारः** नगर व देहात क्षेत्र में विजयदशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने जंगल में नीलकंठ के दर्शन किए। घरों में रावण के दस सिर बनाकर राम की पूजा अर्चना की गई पूजा स्थल की दस परिक्रमा की गईं।

नवरात्र में उगाए गए जौ का भी प्रयोग पूजा अर्चना के दौरान किया गया। सुंदर महल स्योंडारा में गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष कुंवर कपिल राज यादव ने बही खातों और अस्त्र शस्त्रों का पूजन किया। पूजा अर्चना सुंदर महल के पुरोहित पंडित गोपाल व्यास ने कराई। अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा ने भी दशहरा पूजन किया। शंकर भवन में पूर्व पालिका अध्यक्ष साहू सुनील सहाय ने दशहरा पूजन किया। नगर के मध्य स्थित प्राचीन झंडा भी क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत नवीनीकरण किया।

# डंपर की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचारः** नेशनल हाईवे दलपतपुर रजेड़ा नदी पुल पर तेज़ रफ़्तार डंपर ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। महिला की मौत हो गई।

पुष्पेंद्र पुत्र खेंद्र सिंह निवासी मिलक शाहपुर थाना गढ़ी जिला संभल अपनी पत्नी आरती को स्पलेंडर बाइक नोएडा से अपनी ससुराल लाडपुर का मजरा थाना मिलक रामपुर जा रहा था। रजेड़ा नदी पुल पर पहुंचे ही थे कि पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, बाइक पर पीछे बैठी आरती 27 वर्ष रोड पर गिर गई, जिसके ऊपर ट्रक का पहिया उतर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक और डंपर को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया, आरती की सड़क हादसे में मौत के बाद पति पुष्पेंद्र बेसुध हो गया जिसे पुलिस ने संभाला, मूंढापांडे थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत हुई है।

### खड़े ट्रक से टकराया तेज रफ्तार डंपर

**कुंदरकी अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार को मुरादाबाद संभल रोड पर एक तेज रफ्तार डम्पर के चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की दोपहर ग्राम ललबारे के अड्डे के पास संभल रोड पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, बताया गया है कि संभल से मुरादाबाद की ओर जा रहे एक तेज़ रफ़्तार डम्पर की ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़े हुए ट्रक से भिड़ंत हो गयी, टक्कर इतनी भीषण थी कि डम्पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुए इस हादसे वहां मौजूद लोग सहम गए और चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ,जिसमें डम्पर चालक को मामूली चोटें आईं हैं, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर यातायात सुचारु कराया।

### डंपर की चपेट में आकर वृद्ध घायल

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरसवां दोराहे पर सड़क पार करते समय वृद्ध एजाज मौहम्मद ( 65) पुत्र ऐवज निवासी सिरसवां गोड़ डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक डंपर को मौके पर छोड़कर भाग गया। चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजकर डंपर को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा कर लिया।

## संघ का विजयादशमी उत्सव मनाया गया

**असमोली, अमृत विचारः** असमोली खण्ड के भटपुरा मण्डल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में पथ संचलन करते हुए निकले। पथ संचलन प्राथमिक विद्यालय दवोई कला से प्रारंभ होकर शिव मंदिर चौराहा व ग्राम के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता मान. पुवराज जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पूर्ण किया है। यह शताब्दी वर्ष केवल शाखाओं के विस्तार का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का वर्ष है। खण्ड कार्यवाह अंकुर, मण्डल कार्यवाह सोनू, मान्यवर संघचालक सुभाष, सेवा प्रमुख गौरव, सुमित, भविष्य, राजेंद्र, अमित सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर किया पथ संचलन


ठाकुरद्वारा के शरीफ नगर में आरएसएस के कार्यकर्ता पथ संचालन करते।

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचारः** शरीफनगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुरजननगर खण्ड द्वारा कृषक इंटर कॉलेज शरीफनगर से एक भव्य पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ संचलन मुख्य मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में कंधे पर दंड रख अनुशासन का परिचय देते हुए 'भारत माता की जय' व 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ मार्च किया।

मुख्य वक्ता ओमप्रकाश शास्त्री ने संघ के 100 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता समरपाल सिंह ने की। तहसील प्रचारक शिवांशु , भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, सहित राहुल चौहान, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अवनीश कुमार, तरुण कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार, स्वतंत्र एडवोकेट, अर्जुन सिंह, नीरज गहलौत, सहदेव चौहान, राधेश्याम, सुमित राणा, सूर्यांश प्रताप व अन्य उपस्थित रहे।

### संघ के स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**कुंदरकी अमृत विचार :** ग्राम तखतपुर हासा में संघ के स्थापना दिवस पर पथ संचलन निकाला गया जिसमें विभाग सह धर्म जागरण संयोजक दिनेश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला सहसंपर्क प्रमुख आकाश शर्मा, खंड कार्यवाह रामपाल , खंड सह कार्यवाह अजय , खंड सेवा प्रमुख आकाश , खंड विद्यार्थी प्रमुख श्रीमान रोहित, खंड व्यवस्था प्रमुख पंकज, मंडल कार्यवाहक कुणाल, मंडल सह कार्यवाह अभिषेक आदि मौजूद रहे।


पथ संचलन करते संघ के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

## स्कूल-कॉलेजों में मनाई गांधी और शास्त्री की जयंती

**बिलारी , अमृत विचारः** अमरपुर काशी स्थित ग्रामोदय महाविद्यालय एवं शोध संस्थान अमरपुर काशी में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई ।

इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रपट पर संस्था के संस्थापक मुकुट सिंह ,प्रबंधक बलराम शर्मा ,उपप्रबंधक अशोक गुप्ता, प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ,कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष जादौन एवं रेनू सिंह ने आज संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया तथा ग्रामोदय महाविद्यालय एवं शोध संस्थान ग्रामोदय लॉ कॉलेज कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज तथा कृषि औद्योगिक ग्रामोदय प्राइमरी पाठशाला क स्टाफ ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# मोबाइल शॉप में आग से लाखों का नुकसान

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचारः** छजलैट नूरपुर मार्ग पर स्थित एक मोबाइल शॉप में जबरदस्त आग लग गई। आग से लाखों रुपए के मोबाइल, फर्नीचर आदि लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

क्षेत्र के ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी बाजिद पुत्र जाबिर हुसैन ने दो हफ्ते पहले ही छजलैट में नूरपुर मार्ग पर एक विशाल मोबाइल की दुकान खोली थी। जिसका शुभारंभ भी बड़े जोर-शोर के साथ किया गया था।

गुरुवार की प्रात करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। दुकान में लाखों रुपए का फर्नीचर लगाया गया था। इसके अलावा दुकान में देश-विदेश की कंपनियों के लाखों के मोबाइल रखे हुए थे। दुकान के बराबर में ही एक कमरे में दुकानदार के वालिद जाबिर हुसैन सोए हुए थे। उन्हें आग लगने के बारे में कोई भनक नहीं लगी।

प्रातः काल लगभग 5:00 बजे नमाज़ पढ़ने जा रहे लोगों ने दुकान में धुआं उठता हुआ देखा। नमाजियों ने दुकानदार के पिता को उठाया। दुकानदार के पिता जाबिर हुसैन ने अपने बेटे को भी इसकी सूचनादी लेकिन तब तक लाखों रुपए के मोबाइल, फर्नीचर सीसीडी कैमरे आदि लाखों रुपए का समान जलकर नष्ट हो गया था। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। आग लगने का कारण कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है। दुकानदार का आरोप है कि किसी ने जान पूंछ कर रंजिशन उनकी दुकान में आग लगाई है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया लेकिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। इस संबंध में दुकानदार द्वारा पुलिस को तहरीर भी दी गई है।


दुकान में जला लाखों का सामान। ● अमृत विचार

# आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया ध्वजारोहण, फोर्स ने दी सलामी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र समेत अधिकारियों और नेताओं ने गांधी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री ने ध्वजारोहण किया और पुलिस फोर्स ने तिरंगे को सलामी दी। पीएम श्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने राष्ट्रीय गान और रामधुन गाई।

गांधी जयंती पर गुरुवार को स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरियां निकालीं और सभी स्कूलों की प्रभात फेरियां भारत माता की जय, वंदेमातरम का उदघोष करते हुए गांधी समाधि पहुंचीं। ध्वजारोहण के पश्चात जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रप्रेम, सत्य और अहिंसा पर आधारित शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने सभी को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी अपने राष्ट्रीय पर्वों को हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। कृषि राज्यमंत्री ने ध्वजारोहण के बाद कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सत्य और अहिंसा के आदर्शों पर चलकर भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराया। गांधी जयंती के रूप में उनका जन्म दिन मनाकर देश राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। युवा पीढ़ी बापू के आदर्शों को अपनाए और देश हित में अपना योगदान दे। इसी उद्देश्य से गांधी जयंती का आयोजन किया जाता है। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक सत्य अहिंसा के जनक भारत की राजनीतिश, एकता के सूत्रधार के सपने को साकार करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। कहा कि उनके कार्यकाल में 1965 में भारत पाक युद्ध हुआ। उनकी सादगी ईमानदारी देश भक्ति का प्रतीक है। कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर याद करते हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### जिपं अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

रामपुर, अमृत विचार : जिला पंचायत कार्यालय में गांधी जयंती और लाल बहादुर जयंती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी, जिला पंचायत हर ज्ञान सिंह, कृष्ण अवतार, रहमान, गोकुल कंबोज, महा सिंह राजपूत, सोनू लोधी, बादशाह प्रधान और असगर अली आदि मौजूद रहे।

- राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने गाया राष्ट्रीय गान और रामधुन
- प्रभात फेरियां निकालकर गांधी समाधि पहुंचे स्कूलों के बच्चे जाना देश का स्वर्णिम इतिहास



गांधी समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अधिकारी।



गांधी समाधि पर ध्वजारोहण करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।




गांधी समाधि पर ध्वजारोहण के पश्चात शपथ ग्रहण कराते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट परिसर में छात्राओं ने पेश की रामधुन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में ध्वज फहराया और लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों और अधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। कलेक्ट्रेट परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रामधुन प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों को प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं को और खेल विभाग द्वारा कराई गई विभिन्न प्रतियोगियों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।



जिला पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण करते जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी।

### राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अधीनस्थों को दिलाई शपथ

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। रामधुन का वाचन कराने के बाद शपथ ग्रहण कराई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श एवं सिद्धांतों पर कार्य एवं व्यवहार करना चाहिए। पूर्ण मनोयोग से अधीनस्थों को दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी का संदेश सभी उपस्थित को पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नगर स्वदीप कनौजिया, जिला समन्वयक राहुल सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, अंकित सक्सेना वरिष्ठ सहायक मुनव्वर शाह, पन्नालाल सैनी, नवीन भटनागर, नूरुल अमीन, अनीसा लतीफ, वीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, नदीम मियां, शुभम चौहान, समक्ष सिन्हा एवं अन्य सभी कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां ने किया।



### लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर तोपखाना रोड स्थित किसान कांग्रेस कार्यालय पर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नाजिश खां के नेतृत्व में उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों, शास्त्री के जय जवान-जय किसान के अमर नारे लगाए सामाजिक न्याय और देश की जनता के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार और आदर्श हमेशा हमें न्यायपूर्ण समाज, समानता और सशक्त लोकतंत्र की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस मौके पर नोमान खां, आरिफ अल्वी, मनी कपूर, शाहिद अली, मोहम्मद आजम, शाहवेज खां, रामगोपाल सैनी, नईम खां, दानिश मियां, गौरव कपूर, लव कुमार, अनित कुमार, मोहम्मद फाजिल, अजीममुद्दीन, सुहेल खां, मुस्व्विर खां, बिलाल अंसारी आदि मौजूद रहे।



### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पंचायत अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**मसवासी, अमृत विचार :** गुरुवार को कार्यालय नगर पंचायत मसवासी में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों व अन्य कर्मचारियों का पुष्पों की माला पहनाकर पुष्प वर्षा की। मौजूद लोगों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर सभासद भगवती प्रसाद, देवल बृजनंदन सागर, कुलदीप मौर्य, जमील अहमद, जितेंद्र कुमार चंद्रा, आरती कश्यप, राजकुमारी, कुसुम, पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार लेखाकार अमित चंद्रा आदि उपस्थित रहे।



### गांधी के चित्र पर किया माल्यार्पण



**रामपुर, अमृत विचार :** आकांक्षा ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्रधान अध्यापिका शबनम आरा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शबनम आरा ने बच्चों को आजादी की लड़ाई में दोनों महापुरुषों के योगदान के बारे में बताया। इसके बाद विद्यालय स्टाफ के साथ बच्चों ने बड़े ही मनोयोग से रघुपति राघव राजा राम सबको सन्मति देव भगवान का गीत गया।

### टांडा नगर पालिका में दिलाई स्वच्छता की शपथ

**टांडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह और एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता और सत्य के आदर्शों को आत्मसात करना तथा जनमानस को जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्षा साहिबा सरफराज द्वारा हुई। मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर भी उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित न रहकर व्यवहारिक जीवन का अभिन्न अंग बननी चाहिए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी व सभासदों के साथ वार्ड नंबर 2 का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड की गलियों की सफाई की गई और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अभियान में स्वच्छता प्रेरक हाजी सरफराज आलम, अवर अभियंता अभिनेष तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती आदि शामिल रहे।



### सिपाहियों को किया सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एसपी द्वारा पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द पर दोनों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र की एकता की रक्षा करने एवं मजबूत बनाने की शपथ ली। पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों से रूबरू कराया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### रालोद ने मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल द्वारा जिला कार्यालय पर गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत तथा समाज में एकता के उनके संदेश पर प्रकाश डाला। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशानुसार रालोद एकता अभियान की शुरुआत की जा रही है।



## न्यूज डायरी

### शहर में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** बन्नू बिरादरी की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर किया। यात्रा शास्त्री नगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान कोसी मार्ग पर पहुंची। ढोल-नगाड़ों, बैंड, बाजों और जयघोषों के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु रामभक्ति में डूबे नजर आए। रामलीला मैदान पहुंचते ही रावण दहन का बहुप्रतीक्षित क्षण आया। मंच पर राम-रावण युद्ध का सजीव और रोमांचक मंचन हुआ। भगवान श्रीराम ने जैसे ही अपने धनुष से अग्निबाण चलाया, विशालकाय रावण पुतला धधक उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज गया।

### जनसमर्थन से मजबूत हुआ भाकियू

**टांडा, अमृत विचार :** नगर में कई लोगों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की सदस्यता ग्रहण की। उमर फारूक को युवा नगर कार्यकारिणी में महासचिव पद पर मनोनीत किया गया। गुरुवार को नगर के मोहल्ला राहूपुरा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में कई नए सदस्य शामिल हुए। मोहम्मद फारूक, रईस अहमद, भूरा खान सहित अन्य लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। उमर फारूक को युवा नगर कार्यकारिणी में महासचिव पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष मजहर लाला, इंतजार हुसैन, मुकीम अली, जलीस उर्फ भूरा, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

### एसपी की पत्नी ने बांटे कंबल



**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की पत्नी पूनम मिश्र द्वारा शीत ऋतु को देखते हुए आवास पर कार्यरत ग्रुप-डी पुलिस स्टाफ को कंबल वितरित किए। यह मानवीय पहल न केवल कर्मचारियों को ठंड से बचाव में सहायक होगी बल्कि, उनके प्रति संवेदनशीलता एवं सामाजिक सरोकार की मिसाल भी प्रस्तुत करती है। पूनम मिश्र ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन की शुभकामनाएं दीं। कंबल वितरण से कर्मचारियों में हर्ष एवं उत्साह रहा।

### माता रानी को दी विदाई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अशोक नगर बंगाली कॉलोनी मानपुर ओझा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में बुधवार रात विधि विधान अनुसार विजयदशमी विहित पूजा पुरोहित नरेंद्र नाथ चटर्जी एवं कृष्णा पाठक के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ, पंचांग अनुसार माता रानी की पूजा अर्चना के बाद नम आंखों से विदाई दी। पुनः आह्वान पर हमारे मध्य हमारे दुख कष्टों के निवारण के लिए विराजमान हो, तदुपरांत महिलाओं ने माता रानी को अर्पित सिंदूर एक दूसरे को लगाकर सिंदूर खेला तथा पुरुषों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व गले लगाकर बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने का प्रण लिया। रात्रि में बांग्ला नाट्य कार्यक्रम हुआ। किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजेंद्र सिंह विर्क द्वारा माता रानी के दरबार में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सबको दशहरा विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संतोष सिकदर, सरोवर सरकार, प्रकाश मजूमदार, दीपांकर बैरागी एडवोकेट, अजय मंडल, रविंद्र नाथ, कमलपाल, प्रेमचंद बैरागी, दुलाल मंडल आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष

**मिलक, अमृत विचार :** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में गांधी और शास्त्री की जयंती, विजयदशमी पर्व और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष कपिल देव अग्रवाल ने ध्वज फहराया। उसके बाद मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्प अर्चन किया। विद्यालय के आचार्य मोहर सिंह ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि हम देश की दो महान विभूतियों की जयंती मना रहे हैं। आज विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शास्त्री और गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इस दौरान कालेज अध्यक्ष डा. राजकुमार महेश्वरी, उपाध्यक्ष तुला राम गंगवार, वरिष्ठ सदस्य बाबूराम गंगवार, आनंदपाल सिंह और शुभम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### रजा लाइब्रेरी के 251वें महोत्सव में ऑनलाइन रूबरू होंगी राज्यपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी एवं संग्रहालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि लाइब्रेरी के 251वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले द्वितीय रजा लाइब्रेरी महोत्सव में 3 अक्टूबर को राज्यपाल एवं लाइब्रेरी बोर्ड की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ऑन लाइन रूबरू होंगी। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि वह किन्हीं कारणों से नहीं आ पाएंगी। निदेशक ने महोत्सव में 3 से 7 अक्टूबर तकविविध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

251वें महोत्सव का आरंभ 3 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे एक दिवसीय राष्ट्रीय संवाद संगम से होगा। जिसका विषय वसुधैव गांधी : तुलसी युग में स्वराज उद्घोष है। इस अवसर पर प्रोफेसर हीरामन तिवारी, प्रख्यात इतिहासकार, ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विवि नई दिल्ली मुख्य वक्ता होंगे। स्वागत भाषण डॉ. पुष्कर मिश्र दिया जायेगा।

### थाने का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा थाना सिविल लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में आवासों की स्थिति, सफाई, रख-रखाव को चेक किया। इसके अलावा कार्यालय पर बने अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया।साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

## सत्यनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा और अहिंसा की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्र गान के साथ किया। प्राचार्य ने हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के विचार को हृदयंगम रखते हुए सत्यनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा एवं अहिंसा की शपथ दिलाई।

ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य, अतिथियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलकर भारत विकास एवं प्रगति के सपने को साकार करने में समर्थ होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. मोहम्मद नासिर, डॉ. अमीनुद्दीन अंसारी ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवन में लागू करने का आग्रह किया। डॉ. अरुण कुमार द्वारा गीता-पाठ, डॉ. अमीनुद्दीन अंसारी द्वारा कुरआन- पाठ, डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह द्वारा गुरुवाणी-पाठ, डॉ. साक्षी त्यागी द्वारा बाइबिल-पाठ और डॉ. दीपमाला सिंह द्वारा बौद्ध धर्मग्रन्थ का पाठ प्रस्तुत किया गया। संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नासिर और डॉ. अब्दुल लतीफ ने किया। महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स-रेंजर्स इकाई द्वारा पौधरोपण, श्रमदान तथा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संचालित किया गया



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम में बोलतीं प्राचार्य डॉ. जागृति धींगड़ा मदान।



महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।

### महात्मा गांधी का सादा और सत्यनिष्ठ जीवन प्रेरणा स्त्रोत : डॉ. मिश्र

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी में गांधी जयंती पर लाइब्रेरी निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद निदेशक ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कहा कि गांधी जी का सादा और सत्यनिष्ठ जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस भी है, जिनकी सादगी और ईमानदारी की चर्चा सुदूर देशों तक होती रही है। कहा कि जब यूरोप अपने युद्धों की अग्नि में धधक रहा था जब जर्मनी में हिटलर, इटली में मुसोलिनी, इंग्लैंड में विंस्टन चर्चिल और सोवियत संघ में स्टालिन थे तब उन्हें पृथ्वी को नियंत्रित करने के लिए शस्त्र के अतिरिक्त कोई मार्ग नहीं सूझता था। उसी समय भारत में, जिसे विंस्टन चर्चिल "नंगा फकीर" कहकर उपहास करता था, वही व्यक्ति सत्य और अहिंसा की बात कर रहा था। ऐसा अद्वितीय उदाहरण कहीं नहीं मिलता। गांधी का सपना था कि पूरे विश्व में हिंसा समाप्त हो तथा हमारे बच्चे सुख, शांति और समृद्धि का जीवन जी सकें। इस अवसर पर कर्मचारियों ने श्रमदान किया तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण भी किया।

### कांग्रेसियों ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर बापू को किया नमन



**रामपुर, अमृत विचार :** महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से गांधी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और नमन किया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के सिद्धांतों को याद किया। पूर्व विधायक संजय कपूर ने पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में जो भूमिका निभाई, वह अद्वितीय है। उनका रास्ता - सत्य और अहिंसा का आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले था। आज जब समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति बढ़ रही हैं। हमें गांधी जी के एकता और शांति के संदेश को फिर से आत्मसात करने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि गांधी जी का मानना था कि असली भारत गांवों में बसता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से उनके ग्राम स्वराज और गरीब उत्थान के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। यह हमारा संकल्प है कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाएं। इस मौके पर शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रजा खान, ताहिर अंजुम, शारिब अली, नोमान खां, मुमताज खां, उमेश दुबे, अंकुश अग्रवाल, शाहवेज खां, हनी रजा खां, आरिज खां, जमील मियां, अमीर खां, वारिस मियां, मौअज्जम खां, अकबर खान, शकील मंसूरी, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया। मानसून गुजरने के बाद झमाझम बारिश के चलते कलेक्ट्रेट के सामने राहे रजा पर जलभराव हो गया। जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। कलेक्ट्रेट के सामने राहे रजा पर जल भराव हो जाने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से दोपहिया वाहन चालक छींटो से तर–बतर हो गए। मोहल्ला कटकुइयां, पुराना गंज, मिस्टन गंज, गांधी समाधि, कलेक्ट्रेट रोड, पटलों वाली मस्जिद, चिरान में जलभराव होने से लोगों को परेशानी हुई। चिरान निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि नालों की तली झाड़ सफाई नहीं होने से नाले गंदगी से उबल रहे हैं। कहा कि पालिकाध्यक्ष ने नालों की तली झाड़ सफाई नहीं कराई है जबकि, सभासद उनसे नालों की सफाई कराए जाने की मांग करते रहे। कहा कि इंटरलाकिंग की सड़कें जगह–जगह से बैठ गई हैं जिनके कारण उन गड्ढों में बारिश का पानी भर गया।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकी हजियानी निवासी सोनू गुप्ता (25) हलवाई था। माता पिता दूसरी मंजिल पर रहते थे। वह नीचे रहता था। परिजनों से उसकी बोल चाल नहीं थी। दो दिन बीतने के बाद जब वह काम पर नहीं पहुंचा, तो गुरुवार सुबह कारीगर घर पहुंचा। उसका कमरा अंदर से बंद था। सूचना के बाद पुलिस आ गई। किसी तरह से किवाड़ों को तोड़ा, तो देखा कि वह फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। शहर कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि युवक ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली है।

### महिला की हत्या में पति सहित 4 पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव अल्लेहपुर खुर्द निवासी सुनीता 30 वर्ष की शादी 13 साल पहले सिविल लाइंस के थाना गांव फैजनगर निवासी आदेश के साथ हुई थी। महिला का पति आर्मी में तैनात है। सुनीता के मौसेरे भाई यशपाल ने बताया कि उसका अपने ससुरालियों से विवाद चला आ रहा था। मंगलवार रात को सुनीता से फोन पर बात करने पर सब कुछ ठीक था लेकिन, सुबह को पता चला कि उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि एक महिला की करंट लगने से मौत हुई है। पति सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सरकारी भूमि पर कब्जा करने में किसान पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर में चर्चित झील को पाटने के मामले में पुलिस कर रही जांच
- नगर पालिका पर भू माफिया को बचाने का प्रयास करने का आरोप

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में चर्चित झील को पाटने के मामले में पालिका के द्वारा एक सप्ताह बाद एक किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पालिका पर भू माफिया को बचाने का प्रयास करने के आरोप है।

गाटा संख्या 214 में तालाब व गाटा संख्या 215 में कृषि राज्यमंत्री के टीम प्रोजेक्ट झील का निर्माण कार्य निर्माणाधीन है। इसी के बराबर में गाटा संख्या 213 के इस्माईल, परवेज, समीर, अब्दुल करीम चारों इस भूमि के मालिक हैं। उन्होंने यह भूमि का सौदा भूमि कारोबारी हाजी शकिर के साथ किया था। झील की दीवार तोड़कर 24 सितंबर की रात्रि को मिट्टी से भराव का कार्य शुरू कर दिया था। बाद में ईओ डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने मौके पर पहुंच कर पालिका का बोर्ड लगवाए और भूमि को कब्जा मुक्त कराया। सूचना पर एसडीएम अरुण कुमार, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने भी मौका-मुआयना कर ईओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया, लेकिन इसके बावजूद पालिका द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं कराई गयी। ईओ झील और तालाब पर पटान करने वालों की पहचान करने की बात कह कर पल्ला झाड़ते रहे।

भू-माफिया को बचाने का काम किया। बुधवार को पालिका नींद से जागी और पालिका के मोहर्रिर मोहम्मद आरिफ की ओर से किसान इस्माईल पुत्र नन्हें निवासी गांव खौंदलपुर के खिलाफ तहरीर सौंपी। पालिका के लेखाकार अनिल सक्सेना ने बताया कि इस मामले में इस्माईल के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिक दर्ज करवाई गई है।

### राजस्थानी गुलाबी पत्थरों से हुआ है चौक का निर्माण, विधायक ने किया उद्घाटन

## भारतीय संस्कृति और गौरव का प्रतीक बनेगा श्री राम चौक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ज्वालानगर में लंबे समय से चली आ रही श्री राम चौक की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। विधायक आकाश सक्सेना ने भव्य श्री राम चौक का उद्घाटन किया। कहा कि श्री राम चौक भारतीय संस्कृति और गौरव का प्रतीक बनेगा। यह न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती देगा, बल्कि यह नगर के सौंदर्य और पर्यटन को भी नई दिशा देगा। यह चौक आने वाली पीढ़ियों के लिए रामभक्ति और भारतीय कला का प्रेरणास्रोत बनेगा।

शहर विधायक का औद्योगिक विकास के साथ ही साथ ढांचागत सुविधाओं में इजाफा करने का प्रयास जारी है। इसके साथ ही शहर को भव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए भी काम चल रहा है। जिसके क्रम में ज्वालानगर में भव्य श्री राम चौक बनाया गया है। गुरुवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर श्री राम चौक का उद्घाटन किया। इसके साथ ही रामपुर को प्रदेश का पहला और भव्य श्री राम चौक प्राप्त हुआ है। यह चौक न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्थापत्य कला का भी उत्कृष्ट नमूना बनकर उभरा है। राजस्थानी पत्थरों पर की गई बारीक कारीगरी इसकी भव्यता को चार चांद लगा रही है। विशेष रूप से जयपुर के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया यह चौक दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव करा रहा है। इस अवसर पर शहर विधायक ने कहा कि यह केवल एक चौक नहीं, हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है।

वर्षों से जनता इसकी मांग कर रही थी, और आज यह सपना साकार हुआ है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि श्री राम चौक को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे न केवल शहर की पहचान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।



श्रीराम चौक के उद्घाटन के दौरान मौजूद विधायक एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

### चौक की विशेषता

श्री राम चौक दिव्यता के साथ ही भव्यता का विशेष उदाहरण है। इसका प्रमुख कारण है इसकी बनावट। राजस्थानी गुलाबी पत्थर से निर्मित संपूर्ण ढांचा न सिर्फ इसे आकर्षक स्वरूप प्रदान करता है, बल्कि हस्तशिल्पियों की कारीगरी का भी जीवंत उदाहरण है। चौक के भीतर चारों तरफ से भगवान श्री राम का चित्र नजर आ रहा है। रात में इस चौक की आभा अलग ही नजर आती है।

### सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

श्री राम चौक के चारों तरफ सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आसामाजिक तत्व चौक को नुकसान न पहुंचाएं, इसकी निगरानी के लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा श्री राम चौक के चारों तरफ लोहे के मोटे पाइप का सुरक्षा घेरा बनाया गया है, ताकि चौक को कोई नुकसान न पहुंचे।

### यह रहे मौजूद

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, मंडल अध्यक्ष भव्य उप्पल, राजू सुमन, अन्नू सक्सेना, अशोक विश्नोई, अवधेश शर्मा, कुंवर बहादुर राजपूत, प्रमोद कुमार लोधी, अनुज भारद्वाज, मक्खन सिंह, नवनीत सक्सेना, श्वेता शर्मा, विनोद कश्यप, संजू प्रजापति, दिनेश कश्यप, देवेश गुप्ता,

## रावण वध के बाद धूं-धूंकर जला पुतला

### रंग बिरंगी आतिशबाजी से नहाया पूरा कार्यक्रम स्थल, बच्चों ने मेले में झूलों का आनंद लिया

कार्यालय संवाददाजा, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को उत्सव पैलेस में रावण के पुतले का दहन होते ही पूरा मैदान भगवान जय श्रीराम के श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रंग बिरंगी आतिशबाजी भी की गई। बच्चों ने मेले में झूलों का आनंद लिया।

दशहरा के पावन अवसर पर शहर के उत्सव पैलेस रामलीला मैदान में रावण दहन का आयोजन किया। हजारों की भीड़ इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी। मंच पर राम-रावण युद्ध का रोचक मंचन हुअस। जिसमें श्रीराम और रावण के बीच संवाद और युद्ध ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम-रावण युद्ध का दृश्य इतना जीवंत और प्रभावशाली रहा कि मैदान में मौजूद हर व्यक्ति श्रद्धा और रोमांच से भर गया। जैसे ही श्रीराम ने धनुष से तीर छोड़ा और रावण का वध हुआ, विशालकाय रावण पुतला धधकती लपटों के साथ धराशायी हो गया। उसी क्षण पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और आतिशबाज़ी की चमक ने आसमान को रोशन कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी ने कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह सीख देता है कि सत्य की राह कठिन जरूर हो सकती है, लेकिन जीत हमेशा धर्म और न्याय की ही होती है।

आज शहवासियों का यह उत्साह हमारे समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखता है। कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने कहा कि रावण दहन सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन का पर्व है। हमें अपने जीवन से अहंकार, लोभ और क्रोध जैसी बुराइयों का दहन करना चाहिए। राम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आयोजन में परिवारों, बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, पटाखों और आतिशबाजी के बीच रावण दहन का यह दृश्य लोगों की यादों में हमेशा के लिए बस गया।



श्रीराम और लक्ष्मण की आरती करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

### श्रीराम और रावण की सेना के बीच हुआ युद्ध

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला नगर के रजा टेक्सटाइल मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला में गुरुवार शाम को रावण पुतला दहन के अवसर पर मेला लगा। जिसका मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर व आसमान में गुब्बारे छोड़कर शुरुआत की। रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया। काफी देर तक युद्ध का मंचन चला। अंत में भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। इसके बाद अग्निबाण छोड़कर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सभी ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रामलीला मैदान में बच्चों के लिए लगे झूलों पर बच्चों की भीड़ रही। वही चाट पकौड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। बड़ों ने बच्चों को उनके मनपसंद के खिलौने दिलवाए। इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ. अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नू गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल आदि समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नाभि में तीर लगते ही मूर्छित हो गिर पड़ा रावण

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस के आदर्श रामलीला मैदान में श्री हरि रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मंचन हो रहा है। गुरुवार को श्रीराम और लंकापति रावण के बीच युद्ध हुआ। जिसके बाद काफी देर तक दोनों की सेनाए आमने– सामने रही। बाद में श्रीराम ने लंकापति रावण के नाभि में जैसे ही तीर मारा, तो रावण मूर्छित होकर गिर पड़ा। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना, सूर्य प्रकाश पाल, अमरनाथ खनेजा, राकेश जुनेजा, राधा किशन, जगन्नाथ चावला, राजू अरोरा, संजीव कपूर, प्रेमपाल, नवीन भाटिया, अभिषेक खनेजा, राकेश शर्मा, राजेंद्र कुमार पाल, महेश कुमार जुनेजा, राजू अरोरा आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन



शस्त्र पूजन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाजा, रामपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को विजय दशमी पर्व मनाया गया। क्षत्रिय परंपराओं के अनुरूप शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ श्री रामचंद्र के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विजयादशमी की महत्ता को विस्तार से समझाया। बताया कि किस तरह श्री रामचंद्र ने मां शक्ति की आराधना कर के विजयदशमी के दिन रावण का वध किया था। जिससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि सत्य को कुछ समय के लिए छिपाया जा सकता है भयभीत किया जा सकता है। रावण अनेक कलाओं का ज्ञाता, ज्ञानी, सब देवताओं पर विजय प्राप्त करने वाला, महा पराक्रमी होने के बाद भी अहंकारी हो गया था। अहंकार के कारण वह स्त्री सम्मान करना भूल गया था। श्री राम ने जंगल में रहने वाले लोगों और वानरों की सेना बनाकर रावण जैसे महा पराक्रमी राक्षस और उसके महा पराक्रमी योद्धाओं का सर्वनाश कर दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, संचालन युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, नर्मदेश्वर राव, राजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, जय गोविंद सिंह, पवन चौहान, सचिन राजपूत, वीरेंद्र फौजी, अरविंद फौजी, विजय चौहान, प्रदीप चौहान, यतेंद्र सिंह, अजय तोमर, हरिओम चौहान, सर्वग्य चौहान, उमेश सिंह, नितिन सिंह, अमरपाल सिंह, अमित भदौरिया आदि उपस्थित रहे।




## श्रीराम ने छोड़ा तीर, जल उठा रावण का पुतला

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर में चार अलग-अलग स्थानों पर रावण के पुतले का हुआ दहन

**अमृत विचार :** क्षेत्र में विजयादशमी (दशहरे) का पर्व हर्षोल्लास पूर्ण में मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया।

गुरुवार को विजयादशमी का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास तथा धूमधाम से मनाया गया। नगर के मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के दौरान कलाकारों ने मंचन किया। मंचन के दौरान श्री राम और रावण की सेना के बीच युद्ध हुआ। रावण दहन होने से पहले रामलीला मैदान भीड़ से भर चुका था। शाम 6:30 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण के स्वरूप मैदान पहुंच गए। युद्ध के दौरान विभीषण के कहने पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने रावण की नाभि को निशाना बनाते हुए अग्निबाण छोड़ दिया। कुछ ही देर में अंहकारी रावण धूं-धूंकर जलने लगा। दूर-दूर तक आग की लपटें पहुंचने लगीं। रंगीन आतिशबाजी और पटाखों की तेज आवाज दूर-दूर सुनाई दे रही थी। लोग भगवान राम की जय जयकार कर रहे थे। कुछ देर बाद ही रावण का पुतला धराशायी हो गया। रावण वध के बाद भगवान राम और जानकी जी का मिलन हुआ। दूर-दराज से लोग आकर चाट पकौड़ी का आनंद लिया। कमेटी द्वारा कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल तथा ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कुशल गर्ग, महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, रवि गोयल, धन्नूमल बंसल, सतपाल जिंदल, चेतन पारुथी, अनिल मदान, परमजीत कौर पोला, रीतु कुमारी, विनोद मिश्रा, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कायस्थान में श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वावधान में कलाकारों ने रामलीला मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। अध्यक्ष रामाधार अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा दृष्टि से एसडीएम अरुण कुमार, सीओ रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी ललित कुमार भारी पुलिस बल के साथ स्थिति का जायजा लेते रहे। उधर, रुद्र-बिलास चीनी मिल और ग्रीन पार्क कालोनी में भी रावण के पुतले का दहन किया गया।



रामलीला मंचन के दौरान मौजूद राज्यमंत्री एवं अन्य। ● अमृत विचार

## स्नान करती विवाहिता की क्लिप बना दुष्कर्म

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** मामला नगर के एक मोहल्ले का है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। उसने आरोप लगाया, वह अपने मकान के बाथरूम में स्नान कर रही थी। उस समय घर में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। तभी मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति चुपके से उसके मकान में घुस आया। उसने स्नान करते हुए उसका एक अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो बनाने के बाद वह उसे धमकाने लगा और सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। उसने ब्लैकमेल करके जबरन उसके साथ दुष्कर्म भी किया। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकियां भी दीं।

### छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट भी हुई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मामला रूद्र–बिलास चौकी क्षेत्र के गांव बंगाली कालोनी मानपुर ओझा का है। गांव में नवरात्र महोत्सव के चलते मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में चाट पकौड़ी की दुकानें भी लगी हुई हैं। आरोप है कि बीते बुधवार की रात इसी मेले में छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष लाठी डंडो के साथ आमने सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। दो पक्षों में मारपीट की सूचना पाकर मेला कमेटी के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों का बीच बचाव किया और मामले को रफादफा कराने का प्रयास किया। लेकिन, दोनों पक्ष झगड़े पर उतारू हो गए। उधर, विवाद की सूचना पाकर चौकी प्रभारी अमित कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने डांट डपटकर भीड़ को तितर बितर कर दिया। बाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर सौंप दी और कार्रवाई की मांग की। मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल भी हो गया है। इस पर चौकी प्रभारी का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**मसवासी, अमृत विचार :** तेज हवाओं के बीच झमाझम बारिश हो जाने से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति एचटी लाइन में ब्रेकडाउन के कारण बाधित हो गई है। जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को तेज हवा और बारिश के बीच हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। मसवासी, पट्टीकला, रहमतगंज, मिलक नौखरीद, हसनपुर उत्तरी, मानपुर उत्तरी, धर्मपुर उत्तरी, लोहारा, इनायतगंज, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी, बिजारखाता, मझरा हसन समेत आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति गुरुवार को 11 बजे ही धड़ाम हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई। क्षेत्रवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। शाम लगभग 5 बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। विद्युत अभियंता ने बताया की टांडा से दढ़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन में ब्रेकडाउन हुआ है। जिसे दूर करने के लिए लाईनमैनो की टीम मौके पर भेजी गई है शीघ्र ही बिजली आपूर्ति दुरुस्त कर दी जाएगी।

### चोरी करते दो युवक गिरफ्तार, माल बरामद

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रात के समय ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी हो गई थीं। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने दो आरोपियों को चोरी किए हुए माल के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को चोरी के माल व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम लोधीपुर नायक में 13 सितंबर की रात को दो ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी हो गईं थीं। ट्रैक्टर मालिक मुकीम और उसके चाचा शमशाद ने अपनी बैटरियों की तलाश में लगे रहने के बाद गुरुवार को दो युवकों को पकड़ लिया और कोतवाली लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने अपने सामान के चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो बैटरियां एक बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल बरामद करते हुए राजू निवासी मेवला कला थाना टांडा तथा दानिश निवासी मेवला धारू थाना टांडा को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### पथ संचलन में एकता व आदर्श समाज निर्माण का किया आह्वान



**टांडा, अमृत विचार :** धनुपुरा में संघ ने पथ संचलन निकाला। जिसमें स्वयंसेवकों ने एकता और आदर्श समाज निर्माण का आह्वान किया। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनुपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचालन का आयोजन किया। इस दौरान गांव के मार्गों से निकले पथ संचालन में स्वयंसेवकों ने कदमताल मिलाकर संगठन की एकजुटता और संस्कारयुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया। संघ के पदाधिकारियों ने संगठन की मूल भावना, अनुशासन और समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता लगपत ने की जबकि, मुख्य वक्ता के रूप में रामपाल मौजूद रहे। इस अवसर पर धर्म जागरण प्रमुख सुरेंद्र, सह खंड शारीरिक शिक्षक प्रमुख अमित तथा खंड विद्यार्थी प्रमुख शिव प्रताप समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### छेड़छाड़ में चार पर रिपोर्ट

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने चार व्यक्तियों पर पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। उसने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी परमानंद कश्यप, जिला बरेली स्थित थाना मीरगंज के सिधौली निवासी नीतीश कश्यप, उमेश कश्यप और संजय उसकी पुत्री का स्कूल से आते और जाते समय रास्ते में पीछा करते थे। पिछले महीने 17 अगस्त को उन लोगों ने पुत्री का पीछा किया। घर आकर पुत्री ने उनके द्वारा पीछा करने के बारे में बताया। आरोप लगाया कि पीछा करने वाले आरोपित पुत्री के साथ कोई घटना घटित ना कर दे। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक की डिग्गी से 50 हजार रुपये चोरी

**मिलक, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला असदुल्लापुर निवासी श्री बालाजी दरबार समिति के उपाध्यक्ष संजय कुमार रस्तोगी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह बुधवार की शाम नगर स्थित तीन बत्ती चौराहे पर शराब की दुकान के नजदीक खड़े थे। अज्ञात चोर डिग्गी में रखा बैग चुरा ले गया। जिसमें 50 हजार रुपये एवं समिति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड रखे थे। सीसीटीवी फुटेज में वह व्यक्ति बाइक से बैग निकाल कर जाता हुआ साफ–साफ दिखाई दे रहा है।

### रंजिश में धारदार हथियारों से हमला

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। राजीनामा के लिए लगातार दबाव बना रहे कुछ लोगों ने एक परिवार पर धारदार हथियारों और लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी भाभी के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### दूध के टैंकर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक बुरी तरह घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर गढी निवासी मोमराज पुत्र महेंद्र नगर से मजदूरी का अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह बुधवार की देर शाम अलीगढ़ मार्ग पर शाहपुर कला गांव के निकट पहुंचा तो रहरा की दिशा से आ रहे दूध भरे टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। टैंकर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में समझौता करा दिया गया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव कालका वाली डगरौली निवासी लोकेश पुत्र चंद्रपाल 35 वर्षीय मंगलवार की देर शाम नगर से सामान खरीदकर अपनी बाइक से घर लौट रहे था। अलीगढ़ मार्ग पर कालका वाली डगरौली के निकट ही रहरा की दिशा से आ रही दूसरी बाइक से भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल लोकेश को गाजियाबाद ले गए, जहां गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

### ई-रिक्शा पलटा चालक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव हाकमपुर निवासी सोहन लाल सैनी पुत्र रामस्वरूप सैनी अपनी ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार की देर रात्रि वह बुराबली से अपने घर को आ रहा था, जैसे ही उसकी ई रिक्शा गंगवार के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिससे चालक सोहन लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

### आजादी के महानायक हैं गांधी: कटारिया

**सैदनगली, अमृत विचार :** आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा के पदाधिकारीयों ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत की आत्मा में बसते हैं गांधी जी के बगैर भारत अधूरा है। राजपाल सैनी, हरिओम पुष्कर, अफसर अली, दीपक गौतम, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# भीषण युद्ध के बाद राम ने किया रावण का वध

## धू-धूकर जले रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले, डीएम-एसपी ने किया प्रतिभाग, रही कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



रावण के पुतले पर तीर चलाते राम। साथ में डीएम व एसपी। ● अमृत विचार



धू-धूकर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर में दशहरा धूमधाम से मनाया गया। रामलीला मैदान में बना विशालकाय रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले धू-धू कर जल उठे। लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया। भगवान राम के हाथों रावण का वध होते ही मेला जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। डीएम-एसपी द्वारा पुतलों का दहन किया गया। परंपरानुसार लोग रावण के पुतले की अस्थियों को बला भगाने के लिए घर लेकर वापस लौटे।

श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में परम्परागत तरीके से मनाया गया। गुरूवार को कमेटी द्वारा जगदीश सरन हिन्दू इंटर कॉलेज अमरोहा के बाहर वाले मैदान दशहरा ग्राउंड में बड़े ही हर्षाउल्लास विजयदशमी का पर्व मनाया।

शाम ढलते ही मेले में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन ढलता गया मेले की भीड़ बढ़ती गई। मेले में कलाकारों ने कई पारंपरिक भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

इस दौरान आतिशबाजी का सिलसिला जारी रहा। रावण दहन से पहले मेला समितियों की ओर से मैदान में राम रावण का युद्ध कराया गया। इस दौरान दोनों ओर की सेनाओं में भी खूब युद्ध हुआ। इसी बीच राम ने रावण पर तीर चलाया, जिससे रावण रूपी बुराई का हमेशा के लिए अंत हो गया। कमेटी द्वारा बनाए गए मेघनाथ के 20 फिट ऊंचे पुतले का दहन एसडीएम व सीओ सिटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं 25 फिट ऊंचे कुंभकरण के पुतले का दहन एडीएम व एएसपी द्वारा किया गया। इसके बाद आखिर में रावण के 10 सिर वाले 30 फिट ऊंचे पुतले का दहन भगवान श्री राम सहित डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी कुंवर अनुपम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान आकर्षक व मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। पुतला दहन होते ही लोग दर्शकदीर्घा से मैदान की ओर दौड़ पड़े। जिन्हें रोकने में मौजूद पुलिसकर्मी भी असमर्थ रहे। लोग जले रावण की प्रतीकात्मक अस्थियां अपने-अपने घर ले गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्षा शशि जैन, करुणेश गोयल शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, विमल टंडन, कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, प्रेम नारायण रघुवंशी, डॉ जी.पी.सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रावण का पुतला दहन देखने मेले में उमड़े लोग

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक यह पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में जनपद बुलंदशहर से आए केशव कबाड़ी एंड पार्टी के कलाकारों ने गुरुवार को महा सती सुलोचना, अहिरावण रावण वध एवं रावण वध की लीला का बहुत ही सुंदर तरीके से मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा श्रीराम की वानर सेना द्वारा श्रीलंका पर चढ़ाई करके श्रीराम एवं रावण युद्ध की लीला का भाव विभोर मंचन किया। दशहरे मेले का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया।

मेले का भी आयोजन किया गया मेले में लेडिस सामान, खेल खिलौने एवं चार्ट पकौड़ी के स्टालों पर जमकर खरीदारी की गई। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, संरक्षक राकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, अजय पाल, विक्रम महंत आदि मौजूद रहे। उधर इससे पूर्व एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत तथा प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ दशहरा मेले में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली।



फीता काटते चेयरमैन राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

# गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



झाड़ु लगाते चेयरमैन अनुकृति चौधरी व अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सैदनगली के प्राचीन चामुंडा मंदिर से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तक सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया।

अध्यक्षा डॉ अनुकृति चौधरी व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद अमित प्रजापति, सभासद अमित भाटी, सभासद फजल अब्बास , सभासद नईम अहमद, सभासद फरीद कुरैशी, सभासद राशिद अली, सविंदर सिंह चौधरी, नीटू भाटी,, शेरपाल सिंह गुर्जर, जगपाल सिंह कटारिया, विजय चौधरी, नरेश सैनी, हुकम सिंह त्यागी आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

# रामलीला में युवकों में चले लाठी-डंडे

**गजरौला, अमृत विचार:** शहर के अवंतिका पार्क में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। बुधवार की रात रामलीला मंचन के बाहर दो गुटों के युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों में मारपीट शुरू हो गई। जिससे वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गए।

भीड़ में मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैदकर गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो से पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। वीडियो में युवकों के बीच लाठी-डंडे व बेल्ट चलती दिखाई दे रही है। इसी बीच एक युवक तमंचा लहराता हुआ मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वीडियो प्राप्त हुआ है लेकिन, अभी तक वीडियो के स्थान की पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच कराई जा रही है।

# गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करतीं डीएम ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जन्मजयंती एवं अन्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर डीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में राजकीय महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम ,पतित पावन सीताराम की मनमोहक धुन की प्रस्तुति की गई। जिलाधिकारी ने आंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ0 भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर भी माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान डीएम ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, आचरण और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन दो महान विभूतियों के सिद्धांत आज भी हमें देश को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा हम आज यहां गांधी जी और शास्त्री जी की जीवनी, जीवनशैली और आचरण से प्रेरणा लेने के लिए एकत्र हुए हैं। हमें इतिहास में डुबकी लगाकर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के मोती निकालने हैं और उन्हें अपने जीवन में लागू करना है, ताकि हमारा समाज और देश बेहतर व विकसित हो सके। उन्होंने आचरण और विचार की महत्ता पर बल देते हुए कहा, अगर ये दोनों व्यवस्थित कर लिए जाएं तो हमारा जीवन बेहतर हो जाएगा। उन्होंने कहा आप जिस पद पर या स्थान पर है। हर व्यक्ति अपने स्थान पर कुछ न कुछ दे सकता है न्याय, समानता या अपनी ज्ञान की भागीदारी। उन्होंने विचारों की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि विचार ही हमारे मन को आगे बढ़ाते हैं। कहा कि बिना शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के देश का विकास संभव नहीं है। हमें सबको मिलकर अमरोहा को विकसित करना है, जिससे पूरा भारत विकसित होगा। इसके लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने अहिंसा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमें सबको साथ लेकर आगे बढ़ना है। अपर

**● डीएम ने दोनों महापुरुषों के आचरण और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया**

जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह ने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत न केवल भारत, बल्कि विश्व में प्रासंगिक हैं। उन्होंने अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने कहा, गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाकर जीवन में सुधार का रास्ता दिखाया। कार्यक्रम में गांधी के भजन रघुपति राघव राजाराम को प्रस्तुत करने वाली राजकीय महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं एवं क्रॉस कंट्री दौड़ में विजयी खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने पुरस्कार वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह, उप जिलाधिकारी चंद्रकांता और उप जिलाधिकारी मसीह नज़म ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कलेक्ट्र परिवार के सदस्य और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने जलाई गन्ने की होली

संवाददाता हसनपुर



गन्ने की होली जलाते हुए किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव कूबी मे चौधरी पंचम सिंह के आवास पर किसानों का उत्पीड़न रोकने को लेकर एक पंचायत हुई। पंचायत में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

नरेश चौधरी ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है, गन्ने का सीजन चालू होने वाला है। लेकिन अभी तक गन्ने का रेट नहीं बढ़ाया गया और कहा की आज दशहरे के दिन प्रदेश के लोग रावण का पुतला जला रहे हैं और उत्तर प्रदेश का किसान गन्ने की होली जला रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक किसानों का दर्द नहीं समझा तो किसान रोड पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यदि ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश सरकार के लिए यह भारी पड़ेगा। कहा कि इस

**● गन्ना मूल्य घोषित न करने के विरोध में किया प्रदर्शन**

भारत देश को कृषि प्रधान देश कहा जाता है लेकिन आज ऐसा लगता है कि आज इस कृषि प्रधान देश में काले अंग्रेजों का शासन आ गया है। जो देश के किसानों के साथ-साथ व्यापारियों को शिक्षक को छात्रों को अल्पसंख्यकों को और एससी वर्गों को परेशान करने का काम कर रहे हैं। बिजली का निजीकरण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। पंचायत की अध्यक्षता अरुण सिद्धू ने की और संचालन राहुल सिद्धू ने किया। इस अवसर पर मौजूद रहे राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चौधरी शीशपाल सिंह, राष्ट्रीय महासचिव चौधरी दलजीत सिंह, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, दिनेश प्रजापति, चौधरी पंचम सिंह, प्रदीप चौधरी, इक़बाल सैफी, वीरेंद्र सिंह हिमांशु वर्मा, तेजपाल सिंह सिराज सैफी, देवराज सिंह, विनीत तोमर आदि किसान मौजूद रहे।

# अलमारी के ताले तोड़कर दो लाख का माल चोरी

संवाददाता हसनपुर



चोरी की सूचना पर जांच करती पुलिस।

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दिनदहाड़े कमरे में रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़कर लाखों के आभूषण और नकदी चोरी कर ली गई। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। चोरी गए सामान की कीमत लगभग दो लाख रुपय बताई जा रही है।

क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मोहर सिंह, जो हरियाणा के सोनीपत में अपने परिवार के साथ मेहनत-मजदूरी करता हैं। पीड़ित ने बताया कि बुधवार की दोपहर उनके घर के सभी सदस्य खेतों में धान की गहाई के लिए गए हुए थे। इसी दौरान, किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे के किवाड़ खोलकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की कंठी, तीन बच्चों के तिबजिया, एक सोने की अंगूठी, बच्चों की दो जोड़ी चांदी की पायल दो जोड़ी चांदी की बड़ी पायल और चालीस हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। शाम को परिजन जब खेत से घर को लौटे, तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा मिला और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। परिजनों के द्वारा 112 डायल पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# दशहरा: एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था देखी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



निरीक्षण करते एसपी अमित आनंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसपी अमित कुमार आनंद ने विजयदशमी (दशहरा) पर्व को लेकर अमरोहा, गजरौला और मंडी धनौरा में रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया। सकुशल संम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने रावण दहन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आयोजकों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति हेतु एम्बुलेंस/फायर टेंडर की उपलब्धता तथा महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों की संयुक्त ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि दशहरा पर्व पर अधिक भीड़भाड़ एकत्र होती है, ऐसे

**● दशहरा को लेकर कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था**

में किसी भी प्रकार की अराजकता, अव्यवस्था अथवा अप्रिय घटना को रोकना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा ड्रोन/सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भीड़ की निगरानी करने के निर्देश दिए। लोगों की सुविधा व सुरक्षा सर्वोपरि है। आमजन से अपील की गयी कि वे शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएँ तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसपी ने कहा कि विजयदशमी का पर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिसबल का व्यवस्थापन किया गया है तथा ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।

# शताब्दी वर्ष पर संघ के स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी पर्व पर पथ संचालन निकाला गया। पथ संचलन का आयोजन कोट पूर्वी बस्ती में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

गुरुवार को पथ संचालन नगर स्थित गोकुल धाम कॉलोनी से प्रारंभ हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित ढंग से महाराणा प्रताप चौक और शिव मंदिर के सामने से होते हुए आगे बढ़े। सहनगर संघचालक रविन्द्र चौहान, नगर कार्यवाह सोनू गर्ग, उधम सिंह आर्य, भूदेव, कपिल शर्मा, अभिरव, रजनीकांत और अश्वनी शर्मा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दशहरा पूजन कर मांगी परिवार की खुशहाली

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में विजयदशमी का पर्व दशहरा धूमधाम और हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरां में विधि विधान के साथ दशहरा पूजन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। खील बताशों का प्रसाद वितरण किया। शस्त्र पूजन भी किया। इसके बाद शाम को कई स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

गुरूवार को दशहरा पर्व के चलते सुबह से ही लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। घरों में चहल-पहल रही। बाजार में भी रौनक छाई रही। सुबह के समय घरों में विधि विधान के साथ

**● शस्त्र पूजन भी किया गया, एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं**

दशहरा पूजन किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का लोगों ने संकल्प लिया। श्री रामचंद्र भगवान की पूजा की गई। साथ ही शस्त्र पूजन भी किया गया। लोगां ने परिवार की खुशहाली की कामना की। इसके बाद खील बताशे का प्रसाद वितरण किया गया। एक दूसरे को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं गई। दोपहर बाद लोग मेला देखने के लिए पहुंचे। शहर के जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के रामलीला मैदान में दशहरा मेला देखने के लिए पहुचे। शाम को कई स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। त्योहार के चलते मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। बाजारों में रौनक छाई रही। लोगों ने मेले में चॉट पकौड़ियां का आनंद लिया।

### विधि विधान से किया गया पूजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** विजयदशमी पर्व के अवसर पर सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा घरों में विधि विधान से पूजन कर सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही व्यापारी वर्ग ने खातों एवं तराजू बाट का पूजन किया, वही शस्त्रों का भी पूजन किया गया। नवरात्र में बोए गए नौरते श्रीराम पर चढ़ाए गए। बाद में प्रतीक स्वरूप हजारों बहनों ने अपने भाइयों के कान पर पवित्र नौरते रखे। ये विजय के प्रतीक है। यह नौरते लेकर पुरोहित अपने यजमानों के घर पहुंचे और दक्षिणा प्राप्त की। भाइयों ने अपनी बहनों को भी विजय पर्व की दक्षिणा दी।



विजयदशमी पर्व पर पूजन करता एक परिवार। ● अमृत विचार

# गांधी व शास्त्री को किया नमन

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी दौरान छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं वाद विवाद आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया गया। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने कहा कि गांधी एवं शास्त्री दोनों ही अद्वितीय व्यक्तित्व की प्रतिमूर्ति थे। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, चरन सिंह, मजंली दीक्षित, लक्ष्मी रस्तोगी, स्वाति, नीलम सक्सेना, अतुल मथुर, सीमा वर्मा, रवि वर्मा, प्रदीप, कोमल आदि मौजूद रहे।

# गांधी एवं शास्त्री को किया याद



भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राजपाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृतियों को नमन करते हुए चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि सत्य और अहिंसा की ताकत क्या होती है। इसका एहसास भारत के स्वाधीनता आंदोलन में महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया को कराया।

उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री एक असाधारण राजनेता थे। जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने चुनौतीपूर्ण समय में भी भारत को सशक्त बनाया। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, जेई तेजपाल सिंह, करन सिंह, दिनेश कुमार, मनी कुमार, शारिक, कौशल कुमार, सभासद शाहनवाज अंसारी, हम्ज़ा अली, यशपाल चौहान, राजपालसैनी, मोनिश, मोसिन खान, चमन देवी, लियाकत, मुकेश गुप्ता, संजीव सैनी आदि मौजूद रहे।

# बुलडोजर से ध्वस्त किया मैरिज हाल, मस्जिद खुद तोड़ने लगी कमेटी

## रायां बुजुर्ग गांव में प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई, तालाब की जमीन पर बना मैरिज हाल ढहाया, गांव बना रहा छावनी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** संभल के असमोली थाना क्षेत्र में प्रशासन ने सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करने के लिए बड़ा बुलडोजर एक्शन करते हुए तालाब की जमीन पर बनाए गए आलीशान बैंकट हॉल को जमींदोज कर दिया। इसके साथ ही सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद को तोड़ने की कवायद शुरू की गई तो मस्जिद कमेटी ने खुद ही चार दिन में मस्जिद का भवन तोड़कर जमीन कब्जा मुक्त कर देने की प्रशासन से मोहलत मांग ली। मस्जिद कमेटी ने पहले ही दिन मस्जिद का कुछ हिस्सा भी तोड़ा।

इस कार्रवाई के दौरान असमोली थाना क्षेत्र का रायां बुजुर्ग गांव छावनी बना रहा। भारी संख्या में पुलिस पीएसी के जवानों के साथ ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी गांव में मौजूद रहे। रायां बुजुर्ग गांव में खाद के गड्ढों के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर मस्जिद व तालाब की जमीन पर बैंकट हाल बना लिए जाने की शिकायत पर राजस्व प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की थी। इस मामले में तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह की अदालत में मुकदमा दायर किया गया था। सुनवाई के बाद तहसीलदार ने धारा 67 के तहत तालाब में खाद के गड्ढों की जमीन को कब्जा मुक्त करने का आदेश पारित किया था। 30 अगस्त को जारी आदेश में तहसीलदार ने जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए 2 अक्टूबर की तारीख तय की थी। लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों सहित 20 से ज्यादा राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी राया बुजुर्ग गांव में लगाई गई थी। वहीं नगर पालिका संभल से बुलडोजर के साथ ही मलवा उठाने के लिए वाहन एवं 25 कर्मचारी मांगे गए थे। जबकि खंड विकास अधिकारी से भी ट्रैक्टर एवं 10 सफाई कर्मचारी लिए गए थे। गुरुवार को सुबह 10:00 बजे राजस्व विभाग की टीम सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए रायां बुजुर्ग गांव पहुंच गई। वहीं गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मुस्तैद हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के साथ ही सीओ असमोली कुलदीप कुमार,



संभल के राया बुजुर्ग गांव में बैंकट हाल को ध्वस्त करते बुलडोजर। ● अमृत विचार



संभल के राया बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद जिसे तोड़ा जाना है।

### ● खाद के गड्ढों की जमीन पर बनी मस्जिद खुद तोड़ने लगी कमेटी

एसडीएम संभल विकास चंद्र, तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह गांव में मौजूद थे।

वहीं एक्शन शुरू होने से पहले सुबह 11:00 बजे जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई भी गांव में पहुंच गए। गांव में तालाब की भूमि पर कब्जा कर बनाए गए आलीशान जनता मैरिज हाल को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर एक्शन शुरू किया गया। सबसे पहले एक बुलडोजर ने मैरिज हाल की चाहरदीवारी को गिराया। उसके बाद मैरिज हाल के भवन को ध्वस्त करने के लिए आधा दर्जन बुलडोजर काम पर लगाए गए। बुलडोजर 2 घंटे तक लगातार गरजते रहे तो मेरिज हाल की दीवारों के साथ ही छत का लेंटर भी जमीन पर आ गिरा। इसके बाद इसके मलवे को उठाकर वाहनों में लादने की कार्रवाई शुरू की गई।

### बुलडोजर कार्रवाई के दौरान रही कड़ी सुरक्षा

संभल के राया बुजुर्ग गांव में मस्जिद व बैंकट हॉल पर बुलडोजर एक्शन शुरू करने से पहले पुलिस प्रशासन ने बड़ी तैयारी की थी। मस्जिद व बैंकट हाल के आसपास ही नहीं बल्कि पूरे गांव में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। थाना प्रभारी व पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ियां बनाकर गलियों पर तैनात की गई थीं। वहीं बुलडोजर कार्रवाई के दौरान सरकारी अमले के अलावा ग्रामीणों अ बाहरी लोगों के वहां जाने पर रोक लगा दी गई थी। प्रशासन का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि किसी को चोट ना लगे।

### कमेटी ने मस्जिद तोड़ने को मांगी 4 दिन की मोहलत

राया बुजुर्ग गांव में मैरिज हॉल के साथ ही खाद के गड्ढों के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद को भी बुलडोजर से तोड़कर जमीन को कब्जा मुक्त करने का प्लान प्रशासन का था। लेकिन मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन शुरू होने से पहले ही मस्जिद कमेटी से जुड़े लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध किया कि प्रशासन उन्हें चार दिन का समय दे दे तो वह खुद ही मस्जिद के निर्माण को तोड़कर जमीन कब्जा मुक्त कर देंगे। यह भी कहा गया कि वह आज ही मस्जिद को तोड़ने का काम शुरू कर देंगे। जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार पैंसिया की सहमति से मस्जिद कमेटी को चार दिन की मोहल्ला दे दी गई। इसके बाद गुरुवार दोपहर बाद मस्जिद कमेटी से जुड़े कुछ लोगों ने मस्जिद की बाहरी दीवार का कुछ हिस्सा तोड़कर काम की शुरुआत भी कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### खैरपुर में डोर स्टेप डिलीवरी की अनदेखी

**असमोली, अमृत विचार :** एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के ग्राम खैरपुर पंचायत क्षेत्र में डोर स्टेप डिलीवरी प्रणाली का सही से पालन न होने की शिकायत की गई है। आरोप है कि असमोली बाजार के धर्मकांटों पर राशन की तौल की जाती है तथा गाड़ियां खड़ी कर प्राइवेट भंडारण में माल उतार दिया जाता है। शिकायतकर्ता अंकित त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष भाकियू असमोली ने बताया कि ठेकेदार एवं वितरण करता इस कार्य में संलिप्त हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### हवा व बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**संभल, अमृत विचार :** गुरुवार को संभल में अचानक तेज आंधी और बारिश से मौसम ने करवट ली। पिछले छह दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिली, लेकिन किसानों के लिए यह बारिश चिंता बढ़ाने वाली साबित हो सकती है। करीब आधे घंटे तक हुई बरसात से तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और शाम 6 बजे तक तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार करीब 4 मिमी बारिश हुई। दशहरा मेले के दौरान भी बारिश की संभावना जताई गई थी। बारिश से संभल, चंदौसी, सिरसी समेत जनपद के कई हिस्सों में मौसम बदला। बरसात के बाद धान उत्पादक किसान परेशान हैं।

### संघ ने किया शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित

**रजपुरा/संभल, अमृत विचार :** रजपुरा की बसंतपुर डांडा न्याय-पंचायत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव मनाया और भव्य पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में श्रीराम गिरि बाबा मढ़ी पर एकत्रित हुए। जहां जिला प्रचारक दीपक कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आनन्द कुमार सिंह और जिला कार्यवाह डॉ. राजकुमार वैदिक ने भारत माता और भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शस्त्र पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उत्सव के दौरान गणगीत, एकल गीत और मुख्य वक्ता जिला प्रचारक द्वारा संघ के पंच प्रण एवं पंच परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और आत्म जागरण जैसे विषयों को अपनाने का संदेश दिया। डॉ. आनन्द कुमार सिंह ने शहरी समाज में व्याप्त लिव-इन रिलेशनशिप, दहेज और पारिवारिक कलंक जैसे विषयों से समाज को सचेत करने का आह्वान किया।

# दशहरा पर संघ स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



संभल में पथ संचलन निकालते संघ के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विजयदशमी एवं संघ स्थापना शताब्दी वर्ष मनाया। गुरुवार को स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला।

संचलन में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों का बैंड व कतारबद्ध बाल स्वयंसेवक आकर्षण का केंद्र बने। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह, थाना हजरतनगर गढ़ी इंस्पेक्टर अनुज तोमर, हयातनगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार समेत भारी पुलिस बल, पीएसी और आरआरएफ जवान तैनात रहे। विहिप संगठन मंत्री गौरव, गोपी चंद्र, मनोज अग्रवाल, राहुल दीक्षित, निर्दोष बजाज, राजुल गुप्ता, मनीष रस्तोगी, राजेश सिंघल, सौरभ अग्रवाल, दिनेश कुमार, महावीर सिंह, हितेश मिश्रा, संतोष गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य उपस्थित रहे।

# धू-धूकर जला रावण का पुतला, गूंजे जय श्री राम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** संभल में चंदौसी रोड स्थित कुरुक्षेत्र मैदान में दशहरा मेला में श्री रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मंचन व रावण दहन कराया गया। कलाकारों ने रामलीला का रंगारंग मंचन प्रस्तुत किया, जिसके उपरांत रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जब रावण व मेघनाथ के पुतले जले तो मेला स्थल जय श्री राम के जयकारों से गूंजने लगा।

दशहरा मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी **डॉ. राजेंद्र पेंसिया और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी** के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रबंधक वैभव गुप्ता, **डॉ. अरविंद गुप्ता, कमलकांत तिवारी, एसडीएम विकास चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले में चाट-पकौड़ी, खेल-खिलौने, झूले और बच्चों के मनोरंजन के लिए अन्य आकर्षण लगाए गए। सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन द्वारा और यातायात प्रबंधन ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया गया। रावण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन जिलाधिकारी और एसपी द्वारा बाण चलाकर किया गया। जैसे ही पुतलों का दहन हुआ वैसे ही मेला स्थल जय श्री राम के जयकारों से गूंजने लगा। परंपरा के अनुसार रावण के जलते पुतले की लकड़ियां लेने के लिए लोग उमड़ पड़े जिन्हें संभालने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कमेटी** अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और मेले का आयोजन पारंपरिक उत्सव की पुरानी परंपरा को जीवित रखने का अवसर है। कमेटी ने शासन-प्रशासन और स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट सुरक्षा एवं आयोजन व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में श्री रामलीला कमेटी के सदस्य शंकर शर्मा, पूरन त्यागी, लक्षित सिंघल, उज्ज्वल सक्सेना, एड. उमेश शर्मा, अभिषेक गुप्ता, वैभव अग्रवाल, तरंग अग्रवाल, मोहित भारद्वाज, शोभित गुप्ता, अरविंद प्रजापति, ऋषभ श्रीवास्तव, निहाल वाल्मीकि, अक्षय कुमार, वंश ठाकुर, ऋषभ ठाकुर, गणेश आदि उपस्थित रहे।



संभल के हजरतनगर गढ़ी में धू-धूकर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

### रजपुरा में रावण वध के बाद पुतले का किया दहन, श्री राम के जयकारों से गूंजी युद्धभूमि

**रजपुरा, अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा में आयोजित श्री रामलीला में गुरुवार शाम को भव्य रावण वध का मंचन किया गया। युद्ध के मैदान में रामदल और रावण सेना के बीच भीषण संघर्ष हुआ। विभीषण ने श्री राम को रावण की नाभि में अमृत होने की जानकारी दी। इसके बाद भगवान श्री राम ने अपने तीर से रावण की नाभि को भेदा, जिससे अमृत सूख गया और रावण युद्धभूमि में ढेर हो गया। रावण वध होते ही पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस दौरान आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन भी किया गया। इसके उपरांत रावण और कुंभकरण के पुतलों का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दर्शाया गया। दशहरा पर्व पर आयोजित मेले में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खेल और चाट-पकौड़ी की दुकानें लगी थीं।



रावण व कुंभकरण के पुतलों से उठतीं लपटें।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गोष्ठी कर अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जिला कार्यालय, चंदौसी रोड पर जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन फाजिल अंसारी ने किया।

गोष्ठी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष, आदर्शों व योगदान पर विचार-विमर्श हुआ। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी तथा स्वतंत्रता संग्राम के नायक थे। उनके सत्याग्रह और असहयोग आंदोलनों ने अंग्रेजी हुकूमत को झुका दिया। गांधी जी ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर 'सर्वोदय' की अवधारणा दी। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और 'जय जवान-जय किसान' का नारा आज भी राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध और खाद्यान्न संकट की घड़ी में देश को एकजुट किया। गोष्ठी में नेताओं ने संभल में गांधी जी की मूर्ति स्थापित करने का विचार भी रखा। इस अवसर पर मुशीर खान तारीन, अमित उठवाल एडवोकेट, दाऊद पाशा, सलीम सैफी, मास्टर मोबीन, मास्टर अरकान, जीशान सिद्दीकी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रईस मसूदी, कोस्तुभ रस्तोगी, आसिफ एडवोकेट, सलाउद्दीन सैफी, बब्बू खां, मुशर्रफ हुसैन, अंजार, इकराम तुर्की, निसार अहमद, डॉ. मरगूब, मोअज्जम हुसैन, नासिर, कलीम खान, रफीक मसूदी, राहत जान, हाफिज सफीक खान, इफ्तेखार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



कांग्रेस की गोष्ठी में बोलते जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की। ● अमृत विचार

### ● महात्मा गांधी और शास्त्री के विचारों पर चर्चा की

### गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जनपद संभल में श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों में इन महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। नगर पालिका परिषद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी द्वारा गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग तथा शास्त्री जी की सादगी और ''जय जवान, जय किसान'' का नारा आज भी समाज को दिशा दिखा रहा है। इस मौके पर नगर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें नगरवासियों से स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की गई। शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नरेंद्र वर्तवाल ने गांधी जी के जीवन को सत्य, अहिंसा और सेवा का प्रतीक बताते हुए छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। हिंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और देश भक्ति आज भी प्रासंगिक है।



नगर पालिका में महात्मा गांधी के जीवन पर चर्चा करते अधिशासी अधिकारी।

# बुलडोजर एक्शन पर सपा विधायक ने कहा यह तानाशाही

**संभल, अमृत विचारः** असमोली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी सिंह यादव ने राया बुजुर्ग गांव में बुलडोजर एक्शन पर सवाल खड़े किए हैं।

कहा कि राया बुजुर्ग गांव में बुलडोजर चलाना भाजपा सरकार का द्वेष पूर्ण कृत्य है। यह कृत्य अत्यंत ही निंदनीय है। सपा विधायक ने कहा कि पीडीए समाज के लोगों को परेशान किया जा रहा है। हर एक समाज का अपना-अपना आस्था केंद्र होता है असमोली विधानसभा क्षेत्र में भाईचारा है और लोग एक दूसरे के लिए दुआ और प्रार्थना करते हैं। यह तानाशाही सरकार धर्म के नाम पर राजनीति करना बंद करे। विधायक ने कहा कि मैं प्रशासन के लोगों से भी कहना चाहूंगी कि प्रशासन लोक कल्याण के लिए और सरकार जनहित के लिए होती है लेकिन यहां केवल नफरत फैलाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया जा रहा है।

# गांधी और शास्त्री से सभी को सीख लेने की जरूरतः डीएम



गांधी तथा शास्त्री के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते डीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि हमें गांधी जी के रचनात्मक कार्यों से सीखना चाहिए। गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी किसी देश को समृद्ध बनाने की सबसे बड़ी अवधारणा है। डीएम ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 को लेकर भी सुझाव देने के लिए लोगों से अधिक से अधिक जागरूक करने की बात कही। एडीएम प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीडीओ रामाशीष मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह, डीपीओ महेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ● कलेक्ट्रेट पर मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

# जहां हुई हिंसा वहां बन गई पुलिस चौकी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** संभल में बीते साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान नखासा थाना क्षेत्र के हिंदूपुरा खेड़ा इलाके में उपद्रव किया गया था वहां अब पुलिस चौकी बनकर तैयार हो गई है। डीएम व एसपी ने गुरुवार को चौकी का उद्घाटन किया।

संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के दौरान हिंदूपुरा खेड़ा इलाके में भीड़ ने पुलिस पर पथराव, फायरिंग व वाहनों में आग लगाई थी। इसके बाद ही इस क्षेत्र में पुलिस चौकी बनाने का फैसला लिया गया था। गुरुवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने इस पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। एक बच्ची के हाथ पुलिस चौकी का फीता कटवाया गया। इससे पहले वहां हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, सीओ असमोली कुलदीप कुमार के अलावा थाना प्रभारी संजीव बालियान मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि यह पुलिस चौकी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए माल का पत्थर साबित होगी।



पुलिस चौकी के उद्घाटन पर मौजूद डीएम, एसपी, एएसपी, सीओ व सिटी मजिस्ट्रेट।

### ● पुलिस चौकी का डीएम, एसपी ने किया उद्घाटन

# दौड़ प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा



संभल के नारंगपुर गांव में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**कैला देवी, अमृत विचारः** नारंगपुर गांव में गुरुवार को दौड़ प्रतियोगिता का आरंभ ग्राम प्रधान पति द्वारा फीता काटकर किया गया।

अलग-अलग वर्गों में प्रतियोगिता में संभल जनपद के अलावा मुरादाबाद, बुलंदशहर, रामपुर के युवाओं ने भी प्रतिभाग किया। 1600 मीटर की दौड़ में रामपुर से अवनीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 800 मीटर की दौड़ में चंदौसी निवासी सुमित कुमार ने पहला स्थान पाया। सभी विजेताओं को भाजपा के कैला देवी मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर यादव ने सम्मानित किया।

# आठवें दिन भी शिक्षक धरने पर रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचारः** ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर चंदौसी में शिक्षकों का धरना गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने गांधी जयंती मनाते हुए नारेबाजी की और जल्द सूची जारी करने की मांग उठाई। आरोप है कि जून में आवेदन करने और एनओसी मिलने के बावजूद विभाग की लापरवाही से स्थानांतरण प्रक्रिया अटकी है।

धरने पर बैठे शिक्षकों ने बताया कि विभाग ने 31 जुलाई तक अनुमोदन कराने का आश्वासन दिया था, परंतु मंत्री के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अनुमोदन नहीं कराया गया। शासन स्तर से आदेश और विधान परिषद में प्रश्न उठने के बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं निकला है। धरने में शामिल शिक्षकों का कहना है कि विभाग उन्हें गुमराह कर रहा है। इस बीच माध्यमिक शिक्षक संघ के डॉ. श्रवण कुमार कुशवाह समेत कई लोग धरनास्थल पर पहुंचे और समर्थन जताया। धरना स्थल पर भावुक पल भी देखने को मिले। शिक्षक शुभेंदु शरण त्रिपाठी ने अपनी मां से वीडियो कॉल पर बात की तो मां बेटे की हालत देख रो पड़ीं। वहीं एक छोटे बच्चे ने हाथ में स्लेट उठाकर लिखा -मंत्री जी शिक्षकों की आवाज सुनो" जिसने धरने को भावुक बना दिया।




चंदौसी में धरना स्थल पर पोस्टर दिखाता शिक्षक का नन्हा बेटा। ● अमृत विचार

### ● अनुमोदन न होने से अटके शिक्षकों के स्थानांतरण



दुर्गा मां संग सेल्फी



डांडिया उत्सव







दशहरे पर लखनऊ के जानकीपुरम सेक्टर–ई में बनाए गए विश्व का सबसे बड़ा पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा संग भक्तों ने सेल्फी ली। मेले का भी आनंद लिया। वहीं सुशांत गोल्फ सिटी के विनीत लॉन में विजया दशमी पर पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन करने हजारों भक्त पहुंचे। जयकारे लगाए, सिंदूर खेला के साथ में भी सेल्फी ली। उधर, अयोध्या के रामनगर में आयोजित डांडिया उत्सव में महिलाओं ने अपनी रंग–बिरंगी पोशाकों और उत्साहपूर्ण नृत्य से माहौल को जीवंत कर दिया। पारंपरिक गहनों और चमकीले लहंगों में सजी महिलाएं, डांडिया स्टिक्स के साथ तालमेल में थिरकती नजर आईं।

● अमृत विचार



# बलरामपुर: सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कांदभारी चौराहा मोड़ पर बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक मोटरसाइकिल से दुर्गा प्रतिमा दर्शन के लिए निकले थे।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 12 बजे छह युवक दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर बलरामपुर से उतरौला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कांदभारी चौराहे के निकट अचानक एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों मोटरसाइकिलों को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे की टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही मूडाडीह गांव निवासी संजय कुमार वर्मा (23), गोलू (17), कल्लू (14) और अंकित (17) की मौत हो गई। वहीं, ओरिंद वर्मा (22) और दिनेश कुमार मौर्य (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पहले संयुक्त जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पाकर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस भीषण दुर्घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है। परिजन व गांव के लोग घटना के बाद से बदहवास हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चौराहे पर अक्सर भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

## स्वप्ना को तीन दिन में छोड़ना होगा घर

**लखनऊ।** सहारा प्रमुख स्वर्गीय सुब्रत रॉय की पत्नी स्वप्ना रॉय को अब सहारा का महल जैसा घर तीन दिन में छोड़ना होगा। सहारा प्रमुख का परिवार यहां पर करीब 25 साल से रह रहा है। शनिवार को जमीन का कब्जा लेने के बाद नगर निगम की टीम गेट सील करने पहुंची थी। हालांकि, टीम बिना गेट सील किए तीन दिन में कब्जा खाली करने का अल्टीमेटम देकर लौट आई।

## चार लोगों पर फिर भेड़िया का हमला

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार:** कैसरगंज तहसील के ग्राम गंडारा में बृहस्पतिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब भेड़िये ने तीन बच्चों समेत चार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए लाठियां लेकर दौड़ाया, तो वह भाग निकला। भेड़िये के भागने की तस्वीर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सुबह करीब 7 बजे गंडारा गांव में जंगली जानवर ने पहले सात वर्षीय किशन पर हमला किया, इसके बाद डेढ़ साल की खातीजा, 15 वर्षीय रुबीना और 38 वर्षीय अली शेर को भी घायल कर दिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन से जंगली जानवरों की आवाजाही गांव में बढ़ गई है।

## गांधी व शास्त्री के आदर्श आज भी प्रासंगिक

**संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए दोनों महापुरुषों के जीवन-दर्शन, सत्यनिष्ठा, त्याग, संघर्ष और सेवा-भाव को सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने राजभवन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि महात्मा गांधी ने न केवल अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश किया, बल्कि अपने सत्य और अहिंसा के अद्भुत मार्गदर्शन से विश्व को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

यदि हम इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनायेंगे तो हमारा परिवार, समाज और देश प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकेगा।'' राज्यपाल ने अपने बुल्गारिया और दक्षिण अफ्रीका भ्रमण का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने वहां फीनिक्स आश्रम देखा जहां गांधी जी स्वयं समाचार तैयार करते थे और छपवाते थे। उन्होंने कहा कि वहां उन्होंने एक स्कूल भी देखा, जिसकी स्थापना गांधी जी ने की थी। उन्होंने कहा कि जब गांधी जी भारत लौटे, तो उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया तथा देश की गरीबी देखकर वह साधारण वस्त्र धारण करने लगे। राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी ने साबरमती आश्रम और विद्यापीठ की स्थापना की, शिक्षा, स्वच्छता और गांवों के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए। उन्होंने कहा कि गांधी जी का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग और समाज सुधार के लिए समर्पित था।

## छात्र को खुदकुशी को उकसाने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** फ्री-फायर मैक्स गेम में फंसाकर 13 लाख रुपये ठगने के बाद छात्र को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले जालसाज को पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 4.71 लाख रुपये, ठगी की रकम से खरीदा गया डेढ़ लाख का एप्पल का लैपटॉप, मोबाइल, चार एटीएम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया गया है। अलग-अलग वॉलेट में जमा 1.50 लाख रुपये भी फ्रीज करा दिए गए हैं। गिरोह से जुड़े वैशाली के एक छात्र को पूछताछ के बाद नोटिस देकर छोड़ दिया गया है। मोहनलालगंज के धनुवासांड गांव निवासी यश (14) निजी स्कूल में कक्षा-6 का छात्र था। उसने 15 सितंबर को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। छात्र के मोबाइल में फ्री-फायर मैक्स गेम खेलने की पुष्टि हुई थी।

## आरोपी के परिजनों ने लड़की का फिर किया अपहरण

**भदोही, एजेंसी**

**अमृत विचार:** भदोही में 16 साल की एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में जेल में बंद आरोपी के परिजनों ने पीड़िता का कथित तौर पर फिर अपहरण कर लिया। उसने बताया कि इस संबंध में आरोपी के चार परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कोइरौना थानाक्षेत्र के एक गांव में 27 अप्रैल, 2025 को हुई थी और किशोरी के पिता ने नौ मई को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विवेचना के बाद सिंटू विश्वकर्मा नामक युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के तहत अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम में जेल भेजा था और किशोरी को बाल सुधार गृह भेजा था। प्रभारी निरीक्षक छोटक यादव का कहना है कि किशोरी कुछ दिन बाद बाल सुधार गृह से घर पहुंची। इस मामले में पाक्सो कोर्ट से सिंटू की ज़मानत ख़ारिज होने पर 23 सितंबर को किशोरी के घर पर सिंटू विश्वकर्मा के माता-पिता, चाची और सचिन विश्वकर्मा पहुंचे तथा गाली-गलौज करते हुए ज़बरदस्ती किशोरी को उठा ले गए। छोटक यादव ने बताया कि किशोरी के पिता ने एक अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कर आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को जेल में बंद सिंटू के परिजन ये कहते हुए ज़बरदस्ती उठा ले गए कि किशोरी का कोर्ट में बयान दिलाकर एवं उसकी हत्या कर लाश भेज देंगे।

**हौसलों की उड़ान** | प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में कक्षा 1 की छात्रा है अनामिका

# तिरंगा लेकर 6 वर्षीया अनामिका ने एक घंटे में दौड़कर तय की 10 किलोमीटर की दूरी

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति .5 अभियान के तहत शुक्रवार को 6 वर्षीय अनामिका ने हौंसलों की उड़ान भरी तो उसकी हिम्मत और जोश को देखकर हर कोई अचंभित रह गया। दावे के उन्होने अनामिका ने एक घंटे में 10 किमी की दूरी को दौड़कर पूरा किया। हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाती अनामिका जिसने भी देखा उसी ने अनामिका के हिम्मत की तारीफ की और उसका हौसला बढाया। दौड़ पूरी होने के बाद स्थानीय समाजसेवियों ने अनामिका को माला पहनाकर उसका उत्साहवर्धन किया।



6 वर्षीय नन्हीं उड़नपरी अनामिका इटियाथोक क्षेत्र के भीखमपुरवा गांव की रहने वाली है। उसके पिता मनोज मिश्रा प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में प्रधानाध्यापक हैं और अनामिका इसी विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा है। अनामिका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान को गति देने के क्रम में महात्मा गांधी की जयंती पर शुक्रवार को भवनियापुर खुर्द पुलिस चौकी से इटियाथोक बाजार तक दौड़ लगाने का ऐलान किया था। अनामिका ने दावा किया था कि वह 10, किमी की दूरी को बिना रुके एक घंटे में तय करेगी। उसकी इस दौड़ को लेकर लोगों में उत्सुकता थी। शुक्रवार की सुबह 6 बजे अनामिका ने भवनियापुर खुर्द पुलिस चौकी से अपनी दौड़ प्रारंभ की। हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाती अनामिका का जज्बा देखने लायक था। वह बिना थके, बिना रुके लगातार दौड़ रही थी। नन्ही सी बच्ची को सड़क पर दौड़ लगाते देख लोग उसके हिम्मत की दाद दे रहे थे और उसका हौसला बढ़ा रहे थे। अपने दावे के मुताबिक ठीक सात बजे अनामिका ने 10 किमी की दूरी को पूरा कर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। इटियाथोक पहुंचने पर स्थानीय समाजसेवियों ने उसे मावा पहनाकर उसका सम्मान किया और उसके जज्बे की सराहना की। दौड़ पूरी करने के बाद अनामिका ने कहा कि उसका सपना देश के लिए ओलंपिक में भाग लेने का है और इसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही है। अनामिका कहती है कि चीन को पीछे करके देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल करना है।

### इंडिया बुक आफ रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुकी है

अनामिका सिर्फ दौड़ ही नहीं लगाती वह पुशअप्स भी बेहद तेजी से लगाती है। पिछले वर्ष वह 8 मिनट में 240 पुशअप्श लगाकर इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी है। अनामिका के इस उपलब्धि के लिए उसे "मैक्सिमम पुश अप्स ए फीमेल किड" का खिताब मिल चुका है। हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर दौड़ लगाती अनामिका शुक्रवार को सोशल मीडिया पर छायी रही। इसके जज्बे व जोश को देखकर हर कोई उसकी सराहना करता दिखाई दिया।

### पिता की निगरानी में कर रही तैयारी

अनामिका अपनी तैयारी अपने पिता व प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा की देखरेख में कर रही है। मनोज का कहना है कि बचपन में जहां आमतौर पर बच्चे बाहर की वस्तुओं को खाने में अधिक रुचि दिखाते हैं वहीं अनामिका इन सब चीजों से बहुत दूर है। उन्होने उसके आहार के लिए रोस्टर तय कर रखा है। अनामिका बाहर की कोई पैकेट वाली वस्तु, तली भुनी चीजें, चीनी,चावल आलू आदि से काफी दूर है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी डीगरपुर (कुन्दरकी), जनपद मुरादाबाद

पत्रांक- 1463/आकिंक/क्षेत्र पंचायत /निविदा/2025-26 दिनांक- 29.09.2025

### निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से पन्द्रहवॉ केन्द्रीय/पंचम राज्य वित्त आयोग के सापेक्ष निम्न कार्य इस विकास खण्ड द्वारा जनहित मे कराये जाने हैं। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.10.2025 से दिनांक 15.10.2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक ऑफलाईन आमत्रिंत की जाती है जो दिनांक 15.10.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कुन्दरकी (मुरादाबाद) मे ऑफलाईन खोली जायेगी। कार्यो से सम्बन्धित अन्य विवरण किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। यह भी सूच्य है कि पंचम/केन्द्रीय पन्द्रहवां वित्त (टाईड/अनटाइड) योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्याशा में निविदा निकाली जा रही है। उक्त के सम्बन्धित कार्य आदेश सम्बन्धित योजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त/उपलब्ध हो जाने के पश्चात ही निर्गत किये जायेंगे।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | मद का नाम | कार्य की लम्बाई मी में | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम नानकार में जाबिर के घर से इरशाद के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 90 | 5.99 | 1200.00 |
| 2. | ग्राम इमरतपुर उधौ में बदलू सैफी के घर से शब्बीर के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 120 | 9.05 | 1200.00 |
| 3. | ग्राम मुन्डी मिलक में आसिम के घर से मैन रोड की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 70 | 4.73 | 1200.00 |
| 4. | ग्राम रसूलपुर मैन रोड से साजिद के मकान तक एवं मून्नु के मकान से तौफीक के घर की ओर खड़न्जा एवं साइड वॉल निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 200 | 9.68 | 1200.00 |
| 5. | ग्राम रसूलपुर में हाजी मुनाजिर के घर से वाजिद के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 150 | 9.98 | 1200.00 |
| 6. | ग्राम अल्लापुर भीकन में तौहिद के घर से अशरफ के घर तक जाहिद के मकान से खालिद के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 85 | 4.99 | 1200.00 |
| 7. | ग्राम मदारपुर विचौला में रहमत अली के घर से पंचायत भवन की ओर खड़न्जा निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 350 | 9.38 | 1200.00 |
| 8. | ग्राम नबाब वाली मिलक में अरकान के मकान से इमरान के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त (अनटाईड ग्रान्ट) | 70 | 9.87 | 1200.00 |
| 9. | ग्राम नबाब वाली मिलक में इमरान के घर से रहीस के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त (अनटाईड ग्रान्ट) | 50 | 6.76 | 1200.00 |
| 10. | ग्राम डींगरपुर में हाजी मुनाजिर के घर से शाहबददीन के घर की ओर खड़न्जा निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त (अनटाईड ग्रान्ट) | 100 | 2.72 | 1200.00 |
| 11. | ग्राम असदपुर में मुरवीर के मकान से डा. अरकान के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 35 | 3.51 | 1200.00 |
| 12. | विकास खण्ड कुन्दरकी के परिसर मे शौचालय निर्माण का कार्य | पंचम राज्य वित्त | 1 | 6.00 | 1200.00 |
| 13. | विकास खण्ड परिसर के बी.डी.ओ. आवास की मरम्मत और कार्यालय एंव सभागार की रगाई पुताई एवं फर्नीचर सम्बन्धी कार्य | पंचम राज्य वित्त | 1 | 9.95 | 1200.00 |
| 14. | विकास खण्ड परिसर कुन्दरकी में प्रधानमंत्री योजना के अन्तर्गत मॉडल आवास का निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 1 | 4.30 | 1200.00 |
| 15. | ग्राम अल्लापुर भीकन में रियाजूल शाह के मकान से मुबारक शाह के घर की ओर सी.सी. टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 90 | 7.54 | 1200.00 |
| 16. | ग्राम मुण्डी मिलक मे शकील के धर से सजांव के प्लाट की ओर खडंजा का कार्य | पंचम राज्य वित्त | 120 | 3.78 | 1200.00 |
| 17. | ग्राम नबाब मिलक में अरकान के मकान से रहीस के घर की ओर ब्रिक नाला की मरम्मत निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त (अनटाईड ग्रान्ट) | 240 | 6.84 | 1200.00 |
| 18. | ग्राम बरैठा में मूफिब के घर से जाबूल के मकान की ओर छोटा (1x1) आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त (अनटाईड ग्रान्ट) | 150 | 5.60 | 1200.00 |

**मुख्य नियम व शर्तें :-**

1. निविदा सबसे कम रेट वाले निविदादाता की स्वीकार करी जायेगी।
2. धरोहर राशि का 2 प्रतिशत निर्धारित है, जिसको खण्ड विकास अधिकारी, डींगरपुर कुन्दरकी के पक्ष में एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के माध्यम से निविदा के साथ जमा करनी अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा अस्वीकार होने की दशा में धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।
3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे खण्ड विकास अधिकारी, डींगरपुर कुन्दरकी के पक्ष में एन.एस.सी. /एफ.डी.आर. के माध्यम से जमा करना होगा। जमानत राशि अन्तिम बिल भुगतान के छः माह बाद वापस की जायेगी।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने तथा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी, डींगरपुर कुन्दरकी में निहित होगा।
5. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदादाता को निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर एग्रीमंटे दाखिल करना होगा।
7. टी.डी.एस./जी.एस.टी./रॉयल्टी लेबर सैस व अन्य करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. निविदा प्रपत्र मूल्य का बैंक ड्राफ्ट, ''खण्ड विकास अधिकारी, डींगरपुर कुन्दरकी'' के पक्ष में देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
9. उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई भी विधिक वाद मा0 न्यायालय, मरु ादाबाद के क्षेत्राधिकार में विचाराधीन होगा।
10. कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना, चोरी, जानमाल की हानि होने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा।
11. ईट व सी0सी0 टाईल्स की टेस्टिग वित्तीय भुगतान से पहले कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।

(राजेन्द्र सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
डींगरपुर, कुन्दरकी (मुरादाबाद)



अगर कोई व्यक्ति दूसरे का हित करने की अभिलाषा रखता है और सदैव ही दूसरों की सहायता करने के लिए तत्पर रहता है, उनके लिए इस संपूर्ण संसार में कुछ भी असंभव नहीं है।

-राम चंद्र जी

# संघ के सौ बरस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में उसकी महती भूमिका को रेखांकित किया। स्मृति सिक्का तथा विशेष डाक टिकट भी जारी किया। दरअसल यह मात्र किसी संगठन की शताब्दी नहीं बल्कि भारत की सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रप्रेम के समर्पण का शताब्दी उत्सव है। बीते सौ वर्षों में आरएसएस ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर सेवा का मार्ग चुना। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो संघ ने सीधे राजनीति में भाग नहीं लिया, परंतु उसकी प्रेरणा से गठित जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी जैसी पार्टियां और सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्या भारती, विश्व हिंदू परिषद जैसे विविध संगठनों के जरिए लोकतंत्र की मजबूती, राष्ट्रीय एकता, अखंड भारत की चेतना और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में जो अहम भूमिका निभाई, वह निर्विवाद है।

विपक्षियों द्वारा कतिपय आलोचना के बावजूद विचारों और कार्यकर्ताओं के स्तर पर उसने राष्ट्रीय जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। आज 83 हजार से अधिक शाखाएं इसकी रोज लगती हैं, साप्ताहिक अलग से। इनमें छह लाख से ज्यादा स्वयं सेवक भाग लेते हैं। इससे इसके देशव्यापी प्रभाव को आसानी से समझा जा सकता है। इसने समाजिक जीवन में जात-पांत के भेद को मिटाने, स्वदेशी को बढ़ावा देने, शिक्षा और संस्कार आधारित गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. हेडगेवार द्वारा 1925 में गठित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समक्ष उसके शताब्दी वर्ष में नई चुनौतियां हैं। तेजी से बदलता वैश्विक परिदृश्य, तकनीकी क्रांति, सांस्कृतिक संक्रमण, पर्यावरण संकट और सामाजिक विषमताएं, इन सबके बीच संगठन को अब नए संकल्प लेने होंगे। सबसे बड़ा संकल्प भारत को 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से जागरूक राष्ट्र बनाने में संघ अपनी अग्रणी भूमिका कैसे निभाए, यह तय करने का होना चाहिए।

संघ निरंतर मजबूत हुआ है, उसे देखना होगा कि उसका विस्तार मात्र संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन न होकर, समाज में समरसता, सद्भाव और भाईचारे की ठोस मिसाल बने। अब उसकी प्राथमिकताएं युवाओं में अनुशासन और सेवा भावना को जगाना, महिलाओं की भागीदारी को और व्यापक बनाना, डिजिटल युग की चुनौतियों के बीच भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आधुनिक विज्ञान व प्रौद्योगिकी के साथ संतुलित करना सर्वोपरि होनी चाहिए। सौ वर्षों की यात्रा में संघ ने यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रसेवा केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन की साधना है। अब उसकी अगली शताब्दी का संकल्प 'एकात्म मानव दर्शन' पर आधारित ऐसा समाज होना चाहिए, जिसमें किसी के साथ अन्याय न हो, हर नागरिक आत्मगौरव के साथ जी सके और भारत विश्व गुरु बन संसार को सतत् मार्गदर्शन दे सके। इस प्रकार, शताब्दी वर्ष के आयोजन तभी सफलीभूत माने जाएंगे जब संघ अतीत की गौरवगाथा सुनाने के बजाए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संकल्प ले और राष्ट्रहित में अपने सकारात्मक कार्यों को उन क्षेत्रों में विस्तारित करे जो उसकी सेवा से किंचित वंचित रह गए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में इस ओर भी इशारा किया है।

## प्रसंगवश

# टूटी सड़कों से उम्मीदें भी टूट जाती हैं

सुबह का वक्त है। नाथवाना गांव की मिट्टी से भरी पगडंडी पर छोटे-छोटे बच्चों का झुंड स्कूल की ओर चल रहा है। उनकी चप्पलें धूल में गुम हो जाती हैं। बरसात में यही रास्ता कीचड़ की दलदल में बदल जाता है। इसी रास्ते से किशोरियां किताबें थामे निकलती हैं, पर उनके मन में डर और असुरक्षा की एक परत बिछी होती है। बुजुर्गों के लिए यह सड़क और भी कठिन है, अस्पताल तक पहुंचने का सफ़र कई बार उनके धैर्य और जीवन दोनों को खतरे में डाल देता है। यह तस्वीर केवल राजस्थान के बीकानेर स्थित नाथवाना की नहीं है, बल्कि भारत के असंख्य गांवों की सच्चाई है, जहां टूटी-फूटी सड़कें हर रोज लोगों के जीवन को सीमित करती हैं।



कलावती

एक्टिविस्ट

पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की कोशिश की है। रिपोर्टों के मुताबिक अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों किलोमीटर सड़कें बनी हैं और हजारों बस्तियां इससे जुड़ी हैं, लेकिन गांवों में घुसते ही यह साफ दिखता है कि केवल सड़क बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि असली चुनौती उसका रख-रखाव और गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। राजस्थान जैसे रेतीले और कठिन भूगोल वाले प्रदेश में तो यह चुनौती और भी बड़ी बन जाती है। कई जगहों पर बनी सड़कें कुछ साल में ही गड्ढों और धूल में बदल जाती हैं।

सड़कों की यह समस्या महज सुविधाओं का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार से जुड़ी है। अध्ययनों में पाया गया है कि जहां सड़कें बेहतर हैं, वहां लड़कियों का स्कूल में नामांकन और उपस्थिति बढ़ी है। किशोरियों के लिए सुरक्षित और सुचारु मार्ग शिक्षा तक उनकी पहुंच आसान बनाता है, लेकिन जब रास्ता टूटा-फूटा हो, तो परिवार की पहली चिंता उनकी सुरक्षा होती है और अक्सर उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है। यानी खराब सड़कें सीधे लैंगिक असमानता को बढ़ावा देती हैं।

सड़कों का अच्छा न होना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डालता है। खेतों से निकली उपज समय पर मंडी तक नहीं पहुंच पाती, जिससे किसानों को नुकसान होता है। पुरुष अक्सर रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं और गांव में बचे परिवारों पर महिलाओं का बोझ बढ़ जाता है। महिलाएं खेत, घर और बच्चों की जिम्मेदारी एक साथ उठाती हैं, लेकिन खराब सड़कें उनके लिए बाजार तक पहुंचने और आत्मनिर्भर बनने की राह में दीवार बन जाती हैं। यहां यह समझना ज़रूरी है कि सड़क सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं है, यह सामाजिक न्याय और अवसर का आधार है। यदि सड़कें सुरक्षित, टिकाऊ और सबके लिए सुलभ हों तो वे गांव की लड़कियों के लिए शिक्षा का दरवाजा, महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मार्ग और बुजुर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती हैं।

सड़क के विकास को केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे मानवीय और लैंगिक दृष्टिकोण से समझना होगा। योजनाएं तब सफल होंगी जब उनमें स्थानीय महिलाओं की भागीदारी होगी, जब रख-रखाव के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनेगी और जब हर बच्चा, किशोरी, किसान और बुजुर्ग बिना डर और कठिनाई के इस रास्ते से गुजर सकेगा। आज भी नाथवाना के बच्चे धूल भरे रास्तों पर किताबें थामे स्कूल जाते हैं, लेकिन उनके चेहरे पर उम्मीद है कि शायद एक दिन उनके गांव की सड़कें भी पक्की होंगी, शायद कल किशोरियां भी बिना डर के अपने स्कूल जाएंगी।

# बिहार में सीटों की संख्या पर सियासी संग्राम






राधा रमण

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में विधानसभा चुनाव की लड़ाई टिकट बंटवारे पर आकर ठहर गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) हो या इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) दोनों के सहयोगी दल एक अदद सीट के लिए एक-दूसरे के विरोधी बने हुए हैं। ऊपर से दोनों गठबंधनों के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से यह दावा करते हैं कि सब ठीक-ठाक है और सीट बंटवारे की कोई समस्या नहीं है, लेकिन भीतर ही भीतर खींचतान जारी है। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव अपेक्षित हैं। राज्य में 22 नवंबर से पहले सरकार का गठन जरूरी है, क्योंकि वर्तमान सरकार का कार्यकाल 22 नवंबर को पूरा हो रहा है।

पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बात करते हैं। इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। वर्तमान विधानसभा में उसके 80 विधायक हैं। दूसरे स्थान पर जनता दल (यूनाईटेड) है। उसके 45 विधायक हैं। तीसरे स्थान पर चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) है। विधानसभा में लोजपा का कोई विधायक नहीं है, लेकिन पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में उसका स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। उसे चुनाव लड़ने के लिए कुल पांच सीटें दी गई थीं और उसने सभी सीटों पर जीत हासिल की। चौथे स्थान पर जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) है। विधानसभा में उसके चार विधायक हैं। चिराग की तरह मांझी भी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। गठबंधन में आखरी पायदान पर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोमो) है। कुशवाहा पिछले साल लोकसभा का चुनाव हार गए थे। बाद में भाजपा ने अपने कोटे से उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन दोनों के सहयोगी दल एक अदद सीट के लिए एक-दूसरे के विरोधी बने हुए हैं।

एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण भाजपा का दावा इस बार अधिक सीटों पर लड़ने का बनता है, लेकिन मुख्यमंत्री और गठबंधन का चेहरा होने के कारण जदयू इस बार भी बराबर सीटों का दावा कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू 115 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन उसे महज 43 सीटों पर जीत मिली थी। तब चिराग पासवान की लोजपा (आर) एनडीए के साथ नहीं थी। उसने चुन-चुनकर जदयू उमीदवारों के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिए थे। नतीजतन नीतीश कुमार की जदयू तीसरे स्थान पर खिसक गई थी। इस बार सीटों के बंटवारे में जदयू आर-पार के मूड में है। उसकी चाहत तो दोबारा 115 सीटों की है, लेकिन भाजपा के लिए भी यह चुनाव करो या मरो सरीखा है।

उधर, चिराग पासवान 35 से 40 सीटों पर अड़े हुए हैं। इस बीच जीतनराम मांझी ने बता दिया है कि यदि उनकी पार्टी को 15-20 से कम सीटें मिलीं, तो वह मजबूर होकर 100 सीटों पर उम्मीदवार उतार देंगे। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा सीटों की संख्या तो नहीं बताते, लेकिन इतना जरूर कहते हैं कि अगर इस बार भी उन्हें डुबोने की कोशिश की गई, तो डुबोने वाले भी डूब जाएंगे। कुशवाहा लोकसभा चुनाव में हुई अपनी करारी हार को अब तक नहीं पचा पाए हैं।

एनडीए की तरह महागठबंधन में भी सीटों का पेंच सुलझता नजर नहीं आ रहा है। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अलावा कांग्रेस, भाकपा, माकपा, माले, झामुमो, मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) शामिल है। इसमें कांग्रेस ने 76 उम्मीदवारों के नामों के साथ अपनी सूची तेजस्वी यादव को सौंप दी है। महागठबंधन पर दबाव बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने पटना में आजादी के बाद पहली बार अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक भी की है। पिछली बार कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 19 जीती थी। उसका स्ट्राइक रेट सबसे कम था। इस बार राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा निकालकर कांग्रेस ज्यादा उत्साहित है। वीआईपी के मुकेश सहनी भी 60 सीटों का दावा कर रहे हैं। पिछली बार मनमुताबिक सीटें नहीं मिलने के कारण वह आखरी समय में महागठबंधन से अलग हो गए थे। बिहार में वामदलों (भाकपा, माकपा और माले) का स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा था। तीनों दलों ने 29 सीटें लड़कर 19 जीती थीं। इस बार वामदल भी 40 सीटें मांग रहे हैं। कांग्रेस को सलाह देते हुए माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य कहते हैं कि ज्यादा सीटें लड़कर हार जाने से बेहतर कम सीटें लड़कर ज्यादा जीतना अच्छा होता है।

बिहार की लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने वाले जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर सभी 243 सीटों पर लड़ने का दावा करते हैं। उनका प्रचार भी सभी सीटों पर चल रहा है। तीन साल से प्रशांत पूरे बिहार में घूमते रहे हैं, हालांकि उन्होंने अभी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। संभवतः उनकी नजर दोनों गठबंधनों की सीटें घोषित होने पर है। जाहिर है, जिसे कहीं जगह नहीं मिलेगी वह जनसुराज की तरफ झुकेगा। इस बीच प्रशांत ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री मंगल पांडेय, मंत्री अशोक चौधरी और सांसद संजय जायसवाल पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाकर बिहार की सियासत में भूचाल ला दिया है।

उन्होंने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हत्यारोपी बताते हुए, उनकी शैक्षणिक डिग्री पर भी सवाल उठाए हैं। प्रशांत यहीं नहीं रुकने वाले हैं। वह कहते हैं की मेरे पास पुख्ता प्रमाण हैं। मैं बारी-बारी से सबकी पोल खोलूंगा। अब जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, अशोक चौधरी और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह भाजपा के तीनों नेताओं से सफाई देने की मांग कर रहे हैं। चुनाव से पहले प्रशांत किशोर के आरोपों पर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो नुकसान तय है, क्योंकि जनता की नजर में प्रशांत का पलड़ा भारी दिखता है।

## आमने सामने



आरएसएस की इस देश में कोई भूमिका नहीं रही है। यह केवल सत्ता को बचाए रखने का साधन मात्र हैं। मेरा सवाल है कि आरएसएस में कोई पिछड़ा या कभी कोई महिला अध्यक्ष क्यों नहीं बनी?

-उदित राज
कांग्रेस के नेता

जिस पार्टी के नेता राहुल गांधी हों और जो अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करें, तो स्वाभाविक है कि कांग्रेस के लोग भी उसी तरह की बात करेंगे। संघ विश्व में एक ऐसी संस्था है, जो रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्य करती है।

-गिरिराज सिंह
केंद्रीय मंत्री



# जेन ज़ी और राष्ट्र निर्माण में भूमिका



डॉ. नीलू तिवारी

लेखिका

हाल ही में केरल की 22 वर्षीय अलक्षिता राजन ने अपने कॉलेज के साथियों के साथ मिलकर एक स्टार्टअप शुरू किया, जो ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल ट्रेनिंग देकर ऑनलाइन रोजगार उपलब्ध कराता है। कुछ ही समय में सैकड़ों महिलाएं इससे जुड़ गईं और उनकी आजीविका सुधर गई। यह उदाहरण बताता है कि अगर जेन ज़ी को सही दिशा और अवसर मिले तो यह पीढ़ी समाज और राष्ट्र दोनों के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इसी तरह भारत में रितिका खन्ना जैसी युवाओं ने प्लास्टिक मुक्त भारत, महिला सुरक्षा और डिजिटल शिक्षा जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई है। ये उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि जेन ज़ी में ऊर्जा, नवाचार और सामाजिक चेतना अपार है, लेकिन जेन ज़ी की शक्ति हमेशा सकारात्मक दिशा में नहीं जाती। दिल्ली के एक 19 वर्षीय छात्र का उदाहरण लें, जिसने दिनभर रील बनाने और गेम्स खेलने में समय बिताया और पढ़ाई में पिछड़ने के कारण अवसाद का सामना करना पड़ा।

आखिर यह जेन ज़ी पीढ़ी होती क्या है? कौन से युवा इसमें शामिल माने जाते हैं? इसे समझने का प्रयास करते हैं। जेन ज़ी वह पीढ़ी है, जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। आज इनकी उम्र लगभग 13 से 28 वर्ष के बीच है। इस पीढ़ी को डिजिटल नेटिव कहा जाता है, क्योंकि यह जन्म से ही मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के वातावरण में पली-बढ़ी है। जेन ज़ी की प्रासंगिकता इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह वर्ग राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

जेन ज़ी आने वाले समय की धुरी हैं। यदि इनकी ऊर्जा, सोच और जज्बे का सही उपयोग किया जाए तो यह समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

यह पीढ़ी लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सक्रिय है और सोशल मीडिया के माध्यम से जनमत तैयार कर बदलाव की दिशा में काम करती है। आर्थिक दृष्टि से भी यह वर्ग महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सबसे बड़ा उपभोक्ता समूह है और स्टार्टअप्स, डिजिटल सेवाओं तथा ऑनलाइन मार्केटिंग को नई दिशा दे रहा है। तकनीक, रचनात्मकता और वैश्विक दृष्टिकोण के कारण जेन ज़ी आज परिवर्तन का प्रतीक बन चुकी है और आने वाले समय में समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने वाली सबसे प्रभावशाली शक्ति होगी।

जेन ज़ी की गतिविधियां आंशिक रूप से सही भी हैं और चिंताजनक भी। सही इसलिए हैं, क्योंकि यह पीढ़ी तकनीक का उपयोग कर समाज को नई दिशा दे रही है। यह भ्रष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर आवाज उठा रही है। इनके प्रयासों से समाज में जागरुकता फैल रही है और कई सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जेन ज़ी का हर कदम पूरी तरह सही नहीं है। सोशल मीडिया पर अत्यधिक निर्भरता, फेक न्यूज का प्रसार, मानसिक तनाव और वास्तविक रिश्तों से दूरी समाज पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। इनके जीवन में अधीरता और सांस्कृतिक मूल्यों से दूरी भी देखी जा रही है, जो लंबे समय में हानिकारक हो सकती है।

असल में जेन ज़ी तुरंत बदलाव और परिणाम चाहती है। यह एक ऐसी पीढ़ी है, जो अपने ज्ञान, तकनीकी दक्षता और ऊर्जा से बदलाव की नई इबारत लिख सकती है, लेकिन यदि यह पीढ़ी इनका उपयोग केवल व्यक्तिगत प्रसिद्धि और तात्कालिक सुख के लिए करेगी तो समाज में असंतुलन और अस्थिरता बढ़ेगी। अतः इस पीढ़ी को चाहिए कि वह अपनी क्षमताओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में लगाए। हर पीढ़ी के कुछ सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं, लेकिन जेन ज़ी का प्रभाव समाज पर अधिक व्यापक और तेज है, क्योंकि यह इंटरनेट और सोशल मीडिया से जुड़ी हुई है। यह ताकत समाज को जागरूक बना सकती है, बशर्ते इसका उपयोग जिम्मेदारी और संयम के साथ किया जाए। यदि जेन ज़ी केवल आभासी दुनिया में सीमित रहकर अपनी पहचान बनाएगी, तो यह समाज के लिए हानिकारक साबित होगा।

वास्तविक जीवन के रिश्तों, परंपराओं और मूल्यों से जुड़ाव ही उन्हें संतुलित और सशक्त बना सकता है, इसलिए तकनीक और परंपरा के बीच संतुलन बनाए रखना समय की मांग है। मानसिक स्वास्थ्य, धैर्य की कमी और सामाजिक अलगाव जैसी चुनौतियां केवल जेन ज़ी की समस्या नहीं हैं, बल्कि पूरे समाज पर इसका असर पड़ रहा है। यदि इस पीढ़ी को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिला तो यह समाज को नई दिशा दे सकती है। भविष्य में समाज की दिशा और दशा काफी हद तक जेन ज़ी पर निर्भर करेगी।

सरकार जेन ज़ी को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता युवाओं को संतुलित बनाती है। रोजगार व कौशल विकास योजनाएं उन्हें समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान का अवसर देती हैं, वहीं सोशल मीडिया पर नियंत्रण और सांस्कृतिक-खेल गतिविधियों को बढ़ावा देकर सरकार इस पीढ़ी को जिम्मेदार व सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बना सकती है। जेन ज़ी ही आने वाले समय की धुरी है और यदि इसकी ऊर्जा, सोच और तकनीक का सही उपयोग किया जाए तो यह समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

## सोशल फोरम

# अनाम महिला की गुप्त डायरी 'द येलो वॉलपेपर'

बात 1892 में लिखी गई एक ऐसी कहानी की, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। शार्लट पर्किंस गिलमैन की 'द येलो वॉलपेपर' (The Yellow Wallpaper)। यह कहानी एक अनाम महिला की गुप्त डायरी है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों के लिए एक पुरानी हवेली में लाया गया है। वह हाल ही में मां बनी है और 'अस्थायी नर्वस डिप्रेशन' से पीड़ित है, जिसे हम आज प्रसवोत्तर अवसाद (postpartum depression) के रूप में जानते हैं। उसका पति, जॉन, एक डॉक्टर है। वह उसकी भावनाओं को बचकाना कहकर खारिज कर देता है और उसे 'रेस्ट क्योर' (Rest Cure) नामक इलाज पर रखता है, जिसका मतलब है- कोई काम नहीं, कोई सामाजिक मेलजोल नहीं और सबसे जरूरी, कोई रचनात्मक काम (जैसे लिखना) नहीं।



कलम रंगदार

फेसबुक

उसे ऊपर की एक पुरानी नर्सरी में रखा जाता है, जिसकी खिड़कियों पर सलाखें हैं और दीवारों पर एक अजीब, बीमार सा पीले रंग का वॉलपेपर लगा है। शुरू में उसे वह वॉलपेपर घिनौना लगता है। उसका रंग फीका है, पैटर्न उलझा हुआ है और जगह-जगह से फटा हुआ है, लेकिन जैसे-जैसे दिन हफ्तों में बदलते हैं, उसका अकेलापन और दिमागी निष्क्रियता उसे उस वॉलपेपर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर कर देती है। उसे उस उलझे हुए पैटर्न के पीछे एक और छिपा हुआ पैटर्न दिखाई देने लगता है- एक औरत की धुंधली सी आकृति, जो उन सलाखों जैसे पैटर्न के पीछे रेंग रही है, बाहर निकलने की कोशिश कर रही है।

चांदनी रात में वह औरत ज्यादा साफ दिखती है और कहानी की नायिका का जुनून बढ़ता जाता है। वह उस वॉलपेपर में कैद औरत के साथ एक गहरा जुड़ाव महसूस करने लगती है और उसे आजाद कराना अपना मकसद बना लेती है। कहानी का अंत झकझोर देने वाला है, जहां हकीकत और भ्रम के बीच की रेखा पूरी तरह मिट जाती है।

'द येलो वॉलपेपर' सिर्फ एक डरावनी कहानी नहीं है। यह 'गैसलाइटिंग' (जब कोई आपके सच पर आपको ही शक करने पर मजबूर कर दे), महिलाओं की मानसिक सेहत को नजरअंदाज करने और रचनात्मक स्वतंत्रता को दबाने के भयानक परिणामों का एक शक्तिशाली दस्तावेज है। यह कहानी पूछती है- असली कैद क्या है? कमरे की चारदीवारी या समाज द्वारा बनाए गए नियम?

## सामयिकी

# आखिर ऐसे माहौल में कैसे पढ़ेगी बेटी!

राजधानी दिल्ली के एक प्रतिष्ठित कालेज में पढ़ाई कर रहीं कालेज की छात्राओं पर दबाव बनाकर और ब्लैकमेल कर उनका शारीरिक शोषण किया जा रहा था। यह सिलसिला लम्बे समय से चल रहा था, लेकिन कुछ लड़कियां मुखर हुईं और शिकायत की। कालेज में स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर गंभीर आरोप लगे हैं। माथे पर त्रिपुंड और गले में रुद्राक्ष धारण करने वाले इस बाबा पर कई लड़कियों की इज्जत पर बुरी नजर डालने के आरोप हैं। हमेशा भगवा वस्त्र में दिखने वाले इस बाबा के खिलाफ 32 लड़कियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इसमें से 17 लड़कियों ने अभद्र भाषा, अश्लील व्हाट्सऐप मैसेज और फिजिकली टच करने के आरोप भी लगाए हैं। यह मामला दक्षिणी दिल्ली में स्थित श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान का है। यह संस्थान श्री श्रृंगेरी मठ द्वारा चलाया जाता है। मठ के प्रशासन पीए मुरली ने बाबा स्वामी पार्थ सारथी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाबा संस्थान की छात्राओं को कम नंबर देने की धमकी देता था।



मनोज अग्रवाल

स्वतंत्र पत्रकार

देर रात छात्रों को अपने कमरे में बुलाता था और उनसे फिजिकल फेवर मांगता था। दिल्ली पुलिस ने श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में पढ़ रही छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न और धोखाधड़ी के गंभीर आरोपों की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, आरोपी स्वामी चैतन्यनंद सरस्वती पार्थ सारथी ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम कोर्स कर रहीं छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, उन्हें अश्लील व्हाट्सऐप और एसएमएस संदेश भेजे और शारीरिक संपर्क बनाने की कोशिश की।

यह शिकायत चार अगस्त 2025 को पीए मुरली, प्रशासक, श्री श्रृंगेरी मठ एवं उसकी संपत्तियों की ओर से थाना वसंत कुंज नॉर्थ में दर्ज कराई गई। शिकायत में यह भी आरोप है कि संस्थान की कुछ महिला फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारी आरोपी की मदद करते थे और छात्राओं पर उसकी मांगें पूरी करने का दबाव बनाते थे, जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। पुलिस जांच के दौरान कुल 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए, जिनमें से 17 ने आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न, अश्लील संदेश और शारीरिक संपर्क बनाने के प्रयासों का स्पष्ट उल्लेख किया।

आरोपी बाबा पार्थ सारथी ओडिशा का रहने वाला है। करीब 12 साल से यहां आश्रम में रह रहा था। बाबा पर छेड़खानी के दो मामले उड़ीसा में भी दर्ज हुए थे। पहला 2009 और दूसरा 2016 में। बाबा इस आश्रम का केयरटेकर और संचालक था। वो इसी आश्रम में रह रहा था। इससे पहले भी इसी साल दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज के एक प्रोफेसर, जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था, ने इस मुद्दे पर प्रशासन द्वारा कथित निष्क्रियता को लेकर परिसर में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद आठ जनवरी, 2025 को इस्तीफा दिया।

कथित घटना पिछले साल दिसंबर में हुई थी, जब प्रोफेसर, जो विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ में एक प्रमुख पद पर है, ने एक नाबालिग छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था। सक्षम पोर्टल के अनुसार 2022-23 के दौरान देश के 238 विश्वविद्यालयों में 378 यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की गई। यह नारी पूज्यंते और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे वाले देश की हकीकत बयान करता है। आखिर कब तक हमारे शिक्षण संस्थानों में छात्राएं असुरक्षित रहेंगी? सरकार कब इस पर जीरो टॉलरेंस नीति पर अमल करेगी?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# विश्व की पहली एआई महिला मंत्री

बीते दिनों अल्बानिया ने संसदीय इतिहास में एक ऐसा कदम उठाया है, जो दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। यूरोप महाद्वीप के इस देश के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक 'आर्टिफिशियल मंत्री' 'डिएला' नियुक्त की है, जो मानव न होकर 'कृत्रिम बुद्धि जनित' यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। 'डिएला' का अर्थ अल्बानियाई भाषा में 'सूर्य' होता है। तकनीक के नए युग दुनिया में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए पहली बार किसी देश ने एक गैर मानव 'एआई बॉट मंत्री' डिएला नियुक्त की है। इसको लेकर जटिल संवैधानिक समस्या उत्पन्न हो गई है, साथ ही कई व्यवस्थागत और तकनीकी जोखिम भी उभर आए हैं।

*-हरीश शिवनानी, लेखक*

अल्बानिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख एनियो कासो ने 12 सितंबर को अल्बानिया की राजधानी तिराना में एआई बॉट 'मंत्री' 'डिएला' का परिचय दिया। यह विश्व की एक ऐसी 'कैबिनेट मंत्री' है, जो 'शारीरिक' नहीं हैं। डिएला को सार्वजनिक खरीद विभाग का मंत्री बनाया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी निविदाओं के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज और जवाबदेह बनाकर भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना है। डिएला एक 'एआई-पावर्ड वर्चुअल असिस्टेंट' है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया गया था। यह ई-अल्बानिया प्लेटफॉर्म पर पहले से ही एक वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही थी। इसे पारंपरिक अल्बानियाई वेशभूषा में एक महिला के रूप में चित्रित किया गया है। इसे 'आर्टिफिशियल मंत्री' बनाने से अल्बानिया में संवैधानिक सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अल्बानिया के संविधान के अनुसार मंत्रियों को 18 वर्ष से अधिक आयु का मानसिक रूप से सक्षम 'नागरिक' होना चाहिए।



## क्या है संवैधानिक समस्या

विश्लेषकों का कहना है कि इससे प्रधानमंत्री को एआई डिएला के निर्माण और संचालन का अधिकार तो मिल गया है, लेकिन सवाल संविधान सम्मत होने का है कि मानव की जगह 'कृत्रिम आभासी ईकाई' को मंत्री कैसे बनाया जा सकता है? स्वयं अल्बानियाई राष्ट्रपति के पास भी इसका स्पष्ट जबाव नहीं है। अल्बानियाई कानूनी विशेषज्ञों ने भी संवैधानिक चुनौतियों की ओर इशारा किया है। दरअसल अल्बानिया लंबे समय से अपनी सुरक्षा और अन्य हितों के लिए यूरोपीय संघ की सदस्यता हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन बेहद भ्रष्टाचार के मुद्दे के कारण उसे यह सदस्यता नहीं मिल पा रही है। भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए उसने एक 'गैर मानव आभासी ईकाई' पर दांव खेला है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भ्रष्टाचार जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए नवीन तकनीकी समाधानों की तलाश एक अहम पहल है, लेकिन यह कई गंभीर जोखिमों और चुनौतियों से भरा हुआ कदम है। सबसे बड़ा है जवाबदेही और दायित्व का संकट। अगर एआई कोई गलत निर्णय लेती है, जिससे वित्तीय नुकसान होता है या किसी की जान को खतरा होता है तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? मंत्री एक जवाबदेह व्यक्ति होता है, जिसे संसद के सामने जवाब देना होता है और उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। एक एआई सिस्टम को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता। अगर एआई मंत्री का फैसला नागरिकों के खिलाफ जाता है तो उस फैसले के पीछे का तर्क समझाना और उसकी समीक्षा करना असंभव हो सकता है।

एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह का भी अपना जोखिम है। एआई अपने प्रशिक्षण डेटा से सीखती है। अगर ऐतिहासिक डेटा में मानवीय पूर्वग्रह (जैसे जाति, लिंग, क्षेत्र के आधार पर भेदभाव) शामिल है तो एआई उन्हीं पूर्वाग्रहों को और मजबूत करके निर्णय लेगी। इनके अलावा एक गंभीर प्रश्न सुरक्षा और हैकिंग का है। एक एआई सिस्टम साइबर हमलों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। हैकर्स एआई के निर्णयों को तकनीकी चालाकी से अपने हित में बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए सार्वजनिक खरीद के मामले में हैकर्स निविदा के परिणामों को अपने पक्ष में करने के लिए एआई में छेड़छाड़ कर सकते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक मंत्री जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का हिस्सा होता है और अप्रत्यक्ष रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होता है। सबसे बड़ी हैं कानूनी और संवैधानिक चुनौतियां। अधिकांश देशों के संविधान और कानून मंत्री पद के लिए 'मनुष्य' होने की शर्त है। एआई को मंत्री बनाना संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। यह एक अत्यंत जटिल कानूनी सवाल है, जिस पर अभी वैश्विक सहमति नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीक एक उपकरण है, शासक नहीं। निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी हमेशा मनुष्य के पास ही होनी चाहिए।

## खोज

# प्लास्टिकः जीवन का सर्वव्यापी आविष्कार

हम अपने चारों ओर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। टूथब्रश से लेकर टॉयलेट सीट, लाइट के स्विच, खाने के बर्तन, पैकेजिंग सामग्री और पानी की बोतल तक, लगभग हर जगह इसका इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक शब्द यूनानी भाषा के 'प्लैतिकोस' शब्द से निकला है, जिसका अर्थ है, "किसी भी आकार में ढाला जा सकने वाला पदार्थ"। प्लास्टिक मुख्य रूप से पॉलिमर से बने होते हैं और इनकी संरचना में कार्बन की उपस्थिति प्रमुख होती है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसे किसी भी आकार, रूप और मजबूती में ढाला जा सकता है, जिस कारण यह सस्ता, हल्का और टिकाऊ पदार्थ बन गया है।



पहला मानव निर्मित प्लास्टिक 1856 में ब्रिटिश वैज्ञानिक अलेक्जेंडर पाक्स ने तैयार किया था, लेकिन आधुनिक प्लास्टिक के विकास और इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बनाने का श्रेय लियो हेंड्रिक बेकलैंड को जाता है। बेल्जियम मूल के इस अमेरिकी वैज्ञानिक ने फिनॉल और फॉर्मेल्डिहाइड के प्रयोग से एक नए पदार्थ की खोज की, जिसे बाद में बेकलाइट और आज सामान्य भाषा में प्लास्टिक कहा जाता है।

### लियो हेंड्रिक बेकलैंड- वैज्ञानिक

जन्म -14 नवंबर 1863 को बेल्जियम के गेंट में हुआ

शिक्षा - गेंट विश्वविद्यालय से बीएस और 1884 में उसी स्कूल से एस.सी.डी. की उपाधि प्राप्त की। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय ने उन्हें 1916 में रसायन विज्ञान में मानद डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया।

आविष्कार-1907 में प्लास्टिक का किया, जिसे उन्होंने बैकेलाइट कहा।



# AI ने सुलझाए कठिन गणित के सवाल






बीती मई कैलिफोर्निया के बर्कले शहर में एक खास बैठक हुई। इसमें दुनिया के 30 जाने-माने गणितज्ञ शामिल हुए, जिनमें कुछ ब्रिटेन से भी आए थे। इस बैठक का मोटिव ओपेन एआई के नए एआई मॉडल ओ-4-मिनी की असली गणितीय क्षमता परखना था। दो दिन तक गणितज्ञों ने प्रोफेसर स्तर के कठिन सवाल को एआई को हल करने के लिए दिए। नतीजा देखकर गणितीय विद्वान भी हैरान रह गए कि यह चैटबॉट उन सवालों के सही उत्तर देने में सक्षम है, जिन्हें दुनिया के सबसे मुश्किल सवालों में से माना जाता है। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के गणितज्ञ केन ओनो ने कहा, "मेरे कई सहकर्मी मानने लगे हैं कि यह मॉडल गणितीय प्रतिभा के करीब पहुंच चुका है।"

यह मॉडल रीजनिंग लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) कहलाता है। इसे खासतौर पर गहन तर्क और मल्टी स्टेप तर्क शक्ति के लिए तैयार किया गया है। गूगल का जेमिनी 2.5 फ्लैश भी इसी तरह की क्षमताओं वाला मॉडल है। पहले के जीपीटी मॉडल जहां केवल शब्दों की भविष्यवाणी पर आधारित थे, वहीं ओ-4-मिनी स्मूथ, तेज और खास डाटासेट पर प्रशिक्षित और आधारित है। इसमें इंसानों से मिला मजबूत फीडबैक भी शामिल है, जिससे यह पारंपरिक मॉडलों से कहीं गहराई तक जाकर जटिल गणित हल कर पाता है। ओपेन एआई ने इसकी क्षमता जांचने के लिए इपोच एआई नाम की एक गैर-लाभकारी संस्था को 300 ऐसे कठिन सवाल बनाने का काम दिया, जो पहले कभी प्रकाशित नहीं हुए थे। पारंपरिक एआई मॉडल इनमें से 2 प्रतिशत से भी कम हल कर पाए, लेकिन ओ-4-मिनी ने सबको चौंकाते हुए कई सवालों के सही हल ढूंढ निकालने में सक्षम है।

## न्यू अपडेट्स

### रियलमी ने लॉन्च किया 50 एमपी सेल्फी कैमरा मोबाइल




अगर आप टिकाऊ फोन की तलाश में हैं तो फिर रियलमी आपके लिए लेकर आया है, अपना नया मॉडल रियलमी 15 एक्स 5 जी मोबाइल फोन। फोन को ऐसा डिजाइन किया गया है कि फोन न तो गिरने पर टूटेगा और न घंटों पानी में रहने के बाद खराब होगा।

**फीचर्स**

डिस्प्ले: 144 एचजेड रिफ्रेश रेट, 1200 यूनिट्स पीक ब्राइटनेस और 180 एचजेड टच सैंपलिंग रेट सपोर्ट के साथ 6.8 इंच की बड़ी एचडी+एलसीडी स्क्रीन दी गई है। प्रोसेसर: मीडिया टेक डाइमेंसिटी 6300 एसओसी का चिपसेट दिया गया है, जो एंड्राइड 15 पर बेस्ड यूआई 6.0 ओएस पर काम करेगा। कैमरा: बैक पैनल में सोनी आईएमएक्स 882 सेंसर वाला 50 एमपी का एआई रियर कैमरा दिया गया है। सबसे खास बात यह है कि इस सेगमेंट का यह पहला मॉडल है, जिसमें 50 एमपी का ही फ्रंट कैमरा भी दिया गया है। साथ ही 60 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 7000 एमएएच की बैटरी भी है।

## विज्ञान फैक्ट

### बिना सिर का जीवन



कॉकरोच से ज्यादातर महिलाएं और बच्चे डरते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि यह विज्ञान की दुनिया में अपनी मेहनत के लिए जाना जाता है। इनका परिसंचरण तंत्र खुला होता है, इसलिए ये अपने शरीर के प्रत्येक हिस्से में स्थित छोटे छिद्रों से सांस ले सकते हैं। कॉकरोच सांस लेने के लिए मुंह या सिर पर निर्भर नहीं होते हैं। तभी सिर कटने के बाद भी कॉकरोच एक सप्ताह या इससे अधिक दिनों तक जीवित रह सकता है। इनकी मौत इसलिए होती है, क्योंकि मुंह के बिना ये पानी नहीं पी पाते और प्यास से मर जाते हैं।

# कांगो वर्षावनः अफ्रीका का हरा-भरा खजाना

## जंगल की दुनिया

कांगो वर्षावन, जिसे मध्य अफ्रीकी वर्षावन भी कहा जाता है। यह दुनिया के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय वनों में से एक है। यह वन लगभग 37 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसका सबसे बड़ा हिस्सा कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में स्थित है। इस घने वन क्षेत्र में जैव विविधता का अद्भुत संसार छिपा है। यहां गोरिल्ला, जंगली हाथी और सैकड़ों दुर्लभ पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। वहीं इसके गहरे दलदली इलाकों में रहस्यमयी और दुर्लभ ओकापी निवास करता है, जो केवल इसी क्षेत्र में मिलता है। कांगो नदी इस विशाल वन का हृदय मानी जाती है, जो एक अनोखे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में महती भूमिका निभाती है। यह वर्षावन न सिर्फ वन्य जीवन का घर है, बल्कि जलवायु संतुलन, ऑक्सीजन उत्पादन और लाखों लोगों की आजीविका का भी आधार है। हालांकि वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से यह वन आज बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। फिर भी इसका संरक्षण पूरे विश्व के पर्यावरण और जैव विविधता के लिए बेहद जरूरी है।



## रोचक किस्सा

निकोला टेस्ला को दुनिया के सबसे कल्पनाशील और अजीबोगरीब वैज्ञानिकों में गिना जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वे एक ऐसे वैज्ञानिक हैं, जो स्नातक पास नहीं थे। टेस्ला ने ग्राज के ऑस्ट्रियन पॉलिटेक्निक में शिक्षा प्राप्त की, लेकिन संभवतः अब तक के सबसे आविष्कारशील और विलक्षण वैज्ञानिक थे। टेस्ला बिजली के अद्भुत प्रयोगों के लिए जाने जाते थे, उन्होंने कृत्रिम बिजली की ऐसी चमकें पैदा कीं जो 135 फुट लंबी होती थीं। इसके अलावा वे पार्टिकल गन जैसे आविष्कारों पर काम करते रहे, जिसे वे हजारों हवाई जहाज गिराने में सक्षम मानते थे। उन्होंने गुरुत्वाकर्षण रहित उड़ने वाली मशीनों के बारे में भी विचार रखे। वहीं उनके व्यावहारिक शोध में एसी करंट और एक्स-रे पर किए गए अध्ययन शामिल हैं। जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी, उनका व्यवहार और भी विचित्र होता चला गया। वे संख्या तीन को लेकर बेहद जुनूनी हो गए और उन्हें मानव बाल छूना बिल्कुल पसंद नहीं था। टेस्ला को यह विश्वास था कि उन्होंने बाहरी ग्रहों के जीवों से संपर्क किया है। इतना ही नहीं, वे एक कबूतर के प्रति गहरा स्नेह महसूस करने लगे और सोचते थे कि कबूतर भी उन्हें उसी तरह प्यार करता है। टेस्ला को एक ऐसा "पागल जीनियस" माना जाता है, जिन्होंने विज्ञान और कल्पना दोनों की सीमाओं को छूआ था।



## भारत ने यूएई से बढ़ते आयात पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** भारतीय प्राथमिक तांबा उत्पादक संघ (आईपीसीपीए) ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से तांबे की छड़ों के बढ़ते आयात पर चिंता जाहिर की और आगाह किया कि इस प्रवृत्ति से तांबा शोधन में घरेलू निवेश को खतरा है। भारतीय उत्पादकों में 1996 से हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, वेदांता लिमिटेड और कच्छ कॉपर लिमिटेड (अडाणी समूह) ने 12.5 लाख टन की घरेलू परिष्कृत तांबा उत्पादन क्षमता का निर्माण किया है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## एसकेएफ 1,460 करोड़ करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा बनाने वाली प्रमुख कंपनी एसकेएफ इंडिया समूह क्षमता विस्तार और एक नया कारखाना लगाने समेत मोटर वाहन और औद्योगिक क्षेत्रों में 2030 तक 1,460 करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना बनाई है। समूह ने अपने वाहन और औद्योगिक कारोबार को अलग कर लिया है। कंपनी को उम्मीद है कि अलग हुई औद्योगिक इकाई एसकेएफ इंडिया (इंडस्ट्रियल) लिमिटेड आवश्यक अनुमोदन के बाद इस वर्ष नवंबर तक सूचीबद्ध हो जाएगी। एसकेएफ इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि औद्योगिक कारोबार का विभाजन एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने इस योजना को मंजूरी दे दी है।

## कोयम्बटूर-अहमदाबाद उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने कोयम्बटूर और अहमदाबाद के बीच 26 अक्टूबर से उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि इन दोनों शहरों के बीच सीधा संपर्क प्रदान करने वाली वह अकेली एयरलाइंस होगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। इस मार्ग पर वह एयरबस के ए320 विमान का परिचालन करेगी। कंपनी का कहना है कि कोयम्बटूर उद्योग और शिक्षा का केंद्र है जबकि अहमदाबाद की पहचान वाणिज्य और कारोबार के केंद्र के रूप में है। दोनों शहरों के बीच यात्रा की काफी मांग है। इंडिगो के बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि अहमदाबाद और कोयम्बटूर के बीच सीधी सेवा शुरू करने दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## दो साल में आईपीओ लाएगी एग्रीटेक स्टार्टअप

**नई दिल्ली।** एग्रीटेक स्टार्टअप कंपनी आर्या.एजी ने दो साल में अपना कर पूर्व मुनाफा दोगुना करने और शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की योजना बनाई है। कंपनी के सह-संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक आनंद चंद्रा ने कहा कि आर्या.एजी मुख्यत: तीन प्रकार के कारोबार में है। वह किसानों को उनका अनाज रखने के लिए वेयरहाउस की सुविधा मुहैया कराती है, वेयरहाउस में रखे उनके अनाज के बदले उन्हें ऋण देती है और अनाज बिकवाने में किसानों की मदद करती है। 21 राज्यों के 350 से जिलों में कंपनी की उपस्थिति है।

# 5 हजार का खादी जरूर खरीदें : शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने की महात्मा गांधी की जयंती पर खादी महोत्सव-2025 की शुरुआत

- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल खादी खरीदने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है। शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी में दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे। चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं।

उन्होंने लोगों से खादी और स्वदेशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिये।

खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



### सरकार के प्रयास से 2014 से आज तक खादी में हुई कई गुणा की बढ़ोतरी

शाह ने कहा कि मोदी के प्रयासों के कारण फिर से खादी एक प्रकार से जन-जन की उपयोग की चीज बनी है। उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि 2014 से आज तक खादी में कई गुणा की बढ़ोतरी हुई। आज खादी ग्रामोद्योग का टर्नओवर 1.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। हजारों परिवारों ने तय किया कि हमारे परिवार में कोई विदेशी वस्तु का उपयोग नहीं होगा। हजारों-लाखों दुकानदारों ने तय किया है कि हमारी दुकान में विदेशी माल की बिक्री नहीं होगी।

# इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण योजना को 1.15 लाख करोड़ के मिले निवेश : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना को 1.15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि योजना को बनाते समय निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में ये प्रस्ताव निवेश, रोजगार और उत्पादन के लक्ष्यों से कई गुना अधिक हैं।

वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के लिए आवेदन की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई। हमें 1,15,351 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कुल आवेदनों में से 60% छोटे एवं मझोले उद्यमों से आए हैं। करीब 60% आवेदन एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) से आए हैं। यह बहुत उत्साहजनक है क्योंकि जब छोटी कंपनियां कार्यक्रम और नीति पर विश्वास दिखाती हैं तो यह एक बड़ा बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत करीब 59,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त करने की परिकल्पना की है और पूंजीगत उपकरण खंडों के लिए आवेदन अब भी दिए जा सकते हैं। चीन वर्तमान में पूंजीगत उपकरण क्षेत्र में हावी है और उसने देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन के लिए वस्तुओं, विशेष रूप से आईफोन की आपूर्ति अनौपचारिक रूप से रोक दी थी।

वैष्णव ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। कुल 249 कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं जिनकी मंजूरी से पहले एक समिति द्वारा जांच की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि सभी आवेदनों की जांच अब एक समिति करेगी और हमें उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। यह प्रोत्साहन उन कंपनियों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा जो दिशानिर्देशों के अनुसार अपने निवेश, उत्पादन आदि लक्ष्यों को जल्द से जल्द पूरा करेंगी। 4,56,500 करोड़ रुपये के उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले हमें 10,34,000 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादन अनुमान प्राप्त हुए हैं।



- केंद्रीय मंत्री बोले- तय लक्ष्यों की तुलना में निवेश, रोजगार व उत्पादन के लक्ष्यों से कई गुना

# म्यूचुअल फंड में नुवामा वेल्थ ने किया प्रवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय सेवा कंपनी नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को अपने प्रस्तावित म्यूचुअल फंड व्यवसाय की स्थापना के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट ने बताया कि सेबी ने एक अक्टूबर 2025 को पत्र के माध्यम से कंपनी को प्रायोजक के रूप में कार्य करने और प्रस्तावित नुवामा म्यूचुअल फंड की स्थापना करने की मंजूरी दे दी है।

नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट को इससे विशेष निवेश फंड श्रेणी सहित म्यूचुअल फंड के अंतर्गत योजनाएं शुरू करने में मदद मिलेगी। म्यूचुअल फंड के पंजीकरण के लिए अंतिम मंजूरी सेबी द्वारा दी जाएगी, बशर्ते कंपनी कुछ आवश्यकताओं को पूरा करे।

कंपनी ने शेयर बाजार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को आवेदन करने के बारे में जनवरी में सूचित किया था, जिसमें नुवामा म्यूचुअल फंड के प्रायोजक के रूप में कार्य करने की मंजूरी मांगी गई थी।



- प्रायोजक के रूप में भूमिका के लिए भी सेबी से मिली मंजूरी

# भारत 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय से बनेगा पेट्रोकेमिकल का केंद्र : एसएंडपी

नई दिल्ली, एजेंसी

आत्मनिर्भरता बढ़ाने को 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना के दम पर भारत जल्द वैश्विक पेट्रोकेमिकल उद्योग में प्रमुख स्थिति हासिल कर सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है।

पेट्रोकेमिकल आपूर्ति के नए परिदृश्य पर केंद्रित इस रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की तरह भारत की भी पेट्रोकेमिकल क्षमता में आक्रामक विस्तार की नीति एशिया के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अधिक आपूर्ति से उपजे दबाव को बढ़ा सकती है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल उपभोक्ता देश भारत अब तक घरेलू मांग पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर रहा है, लेकिन अब आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। एसएंडपी का अनुमान है कि 2030 तक वैश्विक नई पेट्रोकेमिकल क्षमता में भारत की हिस्सेदारी एक तिहाई हो जाएगी। सार्वजनिक उपक्रमों के जरिये भारत रिफाइनरी क्षमता के विस्तार पर 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा जबकि निजी क्षेत्र का 12 अरब डॉलर का निवेश अपेक्षाकृत लचीला होगा। एसएंडपी के क्रेडिट विश्लेषक केर लिआंग चान ने कहा कि भारत की यह क्षमता विस्तार योजना चीन के समान है और एशियाई पेट्रोकेमिकल उद्योग में प्रतिस्पर्धा को और बढ़ाएगी। भारत की घरेलू मांग, खासकर पॉलीएथिलीन जैसे उत्पादों की, निर्माताओं की आय को बनाए रखने में मदद करेगी, भले वैश्विक कंपनियों को मूल्य दबाव व संभावित उद्योग एकीकरण का सामना करना पड़े।

### उद्योग क्षमता को और बढ़ा सकती है आत्मनिर्भरता

विश्लेषक शॉन पार्क ने कहा कि चीन और भारत की आत्मनिर्भरता की पहल उद्योग में क्षमता को और बढ़ा सकती है, खासकर जब वैश्विक मांग धीमी है और व्यापार तनाव जारी हैं। रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि एशियाई पेट्रोकेमिकल निर्यातकों के लिए अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में निर्यात करना महंगा हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी शुल्कों के कारण विकल्प सीमित हैं। इसके बावजूद, मजबूत घरेलू मांग के चलते भारतीय उत्पादकों की आय को अपेक्षाकृत सुरक्षा प्राप्त रहेगी। रिपोर्ट कहती है कि भारत वर्ष 2030 तक पॉलीएथिलीन का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन सकता है और वैश्विक पेट्रोकेमिकल उद्योग में उसकी स्थिति मजबूत होगी।

# आईटी की वृद्धि होगी धीमी, एआई संचालित क्षेत्र में होगा सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय आईटी क्षेत्र में धीमी वृद्धि देखी जा रही है और उद्योग के हालिया परिणाम वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सुस्त परिदृश्य की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि प्रमुख निर्यात बाजारों में सुधार और नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ वित्त वर्ष 2026-27 में सुधार संभव है।

एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, ग्राहकों के बीच निकट भविष्य में विवेकाधीन व्यय कमजोर बना हुआ है लेकिन अगले वित्त वर्ष में इसमें तेजी आने के संकेत हैं खासकर जब उद्यमों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने की गति बढ़ रही है। रिसर्च ने कहा कि हालांकि निकट अवधि में मांग का माहौल नरम और अपरिवर्तित बना हुआ है लेकिन वित्त वर्ष 2026-27 में उद्यम स्तर पर एआई को अपनाने की इच्छुक आईटी कंपनियों की मांग में वृद्धि से मांग में तेजी आने की संभावना है...। प्रमुख संकेतक दर्शाते हैं कि भारतीय आईटी क्षेत्र को वैश्विक व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, ग्राहक लागत अनुकूलन और निर्णय लेने में देरी से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। टीसीएस, इन्फोसिस और एचसीएलटेक जैसी कंपनियों ने पहली तिमाही में मजबूत बुकिंग और सौदों की पाइपलाइन की सूचना दी फिर भी वास्तविक राजस्व वृद्धि का अनुमान 1-5% पर सीमित है।



- एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट



# धर्म, जाति के भेदभाव के बिना सबको गले लगाता है आरएसएस

## उपराष्ट्रपति बोले- समावेशी दृष्टिकोण ने संघ को सफल बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को कहा कि यह संगठन धर्म, जाति या भाषा के आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को गले लगाता है और यह विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस 'समावेशी दृष्टिकोण' ने आरएसएस और उसके संबद्ध संगठनों को स्थायी रूप से सफल बनाया है, जिससे राष्ट्र की सर्वांगीण प्रगति हुई है।

राधाकृष्णन ने 'एक्स' पर कहा कि विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रभक्त संगठन 100 वर्ष का हो चुका है। संघ का सबसे बड़ा योगदान ऐसे आत्मानुशासित और उत्तरदायी नागरिक हैं, जो सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा स्थापित किए जाने के बाद से, संघ ने युवाओं को मजबूत आंतरिक चरित्र निर्माण और निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सेवा परमो धर्मः के आदर्श से प्रेरित स्वयंसेवकों को चाहे बाढ़, अकाल, भूकंप या अन्य किसी भी आपदा का सामना करना पड़े, वे बिना किसी अपेक्षा या आदेश की प्रतीक्षा के, संगठित होकर पीड़ितों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह निस्वार्थ सेवा राष्ट्र के लिए एक अद्वितीय और अमूल्य उपहार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा करते हुए कभी धर्म, जाति या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस महान यात्रा में संघ की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही है और समय के साथ उसकी यह प्रेरक भूमिका निरंतर बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर मैं समाज की सेवा में उसके निरंतर योगदान और राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और प्रगति के महान उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



- सेवा परमो धर्मः के आदर्श से प्रेरित है स्वयंसेवक

### नड्डा ने की राष्ट्र निर्माण में आरएसएस के अद्वितीय योगदान की सराहना

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक समूह (आरएसएस) ने युवाओं को अपने जीवन का हर पल मातृभूमि की सेवा में समर्पित करने के लिए प्रेरित करके राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया है। 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित आरएसएस के 100 साल पूरे हो गए हैं। इस संगठन को सत्तारूढ़ भाजपा का वैचारिक स्रोत माना जाता है। नड्डा ने आरएसएस को सेवा, अनुशासन और राष्ट्रीय विचारों का प्रबल संवाहक बताया और असंख्य नागरिकों के लिए प्रेरणा का केंद्र बताया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि समाज में राष्ट्रीय विचारों का प्रसार कर समर्थ व अखण्ड भारत निर्माण के दिव्य ध्येय के साथ लोगों को जोड़ता यह संगठन असंख्य नागरिकों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

### राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा को समर्पित रहा संघ : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर कहा कि संगठन के कार्यकर्ता सभी सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित रहे हैं। शाह ने कहा कि शीर्ष नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक, संघ ने अपनी स्थापना के इन 100 वर्षों में कई व्यक्तित्वों को गढ़ा है। विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। संघ शताब्दी की इस विशाल यात्रा में मां भारती की सेवा, सुरक्षा और संवेदना के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देने वाले आरएसएस के सभी साधकों को नमन करता हूं। सभी सुख-वैभव को त्यागकर एक स्वयंसेवक और प्रचारक के रूप में पूरा जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर देना आसान नहीं है।

### अच्छे लोग राजनीति से दूर रह रहे हैं : कोविंद

**नागपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस बात पर अफसोस जताया कि अच्छे लोग राजनीति से दूर रह रहे हैं और उन्होंने युवाओं से देश के राजनीतिक परिदृश्य का हिस्सा बनने का आह्वान किया। यहां रेशिमबाग मैदान में आरएसएस की वार्षिक विजयादशमी रैली को मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उनके जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मैं डॉ. आंबेडकर और डॉ. हेडगेवार द्वारा साझा की गई राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के मूल्यों से प्रेरित हुआ। संघ में न तो जातिवाद है और न ही भेदभाव। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि संघ संस्थापक के विचारों ने उन्हें समाज और राष्ट्र को स्पष्ट रूप से समझने में मदद की।

# मोहन भागवत का उद्बोधन प्रेरक : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के वार्षिक विजयादशमी संबोधन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया और कहा कि उन्होंने भारत की नई ऊंचाइयों को छूने की अंतर्निहित क्षमता को उजागर किया।

मोदी ने एक्स पर लिखा कि परम पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने प्रेरक उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण में संघ के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला है। उन्होंने भारतवर्ष के उस सामर्थ्य को भी रेखांकित किया है, जो देश को सशक्त बनाने के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के लिए भी कल्याणकारी है। मोदी 1980 के दशक में भाजपा में शामिल होने से पहले आरएसएस के प्रचारक थे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हिंदू समाज की शक्ति और चरित्र एकता की गारंटी देते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदू समाज में हम और वे की अवधारणा कभी अस्तित्व में नहीं रही। उन्होंने 'स्वदेशी' (देशीय संसाधनों का उपयोग) और 'स्वावलंबन' (आत्मनिर्भरता) का समर्थन करते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद विभिन्न देशों द्वारा अपनाए गए रुख से भारत के साथ उनकी मित्रता के स्वरूप और प्रगाढ़ता का पता चला।



- मोदी बोले- सरसंघचालक ने राष्ट्र निर्माण में संघ के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला

## फारूकी की हत्या की सुपारी लेने वाले दो गैंगस्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चारण गिरोह के दो सदस्यों को गुरुवार सुबह जैतपुर-कालिंदी कुंज रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी की हत्या की सुपारी दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी राहुल और साहिल है जो हरियाणा के पानीपत और भिवानी के हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों को विदेश में रहने वाले माफिया रोहित गोदारा से निर्देश मिलते थे, जो गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चारण के साथ मिलकर फारूकी की हत्या की साजिश रच रहा था। उन्होंने मुंबई और बेंगलुरु में फारूकी पर नजर रखी। फारूकी ने 2024 में रियलिटी शो 'बिग बॉस' जीता था और इंस्टाग्राम पर 1.42 करोड़ 'फॉलोअर्स' हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, नौ की मौत

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में विजयादशमी पर गुरुवार को दुर्गा देवी की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से कम से कम नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इंदौर (ग्रामीण) रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग ने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब पंधाना क्षेत्र में दुर्गा देवी की मूर्तियों को विसर्जन के लिए जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली श्रद्धालुओं समेत तालाब में पलट गई। उन्होंने बताया कि अब तक तालाब से नौ श्रद्धालुओं के शव निकाले जा चुके हैं। पुलिस और प्रशासन के साथ ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचाव अभियान जारी है। एसडीआरएफ के एक और दल को मौके पर भेजा गया है।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग पंडालों में नवदुर्गा उत्सव के दौरान स्थापित मूर्तियों को तालाब में विसर्जित करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हमें पता चला है कि हादसे के बाद पांच-छह श्रद्धालु तालाब से जीवित बाहर आ गए है, अन्य लापता हुए लोगों की तलाश जारी है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि हादसे के कारण का पता लगाया जा रहा है।

- पुलिस और प्रशासन के साथ एसडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम तैनात

## मोबाइल गेम खेलने पर डांटने से नाराज किशोर ने दी जान

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर में किशोर ने मोबाइल गेम खेलने पर अपनी बहन द्वारा डांटे जाने के बाद घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घटना की सूचना बुधवार को स्थानीय पुलिस थाने को दी गई थी।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा कि आदर्श नगर निवासी 15 वर्षीय किशोर ने अपनी बड़ी बहन से हुई बहस के बाद अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। कक्षा नौ के छात्र को तुरंत निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि किशोर के पिता सोनीपत के कुंडली स्थित एक कंपनी में काम करते हैं।

# उच्च नैतिक मूल्यों से ईमानदारी करें न्यायाधीश : हाईकोर्ट

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात हाईकोर्ट ने न्यायाधीशों से उच्च नैतिक मूल्यों के साथ पूरी ईमानदारी बरतने का आह्वान किया। हाईकोर्ट ने कहा कि किसी न्यायाधीश के पूरे सेवा रिकॉर्ड में उनके खिलाफ एक भी प्रतिकूल टिप्पणी या उनकी निष्ठा पर सवाल 'अनिवार्य सेवानिवृत्ति' के लिए पर्याप्त आधार है।

न्यायमूर्ति ए एस सुपेहिया और न्यायमूर्ति एल एस पीरजादा की पीठ ने मंगलवार को सुनाए गए अपने आदेश में कहा कि ऐसे न्यायिक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करना भी आवश्यक नहीं है, क्योंकि जनहित में अनिवार्य सेवानिवृत्ति देना दंड के समान नहीं है। याचिकाकर्ता जेके आचार्य एक तदर्थ सत्र न्यायाधीश थे और उन्हें नवंबर 2016 में उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत द्वारा 17 अन्य सत्र न्यायाधीशों के साथ अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। उनकी याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रत्येक न्यायाधीश को अपने न्यायिक कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा, निष्पक्षता और बौद्धिक ईमानदारी के साथ करना चाहिए, क्योंकि वह जनता के विश्वास का पद धारण करते हैं।

उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि सम्पूर्ण सेवा रिकॉर्ड में एक भी प्रतिकूल टिप्पणी या संदिग्ध निष्ठा, किसी न्यायिक अधिकारी को जनहित में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने के लिए पर्याप्त है। किसी भी पदोन्नति या उच्च वेतनमान/चयन ग्रेड प्रदान करने का अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे न्यायिक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने की आवश्यकता नहीं है। उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत के न्यायाधीश किसी न्यायिक अधिकारी को उनकी सामान्य साख के आधार पर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर सकते हैं, भले ही उनके विरुद्ध कोई ठोस सबूत न हो, और ऐसे आदेश की न्यायिक समीक्षा केवल अत्यंत सीमित आधारों पर ही स्वीकार्य है। आचार्य को 17 अन्य सत्र न्यायाधीशों के साथ अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी, जो उस समय उच्च न्यायालय की नीति का हिस्सा था। इसके तहत 50 और 55 वर्ष की आयु के न्यायाधीशों का मूल्यांकन किया जाता था तथा जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया जाता था उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाता था।

आचार्य ने इस फैसले के साथ राज्य सरकार और राज्यपाल द्वारा इसे लागू करने की कार्रवाई को भी चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि जनहित या प्रशासन के हित में अनिवार्य/समयपूर्व सेवानिवृत्ति का आदेश कोई सजा नहीं है। हाईकोर्ट की पूर्ण अदालत द्वारा जनहित में न्यायिक अधिकारी को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने का निर्णय सभी न्यायाधीशों के सामूहिक विवेक को दर्शाता है।



- सेवानिवृत्त न्यायाधीश की याचिका को गुजरात हाईकोर्ट ने किया खारिज

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइली हमलों में गाजा में मारे गए 40 फिलिस्तीनी

**दीर अल-बलाह।** गाजा में बुधवार रात से बृहस्पतिवार तक इजराइली हमलों और गोलीबारी में कम से कम 40 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। नासिर अस्पताल के अनुसार दक्षिणी गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 27 लोग मारे गए। वहां के अधिकारियों ने बताया कि उनमें से 14 लोग एक इजराइली सैन्य गलियारे में मारे गए, जहां मानवीय सहायता वितरण के दौरान अक्सर गोलीबारी होती रही है। मध्य शहर दीर अल-बलाह में स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में 13 लोग मारे गए हैं।

### तुर्किये के इस्तांबुल में पांच तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्किये के इस्तांबुल और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बृहस्पतिवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप के कारण लोग घबराकर इमारतों से बाहर निकले तथा विद्यालयों को खाली करना पड़ा, लेकिन किसी प्रकार के नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी एएफएडी के मुताबिक शुरुआती जानकारी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता पांच थी और इसका केंद्र तेकिरदाग प्रांत के पास मरमारा सागर में केंद्रित था।

### हाउसेस ऑफ हैम्पस्टेड ने बनाया नया रिकॉर्ड

**लंदन।** गोवा के मशहूर चित्रकार फ्रांसिस न्यूटन सूजा की कलाकृति 'हाउसेज इन हैम्पस्टेड' ने कला जगत में नीलामी का नया रिकार्ड बनाया है। लंदन में सोथबी की नीलामी में यह कलाकृति 75 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक में बिकी, जो इसकी निर्धारित कीमत से लगभग सात गुना अधिक है। मंगलवार को आयोजित 'आधुनिक एवं समकालीन दक्षिण एशियाई कला' नीलामी में बॉम्बे प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप के संस्थापक सदस्य सूजा की एक अन्य कलाकृति 'एंपरर' भी निर्धारित कीमत से पांच गुना अधिक राशि यानी 69 लाख अमेरिकी डॉलर में बिकी।

### उष्णकटिबंधीय तूफान फिलीपींस की ओर बढ़ा

**हांगकांग।** उष्णकटिबंधीय तूफान मैटमो बृहस्पतिवार को फिलीपींस के करीब पहुंच गया और सप्ताहांत में इसके चीन की ओर बढ़ते समय विकराल रूप धारण करने की आशंका है। इस क्षेत्र में एक हफ्ते पहले ही रागासा तूफान आया था जो पिछले कई वर्षों में एशिया से टकराने वाले सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक था। मैटमो के कारण अधिकतम 65 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।

# इंडोनेशिया : स्कूल के मलबे में दबे सैकड़ों छात्रों की तलाश अभी जारी

**जकार्ता, एजेंसी**

• **तीन दिन पहले अचानक ढह गई थी सौ साल पुराने स्कूल की इमारत**

इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के सिदोअर्जो में तीन दिनों से मलबे में दबे सैकड़ों छात्रों की तलाश में राहत और बचाव दल जुटे हुए हैं। हालांकि माना जा रहा है कि अब कोई जीवित नहीं बचा होगा।

सोमवार दोपहर की नमाज के दौरान स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिर गया था जिसके मलबे की चपेट में ये छात्र आ गए थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 100 साल पुराने अल खोजिनी बोर्डिंग स्कूल के मलबे में अधिकारियों ने छह छात्रों को जीवित निकाल लिया था और तथा फंसे हुए अन्य छात्रों को भोजन, पानी और ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है। इंडोनेशिया के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (बीपीबीडी) ने मंगलवार देर रात कहा था कि कुल मिलाकर कम से कम 91 लोग लापता हैं।

इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी (बसारनास) के अनुसार, इस घटना में कम से कम 100 लोग घायल हुए हैं। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जीवित बचे लोगों तक पहुंचने के लिए समय कम होता जा रहा है क्योंकि घटना को हुए तीन दिन हो चुके हैं।

# स्कूबा डाइविंग के दौरान नहीं, तैरते समय हुई थी जुबीन की मौत

## सिंगापुर पुलिस ने अपने प्रारंभिक निष्कर्षों के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट भारतीय उच्चायोग को सौंपी

**सिंगापुर, एजेंसी**



भारतीय गायक जुबीन गर्ग की पिछले महीने सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय मौत हुई थी न कि स्कूबा डाइविंग के दौरान जैसा कि पहले बताया गया था। सिंगापुर के एक अस्पताल की ओर से जारी रिपोर्ट में डूबने को जुबीन की मौत का कारण बताया गया था।

पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के आयोजन के लिए सिंगापुर आए जुबीन गर्ग की 19 सितंबर को मौत हो गई थी। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार की एक खबर के मुताबिक, सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने कहा कि उन्होंने भारत के उच्चायोग को गर्ग की मौत से संबंधित प्रारंभिक निष्कर्षों के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट की एक प्रति सौंप दी है। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि उसे रिपोर्ट प्राप्त हुई है। सूत्र के अनुसार रिपोर्ट में कहा गया है कि असम निवासी गर्ग की डूबने के कारण मौत हुई।

एसपीएफ ने पहले 52 वर्षीय गर्ग की मौत में किसी तरह की आपराधिक साजिश की संभावना से इनकार किया था। अखबार ने यहां लिमन लॉ कॉरपोरेशन के सहायक निदेशक एन काई लिंग के हवाले से कहा, जुबीन गर्ग के मामले में एक कोरोनर की जांच डूबने से पहले के घटनाक्रमों को स्पष्ट कर सकती है। कोरोनर एक न्यायिक अधिकारी होता है, जिसका काम मृत्यु के कारणों और परिस्थितियों की आधिकारिक जांच करना होता है। सिंगापुर के अखबार के अनुसार, सहायक निदेशक ने यह भी कहा कि आपराधिक साजिश शब्द की कोई वैधानिक परिभाषा नहीं है, लेकिन एसपीएफ का प्रारंभिक बयान यह दर्शाता है कि उन्हें संदेह नहीं है कि गर्ग की हत्या की गई थी या उनकी मौत किसी आपराधिक हिंसा के कारण हुई थी।

### असम: जुबिन के प्रबंधक और महोत्सव आयोजक पर हत्या का आरोप

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने सिंगापुर में गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत पर हत्या का आरोप लगाया है। शर्मा और महंत को बुधवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के स्पेशल डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुवाहाटी की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद उनसे पूछताछ जारी है। गुप्ता ने कहा, जांच जारी है और मैं ज्यादा जानकारी साझा नहीं कर सकता। हमने अब प्राथमिकी में बीएनएस की धारा-103 जोड़ दी है। बीएनएस की धारा-103 हत्या के लिए सजा से संबंधित है। इसमें हत्या के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद या मौत की सजा और जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

# पाकिस्तान में 46 प्रतिशत बढ़ी हिंसा खैबर पख्तूनवा सबसे ज्यादा प्रभावित

## आम लोगों और सुरक्षाकर्मियों समेत इस साल अब तक ढाई हजार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में 2025 की तीसरी तिमाही में हिंसा में कुल 46 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसमें खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र रहा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में हिंसा की घटनाओं में इस साल अब तक ढाई हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

'द न्यूज' ने 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) की ओर से नवीनतम आंकड़ों के आधार पर खबर दी है कि पाकिस्तान में आतंकी हमलों और आतंकवाद रोधी अभियानों समेत हिंसा की 329 घटनाओं में कम से कम 901 लोगों की जान गई है और 599 लोग घायल हुए हैं जिनमें सुरक्षा कर्मी, आम नागरिक और आतंकवादी शामिल हैं। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त आई है जब क्वेटा के फ्रंटियर कोर मुख्यालय के पास मंगलवार को हुए एक आत्मघाती हमले में 11 लोग मारे गए।

सीआरएसएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि तीसरी तिमाही तक यह वर्ष पिछले साल के समान ही घातक साबित हुआ है। इस साल अबतक 2,414 मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि 2024 में 2,546 मौतें दर्ज की गई थीं। तीसरी तिमाही में हुई कुल 901 मौतों में से 516 (57 प्रतिशत) आतंकवादियों की थीं, जबकि 385 नागरिक और सैन्यकर्मी मारे गए। इनमें से 219 नागरिक (24 प्रतिशत) मारे गए, जबकि 166 (18 प्रतिशत) सुरक्षाकर्मी मारे गए।

अफगानिस्तान के साथ सीमा साझा करने वाले खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। देश भर में हुई आतंकी घटनाओं में से 96 फीसदी इन्हीं दो प्रांतों में हुई हैं।



### पीओजेके में गोलीबारी से आठ प्रदर्शनकारी मारे गए

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुज़फ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुज़फ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुज़फ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे। इस घटना में दो लोगों के मारे जाने की खबर है।

### शहबाज ने हल खोजने के लिए किया वार्ता समिति का विस्तार

**इस्लामाबाद।** पीओके में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को गहरी चिंता जताई, साथ ही हिंसक विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के वास्ते समाधान खोजने के लिए गठित वार्ता समिति का विस्तार किया है। जम्मू कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) और पीओके तथा संघीय सरकार के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा उठाए मुद्दों को हल करने में नाकाम रहने के बाद जेकेजेएएसी ने तीन दिन की हड़ताल की। इसके बाद शरीफ ने यह कदम उठाया। 'द न्यूज' की एक खबर के मुताबिक, पीओके में जारी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम छह नागरिकों और तीन पुलिस कर्मियों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनों में लगभग 172 पुलिस कर्मी जख्मी हुए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर बताई गई है।



सरकार के विरोध में प्रदर्शन करने वालों ने बड़े पैमाने पर आगजनी की।

### मोरक्को में हिंसक हुआ सरकार विरोधी प्रदर्शन दो लोगों की मौत



एक युवा प्रदर्शनकारी को ले जाती पुलिस।

**रबात।** मोरक्को में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी बुधवार को लगातार पांचवीं रात सड़कों पर उतरे। हालांकि, सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति को लेकर हुआ प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए दक्षिणी शहर में गोलीबारी की जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। मोरक्को की राजधानी रबात से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण स्थित लेक्लिया में ये मौतें हुई हैं। मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी 'एमएपी' ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए दो उपद्रवियों को गोली मार दी। कहा गया है कि जिन लोगों को गोली मारी गई, वे पुलिस के हथियार छीनने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि कोई भी प्रत्यक्षदर्शी इस खबर की पुष्टि नहीं कर सका। इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी गई।

# गाजा में मानवीय सहायता ले जा रहे जहाज इजराइल ने रोके

**यरुशलम, एजेंसी**



• **नौसेना ने हिरासत में लिए दर्जनों कार्यकर्ता, दुनिया भर में निंदा**

इजराइली नौसेना के सैनिक गाजा की नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एक बेड़े (फ्लोटिला) के अधिकांश जहाज़ों पर चढ़ गए और दर्जनों कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। दुनिया के तमाम देशों ने फ्लोटिला को रोके जाने की निंदा की है।

'द ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' नामक इस काफिले में लगभग 50 छोटे जहाज शामिल हैं, जिन पर करीब 500 लोग सवार हैं। यह काफिला गाजा के घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता ले जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से खाद्य सामग्री और दवाइयां शामिल हैं। फ्लोटिला ने कहा कि उनके 39 जहाज़ों को बृहस्पतिवार सुबह तक या तो रोक लिया गया या माना जा रहा है कि रोक लिया गया, क्योंकि कार्यकर्ताओं से संपर्क टूट गया है। यह कार्रवाई इज़राइल ने बुधवार रात शुरू की थी।

इस फ्लोटिला के आयोजकों ने कहा कि एक नौका आगे बढ़ गई थी लेकिन बृहस्पतिवार सुबह गाज़ा के तट के पास रुक गई और उसके बाद उस जहाज़ से संपर्क टूट गया। यह इजराइल की समुद्री नाकाबंदी तोड़ने का अब तक का सबसे बड़ा प्रयास है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें विश्वास था कि इतनी बड़ी संख्या में नावों के साथ, इज़राइली अधिकारियों के लिए सभी को रोकना अधिक कठिन होगा।

### इजराइल के खिलाफ कई देशों में प्रदर्शन

फ्लोटिला के समर्थक बुधवार देर रात नौकाओं को रोके जाने की खबर सामने आने के बाद, कई बड़े शहरों की सड़कों पर उतर आए। इनमें रोम, नेपल्स, इस्तांबुल, एथेंस और ब्यूनस आयर्स शामिल थे। इटली के सबसे बड़े मज़दूर संघ ने शुक्रवार को एक दिन की आम हड़ताल का आह्वान किया है। इजराइली सैनिकों ने दर्जनों कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और उन्हें फ्लोटिला से हटा दिया जिनमें ग्रेटा थनबर्ग, बार्सिलोना की पूर्व मेयर अदा कोलाऊ, यूरोपीय संसद सदस्य रीमा हसन और अन्य शामिल थे।

### इसी महीने शुरू होगी भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए इस महीने के अंत में चुनिंदा स्थानों से सीधी उड़ान सेवा की बहाली करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके बाद दोनों देशों के बीच पिछले पांच वर्ष से बंद सीधी उड़ान सेवाओं की बहाली का रास्ता साफ हो गया है।

विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों के बीच चल रही तकनीकी स्तर की चर्चा में सहमति बनी है कि दोनों देशों के निर्दिष्ट स्थानों को जोड़ने वाली सीधी उड़ान इस महीने के अंत तक फिर शुरू हो सकती है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में वर्ष 2020 में हुई हिंसक झड़प के बाद से सीधी उड़ान बंद है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के शुरू से भारत-चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों के तहत दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाओं को फिर शुरू करने पर चर्चा हो रही थी। अब यह सहमति बनी है कि भारत और चीन के निर्दिष्ट स्थानों को जोड़ने वाली सीधी हवाई सेवाएं इस महीने के अंत तक के कार्यक्रम के अनुसार फिर से शुरू की जा सकती है।

# अहिंसा के संदेश के साथ दुनिया भर में मनाई गई गांधी की जयंती

**मॉस्को/बीजिंग, एजेंसी**



• **कार्यक्रमों में गांधीवादी सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर डाला गया प्रकाश**

रूस, चीन, पाकिस्तान और कई अन्य देशों में भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी की 156वीं जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाई और शांति एवं अहिंसा के उनके सार्वभौमिक संदेश की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रूस की राजधानी मॉस्को के रामेनकी रेयान पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रूस के अधिकारी और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम मेंम मार्गेरिटा ने 21वीं सदी में आत्मनिर्भरता, सत्य और अहिंसा के गांधीवादी सिद्धांतों के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बीजिंग में, भारतीय दूतावास ने जिनताई कला संग्रहालय में गांधी जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया। राजदूत प्रदीप रावत ने पुष्पांजलि अर्पित की। संग्रहालय अध्यक्ष युआन शिकुन, उनकी पत्नी लुओ शियाओ, प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मैनचेस्टर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल पर आतंकवादी हमला, दो लोगों की मौत

**लंदन, एजेंसी**

• **पुलिस ने एक संदिग्ध हमलावर को मार गिराया, योम किप्पूर के मौके पर इकट्ठे हुए थे यहूदी**

ब्रिटेन के मैनचेस्टर में एक यहूदी प्रार्थना स्थल पर बृहस्पतिवार को हुए आतंकवादी हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। इस दौरान, पुलिस ने एक संदिग्ध को भी मार गिराया। यह हमला उस समय हुआ, जब लोग 'योम किप्पुर' के मौके पर एक यहूदी प्रार्थना स्थल पर इकट्ठे हुए थे।

'योम किप्पुर' यानी 'प्रायश्चित के दिन' को यहूदी कैलेंडर का सबसे पवित्र दिन माना जाता है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा कि उत्तरी इंग्लैंड के क्रम्पसॉल क्षेत्र में मिड्लटन रोड पर 'हीटन पार्क हिब्रू कॉन्ग्रिगेशन सिनेगॉग' में हुए हमले में घायल तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शुरू में इस हमले को एक बड़ी घटना बताया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद निरोधक कमान ने बाद में पुष्टि की कि पुलिस इस मामले को अब आतंकवाद निरोधक जांच के रूप में देख रही है और हमले के सिलसिले में दो गिरफ्तारियां की गई हैं।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के सहायक आयुक्त लॉरेंस टेलर ने कहा, हमें जो जानकारी मिली है, उसके आधार पर आतंकवाद-रोधी पुलिस ने इसे आतंकवादी घटना करार दिया है। पुलिस के मुताबिक, यहूदी प्रार्थना स्थल के बाहर तैनात एक सुरक्षाकर्मी सहित कुछ लोगों पर चाकू से हमला किया गया वहीं कई लोगों को एक कार से रौंद दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आंतरिक रूप से 'ऑपरेशन प्लेटो' शुरू करने की घोषणा कर दी, जिसका संचालन आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते समय करती हैं। सोशल मीडिया पर साझा की जा रही तस्वीरों में एक संदिग्ध को अपनी कमर पर कुछ बांधे हुए देखा जा सकता है। लंदन स्थित इजराइली दूतावास ने इस हमले को घृणित और बेहद दुखद करार दिया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अक्टूबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 18 .32 तक तत्पश्चात द्वादशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 09 .34 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज स्वभाव में चिड़चिड़ापन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। पेट में इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है। अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटाएंगे।

**वृष** — आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। प्रेमीजन की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं को घर में बहुत अधिक काम हो सकता है।

**मिथुन** — आज लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए। आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। शोध कार्यों में आपकी रूचि बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। विदेश जाने की संभावना बन रही है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं।

**सिंह** — आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को अत्यधिक महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कर लेंगे। घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे।

**कन्या** — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। प्रेम-संबंधों को लेकर विचलित न हों। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे। नए विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे।

**तुला** — आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। दिखावे से आपको दूर रहना चाहिए। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** — आज आय के साधन बढ़ सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के वातावरण में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। मीडिया से जुड़े लोग बड़ी बहादुरी के साथ अपना काम करेंगे। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** — आज उच्च शिक्षा में आप भाग लेंगे। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें। प्रेम-संबंधों को लेकर परिजन कुछ नाखुश हो सकते हैं। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

**मकर** — आज दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी होगी। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। वाहन में खराबी आ सकती है।

**कुंभ** — आज स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यधिक आत्मविश्वास में रहेंगे। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। कारोबार में सुधार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज अविवाहित लोगों को विवाह के संबंध मिल सकते हैं। नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं।

## सुडोकू-118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |



> यही वह कीमत थी जो मैं चाहता था और अगर ये पूरी नहीं होती है तो मैं करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। नीलामी से कुछ दिन पहले नाम वापस लेने वाला था, चूंकि मैंने नीलामी में भाग लेने का वादा ककया था। –आर अश्विन, पूर्व क्रिकेटर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# भारतीय टीम ने पहले ही दिन कसा शिकंजा

## अहमदाबाद टेस्टः मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह के सामने वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रनों पर सिमटी, मेजबानों का ठोस जवाब

**अहमदाबाद, एजेंसी**

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (चार विकेट) और जसप्रीत बुमराह (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को पहली पारी में 162 रन पर समेटने के बाद केएल राहुल (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने स्टंप्स के समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। हालांकि वह अभी भी वेस्टइंडीज के बनाये गये स्कोर से 41 रन पीछे है।

वेस्टइंडीज को समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 19वें ओवर में जेडेन सील्स ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी जायसवाल ने 54 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 36 रन बनाये। भारत का दूसरा विकेट साई सुदर्शन (सात) के रूप में गिरा। उन्हें रॉस्टन चेज ने पगबाधा आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने पहली पारी में दो विकेट पर 121 रन बना लिये है और केएल राहुल नाबाद 53 और शुभमन गिल नाबाद 18 रन क्रीज पर मौजूद है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक विकेट लिये।


अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद मैदान से बाहर जाते भारतीय कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल।

इससे पहले वेस्ट इंडीज का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उसके मन-माफिक नहीं रहा। भारतीय तेज गेंदबाज जोड़ी ने उसकी पारी को बिखेर दिया। रही-सही कसर चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने दो विकेट लेकर पूरी कर दी। सिराज ने 40 रन पर चार विकेट, बुमराह ने 42 रन पर तीन विकेट, कुलदीप ने 25 रन पर दो विकेट और वाशिंगटन सुंदर ने नौ रन पर एक विकेट लिया। भारत ने लंच ब्रेक तक ही वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया था और लंच के तुरंत बाद ही सिराज ने एक और सफलता दिलाई। हालांकि इस सत्र में वॉशिंगटन और बुमराह ने भी गेंद के साथ अहम भूमिका निभाई और खासकर बुमराह ने अपनी सटीक यॉर्कर से सेट बल्लेबाज ग्रीव्स को बोल्ड किया।

सिराज को चार विकेट से संतुष्ट रहना पड़ा लेकिन उनके योगदान से भारत मैच में पहले दिन ही काफी आगे हो गया है। वेस्टइंडीज की टीम दो सत्रों में ही ऑल आउट हो गई। उन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह उनकी योजना नहीं थी। सिराज ने भारत के लिए लय तय की क्योंकि उन्होंने पहले चार में से तीन विकेट चटकाए। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत में कप्तान रोस्टन चेज को आउट करने के लिए एक जाफ़ा भी लगाया। ग्रीव्स ने थोड़ा संघर्ष दिखाया, लेकिन बुमराह ने उन्हें शानदार गेंदबाजी से बोल्ड कर दिया। इसके बाद बहुत कम समय बचा क्योंकि भारत की तेज गेंदबाज जोड़ी ने मिलकर सात विकेट लिए। कुलदीप ने अपना दूसरा विकेट लेकर पारी का अंत किया। कुछ अच्छी पारियों के अलावा, वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी प्रदर्शन बेहद खराब रहा क्योंकि किसी भी बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जरूरी धैर्य और लचीलापन नहीं दिखाया। जस्टिन ग्रीव्स ने 32, शाई होप ने 26 और कप्तान रोस्टन चेज ने 24 रन बनाए।

### ग्रीन विकेट पर गेंदबाजी करके काफी रोमांचित हूं : सिराज



वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में चार विकेट लेने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि लंबे ब्रेक के बाद हरी विकेट पर गेंदबाजी करके उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज ने उसी लय को कायम रखते हुए 40 रन देकर चार विकेट लिए। सिराज ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि ग्रीन विकेट पर गेंदबाजी करके काफी रोमांचित हूं। भारत में टेस्ट क्रिकेट में अक्सर ऐसी विकेट नहीं मिलती। पिछली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में ऐसी विकेट मिली थी तो इस पर गेंदबाजी करके काफी रोमांचित महसूस कर रहा हूं। टेस्ट से पहले पिच पर घास थी जिसकी छंटनी की गई लेकिन नई गेंद से इस पर मदद मिल रही है।

| वेस्टइंडीज : 162/10 (44.1 ओवर) | पहली पारी |
|---|---|
| जॉन कैंपबेल का जुरेल बो बुमराह | 08 |
| तेगनारायण चंद्रपॉल का जुरेल बो बुमराह | 00 |
| ऐलेक ऐथेनाज का राहुल बो सिराज | 12 |
| ब्रैंडन किंग बो सिराज | 13 |
| रॉस्टन चेज का जुरेल बो सिराज | 24 |
| शाई होप बो कुलदीप | 26 |
| जस्टिन ग्रीव्स बो बुमराह | 32 |
| खारे पिएरे पगबाधा सुंदर | 11 |
| जोमेल वारिकन का जुरेल बो कुलदीप | 08 |
| जोहान लेन बो बुमराह | 01 |
| जेडेन सील्स नाबाद | 06 |

**गेंदबाजी :** बुमराह 14-3-42-3, सिराज 14-3-40-4, रेड्डी 4-1-16-0, जडेजा 3-0-15-0, कुलदीप 6.1-0-25-2, सुंदर 3-0-9-1

| भारत : 121/2 (38 ओवर) | पहली पारी |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का होप बो सील्स | 36 |
| लोकेश राहुल खेल रहे हैं | 53 |
| साई सुदर्शन पगबाधा चेज | 07 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 18 |

**गेंदबाजी :** सील्स 8-2-21-1, लायने 6-0-14-0, ग्रीव्स 4-2-19-0, वारिकन 6-2-21-0, पियरे 9-0-25-0, चेज 5-0-16-1

## हाईलाइट

### अपोलो ने क्रिकेट जर्सी के लोगो का किया अनावरण

**अहमदाबाद :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ हाल ही में हुई प्रतिष्ठित 3-वर्षीय रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद, अपोलो टायर्स ने आज अहमदाबाद, भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच से पहले पहली बार भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की जर्सी पर अपने लोगो का अनावरण किया। यह साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि दो दिन पहले ही अपोलो टायर्स का लोगो पहली बार गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान महिला टीम की जर्सी की आस्तीन पर प्रमुखता से दिखाई दिया था। पुरुष और महिला दोनों टीमों की जर्सी पर अपोलो टायर्स के लोगो की उपस्थिति खेल के समर्थन और देश के जुनून का जश्न मनाने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### भारत-श्रीलंका मैच में बना दर्शक संख्या का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली :** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाकिस्तान आईसीसी महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था।

### नामीबिया-जिम्बाब्वे ने किया क्वालीफाई

**दुबई :** नामीबिया और जिम्बाब्वे ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। दोनों टीमें हरारे में अफ्रीका क्षेत्रीय फाइनल के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। नामीबिया ने पहले सेमीफाइनल में तंजानिया को हराया जबकि जिम्बाब्वे ने कीनिया को मात दी। फरवरी मार्च 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप में दोनों टीमों ने अफ्रीका से क्वालीफाई किया। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि अब अगले साल होने वाले इस टूर्नामेंट के लिये एशिया . ईएपी क्वालीफायर से तीन कोटा स्थानों का निर्धारण होना है।

### भारतीय जू. हॉकी टीम कैनबरा चिल से हारी

**कैनबरा :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी मैच में कैनबरा चिल ने 5 . 4 से हरा दिया । भारत के लिये सुखवीर कौर (छठा मिनट), कनिका सिवाच (42वां), सुनेलिटा टोप्पो (54वां) और इशिका (57वां) ने गोल किये । वहीं कैनबरा चिल के लिये कान्हेस लौरेन यि (12वां और 19वां), कानहेस जोसी ल्यूटन (24वां), हंटर बाल्डविन (28वां) और अमुकॉटन (34वां) ने गोल दागे । भारत ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर सुखवीर के गोल के दम पर बढत बना ली लेकिन कुछ मिनटों बाद ही लौरेन ने बराबरी का गोल दाग दिया और 19वें मिनट में आस्ट्रेलिया की टीम को को बढत भी दिला दी । जोसी और बाल्डविन ने भी फील्ड गोल करके आस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा भारी कर दिया । तीसरे क्वार्टर में कैनबरा चिल ने चौथा और पांचवां गोल किया । भारत के लिये कनिका ने 42वें मिनट में गोल दागा जबकि आखिरी क्वार्टर में सुनेलिटा और इशिका ने गोल किये लेकिन भारतीय टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी ।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पारी व 58 रनों से रौंदा

**अंडर 19**

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया। टॉम होगन (तीन), जॉन जेम्स 10 रन बनाकर आउट हुये। आर्यन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने टॉम पैडिंगटन (एक) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का 127 के स्कोर पर अंत कर दिया।

हेडन शिलर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने 8.3 ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट विकेट लिये। खिलन पटेल ने 10 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार को दो-दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 243 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारतीय टीम ने वेदांत त्रिवेदी (140) और वैभव सूर्यवंशी (113) की शतकीय पारियों के दम पर 428 का स्कोर बनाया था।



## बीएफआई कप

### अमित पंघाल, मंजू रानी अगले दौर में

**चेन्नई।** एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता सेना के मुक्केबाज अमित पंघाल पंजाब के स्पर्श कुमार को 5-0 से हराकर बीएफआई कप एलीट पुरूष वर्ग के अगले दौर में पहुंच गए हैं। एलीट महिला वर्ग में विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता रेलवे की मंजू रानी और युवा विश्व चैंपियन असम की अंकुशिता बोरो और सेना की अरूंधति चौधरी ने भी जीत दर्ज की। सेना के एस विश्वनाथ (50 किलो) और प्रीत मलिक (65 किलो) भी 5 . 0 से जीत दर्ज करके अगले दौर में पहुंच गए। रेलवे के रवि कुमार (75 किलो) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किलो) ने भी अगले दौर में प्रवेश किया।

# विदर्भ के 342, शेष भारत को पाटीदार का सहारा


शेष भारत के ईश्वरन का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते विदर्भ के पार्थ रेखाड़े।

**नागपुर, एजेंसी**

आकाश दीप और मानव सुथार (तीन-तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शेष भारत ने गुरुवार को विदर्भ को पहली पारी में 342 रनों पर रोकने के बाद अभिमन्यु ईश्वरन (52) और रजत पाटीदार (नाबाद 42) की पारियों के दम पर स्टंप्स के समय पांच विकेट पर 142 रन बना लिए है।

बल्लेबाजी करने उतरी शेष भारत के लिए अभिमन्यु ईश्वरन और आर्यन जुयाल की जोड़ी ने पहली पारी के लिए 52 रन जोड़े। 20वें ओवर में दर्शन नालकंडे ने आर्यन जुयाल को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल 11 रन बनाकर आउट हुये। शेष भारत का तीसरा विकेट अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में गिरा। उन्हें पार्थ ने पगबाधा आउट किया। ईश्वरन ने 52 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ (9) और ईशान किशन एक रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय शेष भारत ने पांच विकेट पर 142 रन बना लिए है। रजत पाटीदार और मानव सुथार क्रीज पर मौजूद है। विदर्भ के लिए पार्थ रेखड़े ने दो और दर्शन नालकंडे, हर्ष दुबे, यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले विदर्भ ने कल के पांच विकेट पर 280 रन से आगे खेलना शुरु किया। विदर्भ का छठा विकेट 249 के स्कोर पर यश ठाकुर (11) के रूप में गिरा। हर्ष दुबे (शून्य) और दर्शन नालकंडे 20 रन बनाकर आउट हुये। सारांश जैन ने 99वें ओवर में अथर्व तायडे को आउटकर शेष भारत को बड़ी सफलता दिलाई। अथर्व तायडे ने 283 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए 143 रनों की पारी खेली। इसके बाद सारांश जैन ने आदित्य ठाकरे (दो) को आउटकर विदर्भ की पारी का 101.4 ओवर में 342 के स्कोर पर अंत कर दिया। शेष भारत के लिए आकाश दीप और मानव सुथार ने (तीन-तीन) विकेट लिये। सारांश जैन को दो विकेट मिले। अंशुल कम्बोज और गुरनूर बरार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अनुशासित गेंदबाजी से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

**आईसीसी महिला विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**

रूबिया हैदर के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर की अगुवाई में गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने आईसीसी महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में गुरुवार को पाकिस्तान को सात विकेट से हराया।

रूबिया ने 77 गेंद में नाबाद 54 रन बनाए। उन्होंने कप्तान निगार सुल्ताना (23 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी भी की। बांग्लादेश ने 130 रन का लक्ष्य 113 गेंद बाकी रहते 31.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान को अब रविवार को भारत से खेलना है, जिसने पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया है। बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज फरजाना हक और शरमीन अख्तर के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रूबिया ने शुरू में संभलकर खेला। एक बार क्रीज पर जमने के बाद उन्होंने खुलकर स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने 19वें ओवर में पाकिस्तान की अनुभवी स्पिनर नशरा संधू को तीन चौके लगाकर पाकिस्तान को पूरी तरह से दबाव में ला दिया।



इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 38.3 ओवर में 129 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के लिये 20 वर्ष की तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर ने 31 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने पहले ही ओवर में ओमाइमा सोहेल और सिदरा अमीन को आउट करके पाकिस्तान को करारे झटके दिए। पाकिस्तान का स्कोर पहले ओवर के बाद दो रन पर दो विकेट था। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर ने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (17) और रमीन शमीम (23) को पावरप्ले के ओवरों के ठीक बाद पवेलियन भेजा। पाकिस्तान का स्कोर पावरप्ले के ओवरों के बाद दो विकेट पर 41 रन था। अपने करियर का 27वां वनडे खेल रही मारूफा ने नई गेंद से कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने पहले भीतर की ओर आती फुललैंग्थ गेंद पर ओमाइमा का लेग स्टम्प उखाड़ दिया और अगली गेंद पर सिदरा का कीमती विकेट लिए। फॉर्म में चल रही सिदरा शॉट लगाने की कोशिश में चूकी और गेंद उनके लेग स्टम्प पर जा लगी। पाकिस्तान की दूसरी सलामी बल्लेबाज मुनीबा ने चौथे ओवर में स्पिनर निशिता अख्तर निशि को दो चौके लगाए, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सकी। पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 44 रन हो गया। रमीन शमीम भी दो ओवर बाद आउट हो गई। पाकिस्तान का स्कोर 14वें ओवर के बाद 4 विकेट पर 47 रन था। पाकिस्तान के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। पाकिस्तान ने 100 रन 30वें ओवर में पूरे किए।

# मनीष और वैष्णवी सेमीफाइनल में

**फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त वैष्णवी अदकर ने गुरुवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैचों में जीत दर्ज करते हुए 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व चैंपियन मनीष को रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के नितिन कुमार सिन्हा ने कड़ी मेहनत करने पर मजबूर किया और तीन घंटे से ज़्यादा चले मुकाबले में 1-6, 6-1, 7-6 से जीत हासिल की। पहला सेट हारने के बाद, तमिलनाडु के खिलाड़ी ने लय हासिल कर मैच बराबर किया और फिर निर्णायक सेट के तनावपूर्ण टाईब्रेकर में संयम बनाए रखते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। महिला एकल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने सातवीं वरीयता प्राप्त पंजाब की साहिरा सिंह को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराकर अपना दबदबा दिखाया। 2025 विश्व विश्वविद्यालय खेलों की कांस्य पदक विजेता ने पहले सेट में निर्णायक क्षणों में साहिरा की सर्विस तोड़ी और फिर दूसरे सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बाद में महिला एकल में, कर्नाटक की सोहा सादिक ने हरियाणा की अदिति रावत को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने कई ड्यूस मुकाबलों को पार करते हुए एक घंटे 35 मिनट में 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में, पश्चिम बंगाल के चौथी वरीयता प्राप्त इशाक इकबाल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के सातवीं वरीयता प्राप्त अजय मलिक को 6-1, 6-2 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। लड़कियों के अंडर-18 एकल वर्ग में कर्नाटक की स्निग्धा कांता ने नंबर-1 को हराकर उलटफेर किया। तमिलनाडु की पहली वरीयता प्राप्त दीया रमेश ने लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-3 से जीत हासिल की।

**फुटबॉल**

**अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर ने की टूर इंडिया 2025 में अपनी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि**

# भारत फिर से आना सम्मान की बात : मेसी


लियोनेल मेसी

**कोलकाता, एजेंसी**

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने 'जीओएटी (सर्वकालिक महान खिलाड़ी) टूर इंडिया 2025 में अपनी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि भारत जैसे 'फुटबॉल के जुनूनी देश' में दोबारा आना उनके लिए 'सम्मान' की बात है। मेस्सी ने पिछली बार भारत में 14 साल पहले (2011) खेला था।

मेसी ने कहा कि यह यात्रा करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। भारत एक बहुत खास देश है और 14 साल पहले मैंने जो समय यहां बिताया था, उसकी अच्छी यादें मेरे साथ है। वहां प्रशंसक शानदार थे। भारत फुटबॉल को लेकर जुनूनी देश है। मैं इस खूबसूरत खेल के प्रति अपने लगाव को साझा करते हुए प्रशंसकों की नई पीढ़ी से मिलने के लिए उत्सुक हूं। आयोजकों ने 15 अगस्त को पहले ही यात्रा कार्यक्रम का अनावरण कर दिया था और गुरुवार को मेसी के बयान ने इसकी पुष्टि भी कर दी। मेसी अपनी चार शहरों की यात्रा की शुरुआत 13 दिसंबर को कोलकाता से करेंगे, जिसके बाद वह अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली जाएंगे। इस यात्रा का समापन 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ होगा। अर्जेंटीना का यह सुपरस्टार इस दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों की शिरकत करेगा। इनमें कॉन्सर्ट, मुलाकात का सत्र, फूड फेस्टिवल, फुटबॉल मास्टरक्लास और यहां तक कि मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में एक पैडल प्रदर्शनी भी शामिल है।

### सॉल्ट लेक स्टेडियम करेगा दिग्गज की मेजबानी

कोलकाता में मेसी का कार्यक्रम सॉल्ट लेक स्टेडियम में होगा। यह स्टेडियम दूसरी बार इस दिग्गज की मेजबानी करेगा। जहां वह 13 दिसंबर को जीओएटी कॉन्सर्ट और जीओएटी कप का हिस्सा बनेंगे। मेसी के जीओएटी कप में सौरव गांगुली, बाईचुंग भूटिया और लिएंडर पेस जैसे भारतीय खेल नायकों के साथ मैदान साझा करने की उम्मीद है। आयोजक दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान एक 25 फुट ऊँचा भित्ति चित्र का अनावरण करने की भी योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही मेसी की अब तक की सबसे बड़ी मूर्ति का उद्घाटन भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए टिकटों की कीमत 3,500 रुपये से शुरू होने की उम्मीद है। मेसी ने 2011 में सॉल्ट लेक में वेनेजुएला के खिलाफ फीफा के मैत्री मैच में अर्जेंटीना की कप्तानी की थी।